www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 6:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 11.04 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 16.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73745.35 |
| निफ्टी | 22338.80 |
| सोना | 63,160 |
| चांदी | 71,785 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 2 मार्च 2024 | 19 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 74 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



न्यूजीलैंड टीम 179 रन पर ऑलआउट ... पेज 14

# सुक्खू बोले–वापसी को बागी कर रहे फोन

बीबीसी से मुख्यमंत्री की

**विशेष बातचीत**

**एजेंसी, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो बागी विधायक सीएम को हटाने गए थे, अब वे खुद पार्टी में आने की बात कर रहे हैं। वे अपनी वापसी के लिए फोन कर रहे हैं। विक्रमादित्य ने कल मुझसे बात की थी। उन्होंने कहा कि मैं बागी नेताओं से मिलने जा रहा हूं, कुछ नेताओं के फोन आ रहे हैं। वे वापसी करना चाहते हैं। मैंने कहा कि आप इनसे बात कर लीजिए। सीएम सुक्खू ने ये उद्गार बीबीसी से विशेष बातचीत में कहे।

सुक्खू ने कहा, ''बागी विधायकों के परिवार के सदस्यों से कई लोग बात कर रहे हैं। उनका मन कांग्रेस में है। बागी विधायक अभी पंचकूला के एक फाइव स्टार होटल में बैठे हैं। जब हिमाचल वापस आएंगे तो बात करेंगे।'' सुक्खू ने कहा, ''आज भगवान हमारे साथ हैं, धोखा देने वालों के साथ नहीं, इसलिए हमारी सरकार बची हुई है। सीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस का इस्तेमाल कर भाजपा लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रही है।'' सुक्खू ने कहा कि यह कौन सा लोकतंत्र है कि छह बागी विधायकों के घर आने को लेकर परिवार वाले तरस रहे हैं, लेकिन वे कैदी की तरह छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा कि न तो हमारी सरकार खतरे में है और न ही मैं ब्लैकमेलिंग से डरता हूं। हमारी सरकार व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। खरीद–फरोख्त बर्दाश्त नहीं होगी।

- **न सरकार खतरे में है और न ही मैं ब्लैकमेलिंग से डरता हूं**
- **हमारी सरकार व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है**
- **खरीद-फरोख्त बर्दास्त नहीं**

## धृत शृंगार में बाबा भूतनाथ बने चंबा भरमौर के धर्मराज



**मंडी।** महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 23वें दिन में बाबा भूतनाथ के स्वयंभू शिवलिंग पर धृत शृंगार में जिला चंबा भरमौर के धर्मराज महाराज का स्वरूप उकेरा गया। भरमौर में 84 मंदिरों का समूह है, जिसे चंबा रियासत के राजा मेरू वर्मन ने छठी शताब्दी में करवाया था। मंदिर में एक कक्ष ऐसा है जिसे चित्रगुप्त का कक्ष माना जाता है, जहां जीवआत्मा के कर्मों का हिसाब-किताब कर धर्मराज की कचहरी में ले जाया जाता है।

## सोलन में बागी विधायकों पर बरसे सीएम, कहा–
## 'काले नागों' ने जनता का विश्वास तोड़ा



सोलन दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हार पहनाकर स्वागत किया, साथ हैं स्वास्थ्य मंत्री धनीराम व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को सोलन के दौरे पर रहे। सुक्खू कांग्रेस के बागी विधायकों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि इन छह 'काले नागों' ने जनता का विश्वास तोड़ दिया है।

सुक्खू ने यहां 88.78 करोड़ रुपए की 13 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद सब्जी मंडी धर्मपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि छह 'काले नागों' की गद्दारी की वजह से हम डरने वाले नहीं हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय हम विधानसभा में आमजन के हितों को लेकर बजट पास करने में जुटे थे, तो कुछ 'काले नागों' ने अपना इमान बेचकर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया।

जनता के चुने हुए जिन प्रतिनिधियों ने अपना इमान ही बेच दिया हो वे जनता के साथ के क्या करेंगे। मैं जानता हूं कि कांग्रेस में कुछ काले नाग रोज–रोज पार्टी को ही डसने का काम कर रहे हैं। भाजपा के कुछ साथी सत्ता खोने के बाद, बेचेन हो रखे हैं। कुर्सी की भूख उन्हें इस कदर है कि हर समय कुर्सी का सपना ही देखते रहते हैं।

### जयराम की सत्ता भूख नहीं जा रही

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर की सत्ता भूख नहीं जा रही है। वह कह रहे हैं कि ऑपरेशन लोटस होकर रहेगा। सुक्खू ने कहा कि ऑपरेशन लोटस से वह डरते हैं जो कुर्सी के साथ चिपके रहना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि वह सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि आम आदमी व गरीब की सेवा के लिए सत्ता में आए हैं। अब वक्त भाजपा को सबक सिखाने का है।

## नंदलाल बनाए राज्य के 7वें वित्तायोग के अध्यक्ष



**कांग्रेस** सरकार में चल रहे सियासी घमासान के बीच डैमेज कंट्रोल के तहत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक और नियुक्ति की है। रामपुर से कांग्रेस विधायक नंदलाल को 7वें राज्य वित्त आयोग का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह खेमे से यशवंत छाजटा के बाद सरकार में यह दूसरी नियुक्ति है। इससे पहले यशवंत छाजटा को हिमुडा का उपाध्यक्ष लगाया गया था। वहीं, नवनियुक्त अध्यक्ष नंद लाल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की।

## बागी विधायकों के पास दो विकल्प: उपचुनाव लड़ें या कोर्ट जाएं

**विधानसभा** की सदस्यता खत्म होने के बाद कांग्रेस के छह बागी विधायकों के पास अब सिर्फ दो ही विकल्प रह गए हैं या तो विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को कोर्ट में चुनौती दें या फिर लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव लड़ें। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि वीरवार को ही विधानसभा सचिवालय ने उनकी सीटों को खाली घोषित कर दिया है। इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को भी भेज दी है, क्योंकि लोकसभा के आम चुनाव का शेड्यूल अभी नहीं आया है इसलिए इस चुनाव के साथ भी इन छह सीटों पर अब उपचुनाव हो सकता है।

### कैबिनेट की बैठक टली

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक टल गई है। चार बजे के बाद कुछ मंत्री अपने कार्यालय कक्ष में पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री भी सचिवालय में थे, लेकिन कुछ देर बाद चैंबर में बैठने के बाद मुख्यमंत्री बैठक कक्ष में जाने की बजाए सचिवालय से निकल गए। हालांकि, मुख्यमंत्री सुक्खू, जगत सिंह नेगी, अनिरुद्ध सहित अन्य दो मंत्री विधानसभा पहुंचे। बैठक अब शनिवार को 11 बजे होगी।

## विक्रमादित्य निजी कारणों से प्रदेश से बाहर



**शिमला।** प्रदेश में उथल-पुथल के हालातों के चलते तरह-तरह की अफवाहों का बाजार गर्म है। शुक्रवार को दिनभर ऐसी चर्चाएं होती रही कि विक्रमादित्य वीरवार रात ही पंचकूला में बागियों से मिले और सुबह दिल्ली में हाईकमान से मिलने चले गए। सूत्रों के अनुसार, विक्रमादित्य शनिवार को सुबह 8:00 बजे से लेकर शाम 9:00 बजे तक शिमला से बाहर रहेंगे। होलीलॉज से मिली जानकारी के अनुसार, विक्रमादित्य शनिवार को किसी परिवारिक कार्यक्रम में व्यस्त रहेंगे। रविवार को 7:30 बजे दिल्ली से उनकी शिमला के लिए फ्लाइट है और 8:30 बजे शिमला पहुंच जाएंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका में सिख युवक की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय लोगों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। साल की शुरुआत से लेकर अभी तक आठ भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। अब अमेरिका के अलबामा राज्य में उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाले सिख युवक की गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान राज सिंह (गोल्डी) की रूप में की गई है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, घटना 24 फरवरी की है। जब राज अलबामा के सेल्मा शहर में गुरुद्वारे के बाहर खड़े थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी।

### रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ के खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपए के पांच सैन्य खरीद सौदों पर हस्ताक्षर किए। इनमें से एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ किया गया है, जिसके तहत मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद की जाएगी। दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किए ग हैं, जिसके तहत 'क्लोज-इन वेपन सिस्टम' और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो सौदे ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किए गए हैं।

### ढाका में सात मंजिला इमारत में आग लगने से 44 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सात मंजिला व्यवसायिक इमारत में आग लगने से कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई और इससे ज्यादा व्यक्ति झुलस गए। झुलसे लोगों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। आग में छह रेस्तरां, गैजेट, गियर और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग का आउटलेट, एलीन नामक कपड़े का शोरूम आदि राख हो गए।

### महादेव ऐप मामले में 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपए की नकदी व कीमती सामान जब्त किए। ईडी ने इस मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर सहित 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे थे।

## कांग्रेस हाईकमान ने निकाले नए फार्मूले

**अरविंद शर्मा, शिमला**

- **सुक्खू विरोधी गुट को मिल सकता है प्रदेश में कोई बड़ा पद**

हिमाचल में सुक्खू सरकार न गिरे इसके लिए कांग्रेस हाईकमान ने कई नए फार्मूले निकाले हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि सुक्खू विरोधी गुट को कोई बड़ा पद मिल सकता है। वीरवार रात विक्रमादित्य पंचकूला चले गए थे, जहां पर उन्होंने बागी विधायकों को मनाने की कोशिश की। उसके बाद विक्रमादित्य दिल्ली रवाना हुए हैं। कांग्रेस हाईकमान ने विक्रमादित्य को दिल्ली में चर्चा के लिए बुलाया है। संभावना है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में बड़े फेरबदल के साथ नियुक्तियां भी होंगी। हालांकि सीएम सुक्खू पहले ही यह बात बता चुके हैं कि सरकार सुरक्षित है। कांग्रेस अभी तक बागियों को मनाने में नाकाम रही है। अभी भी संकट यह है कि अगर 6 विधायकों को वापस नहीं लाया जाता है तो इससे कांग्रेस को काफी नुकसान होगा। हालांकि सांसद प्रतिभा सिंह अभी भी कुछ नाराज चल रही हैं। उन्होंने साफ कहा है कि कांग्रेस पर्टी को अभी काफी मजबूत करना होगा तभी आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हांसिल कर पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## ऊना से प्रयागराज तक सीधी ट्रेन सुविधा शुरू : अनुराग ठाकुर




**शिमला।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि प्रयागराज जाने वाले हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालु अब सीधा संगम नगरी प्रयाग पहुंच सकेंगे। इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अब ऊना तक विस्तार कर चलने की मंजूरी रेलवे से मिल गई है। इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस पहले सुबह 5:30 बजे इंदौर से चलकर अगली सुबह 8:35 को ऊना पहुंचेगी। वहीं, यह ऊना से दोपहर 1:50 को चलकर अगले दिन दोपहर को 3:05 को इंदौर पहुंचेगी। अनुराग ठाकुर ने इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है।

## मौसम ने ली करवट, प्रदेश में बर्फबारी से बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राज्य के पर्वतीय इलाकों में वीरवार रात हल्का हिमपात हुआ है। वहीं, पर्वत शृंखलाओं पर बर्फबारी का दौर अभी भी जारी है। लाहौल–स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा, शिमला और सिरमौर जिलों की ऊंची चोटियों पर हिमपात हो रहा है।

मौसम विभाग ने आज व कल राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए आकाशीय बिजली गिरने, अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और भारी बारिश की आशंका जताई है।



लाहौल घाटी के रालिंग में हुई ताजा बर्फबारी का मनमोहक दृश्य।

## मोदी ने धनबाद में 35,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**एजेंसी, धनबाद (झारखंड)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद के सिंदरी हर्ल कारखाने को देश को समर्पित किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने झारखंड में 35 हजार 700 करोड़ की अलग–अलग योजनाओं की शुरुआत और ऑनलाइन शिलान्यास किया। साथ ही गोड्डा को सीधे जोड़ने वाली मोहनपुर–हंसडीहा नई रेल लाइन और देवघर–डिब्रूगढ़ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मोदी ने एचयूआरएल मॉडल का निरीक्षण किया और सिंदरी संयंत्र नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री ने सिंदरी उर्वरक संयंत्र शुरू करने के अपने संकल्प का स्मरण करते हुए कहा, ''यह मोदी की गारंटी थी और आज यह गारंटी पूरी हो गई है।'' प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में इस उर्वरक संयंत्र की नींव रखी थी।

### हुगली को 7,200 करोड़ की सौगात

**हुगली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली के आरामबाग में 7,200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जिसमें रेल, बंदरगाह, पेट्रोलियम और जल शक्ति के क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के भारत के तीव्र विकास और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प का उल्लेख किया। संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तीकरण की प्राथमिकताओं को दोहराया।

## खाना लेने पहुंचे फिलिस्तीनियों पर फायरिंग, 112 लोगों की मौत

### इसराइली सैनिक बोले–इनसे खतरा महसूस हुआ था तो मारी गोली

**एजेंसी, गाजा**

इसराइली सैनिकों ने खाना लेने पहुंचे गाजा के लोगों पर फायरिंग कर दी जिसमें 112 फिलिस्तीनी मारे गए और 760 लोग घायल हुए। इसराइली सेना ने कहा, ''सैनिकों ने भीड़ पर इसलिए फायरिंग की क्योंकि उन्हें लोगों से खतरा महसूस हुआ।

सभी लोगों ने जरूरत का सामान लूटना शुरू कर दिया। वे हमारी तरफ बढ़ रहे थे, हमें लगा वे लोग खतरनाक हो सकते हैं इसलिए फायरिंग की।''



### जिस ट्रक में राहत सामग्री आई, उसी में भेजे शव

कोई गाड़ी नहीं होने के कारण घायलों और शवों को गधा गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। इसके अलावा जिस ट्रक में राहत सामग्री पहुंची थी उसमें भी शवों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसराइल-हमास जंग में अब तक 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## 2000 के 97.62 फीसदी नोट बैंकों में आए वापस

**नई दिल्ली।** देश में चलन में मौजूद 2000 रुपए मूल्य के नोट का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। 2000 रुपए के बैंक नोट अभी लीगल टेंडर (कानूनी निविदा) बने रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है।

आरबीआई ने बताया कि 19 मई, 2023 तक बाजार में प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोटों का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। 29 फरवरी, 2024 को कारोबार बंद होने के बाद प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के नोटों का मूल्य घटकर अब 8,470 करोड़ रुपए रह गया है।

## टॉप स्टोरीज

बेवजह मुकद्दमेबाजी को मजबूर करने पर हाई कोर्ट ने लगाई एक लाख की कॉस्ट ...पेज 3

डिपुओं में मिलेंगी लोकमित्र केंद्रों की तरह सुविधाए ...पेज 3

स्टूडेंट्स 100 रुपए में देख पाएंगे भारत-इंग्लैंड का टेस्ट मैच ...पेज 6


**शोध** 1990 से 2022 के बीच बच्चों और किशोर–किशोरियों में मोटापे की दर चार गुना बढ़ी

# दुनियाभर में एक अरब से अधिक लोग मोटापे का शिकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुनिया भर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक अरब से अधिक हो गई है। 'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक विश्लेषण में यह जानकारी दी गई।

शोधकर्ताओं ने बताया कि 1990 के बाद से सामान्य से कम वजन वाले लोगों की संख्या कम हो रही है और मोटापा अधिकतर देशों में कुपोषण का सबसे आम रूप बन गया है। मोटापा और कम वजन दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। दुनियाभर के बच्चों और किशोरों में 2022 में मोटापे की दर 1990 की दर से चौगुनी रही।



### कम वजन वाली लड़कियों का अनुपात घटा

सामान्य से कम वजन वाली लड़कियों का अनुपात 1990 में 10.3 प्रतिशत से गिरकर 2022 में 8.2 प्रतिशत हो गया और लड़कों का अनुपात 16.7 प्रतिशत से गिरकर 10.8 प्रतिशत हो गया है। लड़कियों में सामान्य से कम वजन की दर में कमी 44 देशों में देखी गई, जबकि लड़कों में यह गिरावट 80 देशों में देखी गई।



15 करोड़ 90 लाख बच्चे एवं किशोर और 87 करोड़ 90 लाख वयस्क 2022 में मोटापे से जूझ रहे

### 1,500 से अधिक शोधकर्ताओं ने योगदान दिया

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के लिए 190 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच वर्ष या उससे अधिक उम्र के 22 करोड़ से अधिक लोगों के वजन और लंबाई का विश्लेषण किया। इस अध्ययन में 1,500 से अधिक शोधकर्ताओं ने योगदान दिया।

- **अमेरिका पुरुषों के मोटापे में बढ़ोतरी के मामले में 10वें और महिलाओं के मामले में 36वें स्थान पर**
- **भारत महिलाओं में मोटापे बढ़ने के मामले में 19वें नंबर पर है, जबकि पुरुषों के मामले में इसकी 21वीं रैंकिंग है**
- **चीन महिलाओं के मोटापे के मामले में 11वें और पुरुषों के मामले में 52वें नंबर पर है**

## दिल्ली कूच पर फैसला तीन मार्च के बाद

**चंडीगढ़।** पंजाब–हरियाणा की सीमा पर आंदोलन कर रहे पंजाब के किसानों ने तीन मार्च तक दिल्ली कूच को टाल दिया है। अब किसान शुभकरण के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास होने के बाद ही इस बारे में कोई फैसला करेंगे।

किसान नेता सरवन पंधेर और जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि शुभकरण की आध्यात्मिक शांति के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास की जाएगी, जिसके बाद ही अब आगे बढ़ने का फैसला लिया जाएगा। शुभकरण का गत दिवस ही अंतिम संस्कार किया गया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की छह सदस्यीय को–ऑर्डिनेशन कमेटी ने दिल्ली कूच कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा से तालमेल करना शुरू कर दिया है।

## पंजाब के तरनतारन में 'आप' नेता गुरप्रीत सिंह की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, तरनतारन**

पंजाब के तरनतारन जिले में सरेआम आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने गाड़ी का पीछा किया। जब गाड़ी श्री गोइंदवाल साहिब के पास रेलवे फाटक बंद होने की वजह से रोकी तो हत्यारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। जान गंवाने वाले आप नेता की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है।



गुरप्रीत सिंह की फाइल फोटो।

गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोहला साहिब का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह अपनी कार से सुल्तानपुर लोधी अदालत में तारीख पर जा रहा था। जब गुरप्रीत सिंह की कार फतेहाबाद रेलवे फाटक के पास पहुंची तो फाटक बंद था। इस दौरान स्विफ्ट कार सवार हमलावर पहले से ही उसका पीछा कर रहे थे। उन्होंने गुरप्रीत सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग की। हमले में गुरप्रीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक गुरप्रीत सिंह विधानसभा हलका खडूर साहिब से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा का बेहद करीबी था। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

तरनतारन के एसपी अश्विनी कपूर ने बताया कि मृतक को पांच गोलियां लगी हैं।

# संधोल के 100 बेड के अस्पताल में सिर्फ 15 बिस्तर, निजी क्लीनिक में करवाना पड़ता है अल्ट्रासाउंड

**दीक्षित धलारिया, संधोल**


संधोल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी ने क्षेत्रवासियों को त्रस्त कर रखा है। कहने को तो संधोल में 100 बिस्तर का अस्पताल है, मगर वह खुद ही सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है।

नागरिक अस्पताल संधोल पर क्षेत्र की लगभग 15 पंचायतों के करीब 30,000 बाशिंदों के स्वास्थ्य का जिम्मा है और रोजाना 300 से 400 मरीजों की ओपीडी है। कहने को तो इसका 100 बिस्तर का दर्जा है, लेकिन अस्पताल में मात्र 15 बिस्तरों का ही प्रावधान है। यह अस्पताल केवल मरीज को टांडा या हमीरपुर रेफर करने के लिए विख्यात हो चुका है। यहां सुविधाओं के नाम पर केवल बिल्डिंग ही नजर आती है।

**मरीजों को टांडा या हमीरपुर किया जा रहा रेफर**

यहां लंबे समय से महिला रोगी विशेषज्ञ न होने से महिलाओं को इलाज हेतु बाहर जाना पड़ता है और अल्ट्रासाउंड टेस्ट की सुविधा के अभाव में हमीरपुर जाकर बड़ा खर्च कर निजी क्लीनिक में टेस्ट करवाने पड़ते हैं। क्षेत्र के लोग कई बार अस्पताल की स्थितियों पर आंदोलन व मांगें उठा चुके हैं, लेकिन प्रशासन व सरकारी तंत्र के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है। (अनंत ज्ञान)

**स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे 15 पंचायतों के 30,000 बाशिंदे**



संधोल अस्पताल की बिल्डिंग का दृश्य जहां पर रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## संधोल नारी शक्ति संगठन ने चलाया था आंदोलन

**हाल** ही में संधोल नारी शक्ति संगठन ने 26 दिन तक निरंतर आंदोलन चलाया था, जिसमें ज्ञापन, धरना, रैली व यहां तक कि क्रमिक भूख हड़ताल तक की स्थिति आ गई थी। यह अपने आप में एक विशेष आंदोलन था जिसमें नारी शक्ति ने मोर्चा संभाला था। बाद में विधायक क आश्वासन पर आंदोलन स्थगित किया था, लेकिन 80 दिनों के बाद मांगें पूरी न होने पर पुनः आंदोलन की आहट हो रही है।

## चुनाव बहिष्कार और आंदोलन की चेतावनी

**मातृशक्ति** संगठन ने 15 दिनों के अंदर मांगें पूरी न होने पर लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दे दी है। इससे पूर्व भी क्षेत्रवासियों ने विधानसभा चुनावों का बहिष्कार किया था। संधोल क्षेत्र के महिला मंडलों द्वारा निर्मित 'मातृशक्ति संगठन' की संयोजिका पूनम ठाकुर ने कहा कि संधोल के लोगों को राजनीतिक भावना को दूर रखकर क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। हमने 15 दिन का समय दिया है, देखते हैं मांगें पूरी होती हैं या नहीं अन्यथा आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।



'मातृशक्ति संगठन' संयोजिका पूनम ठाकुर।

अनंत ज्ञान खास खबर

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों में जगाएंगे शिक्षा की अलख

**पधर।** समाज में असाक्षर लोग भी पढ़ना लिखना सीख पाएंगे। इसके लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षर लोगों में शिक्षा की अलख जगाएंगे।
कार्यक्रम के तहत उपमंडल मुख्यालय पधर के शिक्षा खंड दरंग-दो में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी देवी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### विजय बने बीएचईएल में इंजीनियर



**मंडी।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा इंजीनियर के विभिन्न पदों का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विजय संधू का चयन बतौर सिविल इंजीनियर हुआ है। विजय संधू वर्तमान में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में बतौर कनिष्ठ अभियंता सिविल कार्यरत है।

### कैंसर ग्रस्त किडनियां बचाना संभव : डॉ. धर्मेंद्र

**मंडी।** अधिकतर पुरुष पेशाब में खून आने व पेशाब करते हुए जलन और दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं, गुर्दे से पेशाब नली तक संक्रमण के ऐसे लक्षण मूत्रपथ के विभिन्न कैंसर का कारण बनते हैं। यह बात यूरो-आन्कोलॉजिस्ट डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल ने कही। लंदन से प्रशिक्षित डॉ. धर्मेंद्र के अनुसार हाथों की बजाए 'दा विंची' रोबोटिक सर्जरी से मरीज को उपचार के दौरान तुरंत राहत मिलती है। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में यूरोलॉजी, यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के कंसल्टेंट डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में 78 वर्षीय व्यक्ति के यूरिन ब्लैडर में 7 सेमी ट्यूमर था, जो पेट दर्द एवं पेशाब में खून आने के चलते बढ़ रहे संक्रमण के कारण मांसपेशियों में घुस रहा था। मरीज पहले ही हृदय व किडनी की समस्या से पीड़ित था जिसके बावजूद भी सर्जरी सफल रही।



### सुंदरनगर में होंगे कलाकारों के ऑडिशन

**सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों को अधिमान देने के साथ स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की पांच सांस्कृतिक संध्याओं के लिए नवोदित व अन्य कलाकारों के चार से सात मार्च तक ऑडिशन करवाएं जाएंगे। जिला के कलाकारों की सुविधा के लिए सोमवार 4 मार्च को सुंदरनगर, बल्ह ,गोहर, बाली चौकी, थुनाग और करसोग तथा 5 मार्च को सदर, कोटली, पधर, जोगिंद्रनगर, धर्मपुर और सरकाघाट के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों के लिए 6 मार्च को बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा और चंबा तथा 7 मार्च को कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के कलाकारों के ऑडिशन होंगे।

### देव समाज प्रकोष्ठ ने की मंडलों में नियुक्तियां

**मंडी।** देवसमाज प्रकोष्ठ के मंडी जिला संयोजक गोपाल कपूर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला मंडी देवसमाज प्रकोष्ठ में जिला कार्यकारिणी और विभिन्न मंडलों में नियुक्तियां की गई हैं। इनमें कुलदीप चंद, कनव वैद्य, शेर सिंह, गोविंद सिंह ठाकुर, देविंदर सिंह, भूपेंद्र कुमार, घनश्याम ठाकुर, विजय कुमार, जोगिंद्र सिंह, चंद्रपाल, नरेश प्रकाश जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं और मंडी मंडल में पारस गौतम मंडल संयोजक, अजय पंडित और संजय कुमार को मंडल सह संयोजक नियुक्त किया गया है। मंडल संयोजक सिराज टेक चंद ठाकुर, सह संयोजक मंडल सिराज राम लाल और भूमे राम, बल्ह मंडल में संयोजक जसवंत सिंह, सह संयोजक लवली रावत और शुभम वालिया बनाए गए हैं। जोगिंद्रनगर मंडल संयोजक कृष्ण चंद, सह संयोजक जयराम ठाकुर, राम सिंह व मंडल संयोजक मंडल द्रंग झाबे राम, सह संयोजक नेत्र सिंह रावत और गीतानंद भंडारी को बनाया गया है।

### वंदना को मिला लीडर्स ऑफ भारत का सम्मान

**सरकाघाट।** नारी सौ पर भारी व लीडर्स ऑफ भारत सम्मान समारोह नई दिल्ली में हुआ जिसमें कई राज्यों से आई महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रयोह वार्ड से जिला पार्षद एवं प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व महामंत्री वंदना गुलेरिया को भी इस संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।



### सुंदरनगर में होगी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**मंडी।** सुंदरनगर में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। यह जानकारी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष टेकचंद शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 मार्च से शुरू होगी और 4 मार्च को इसका समापन होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर जबकि समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिमाचल सरकार के मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान होंगे।

### पैर फिसलने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**जोगिंद्रनगर।** बुजुर्ग के गिरने से मौत की घटना पेश आई है। जानकारी के अनुसार बालम राम 65 पुत्र बहादुर सिंह निवासी भजेरा डाकखाना द्रुबबल अपनी चडोंझ स्थित गौशाला में गया था, लेकिन जब वह वापस आ रहा था तो महिला मंडल भवन के पास वह गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पश्चिम बंगाल में चरमराई कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़े अत्याचार**

# भाजपा ने विरोध जताकर किया प्रदर्शन

**अनिल शर्मा, मंडी**

पश्चिम बंगाल के संदेशखली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मंडी में भाजपा उग्र हो गई है। शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेरी चानणी में धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। धरने में पश्चिम बंगाल सरकार होश में आओ और महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने नारेबाजी की। यह धरना-प्रदर्शन जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर निहाल चंद शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है।



मंडी में धरना-प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महिला मुख्यमंत्री होने के कारण भी वहां महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान पश्चिम बंगाल सरकार गुंडागर्दी व महिलाओं पर अत्याचार के लिए जानी जाएगी। हाल ही में पश्चिम बंगाल के संदेशखली की घटना पूरे देश को शर्मसार करने

**संदेशखली की घटना पूरे देश को शर्मसार करने वाली**

वाली है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हत्याएं हो रही हैं। जनता का पश्चिम बंगाल की सरकार से भरोसा उठ गया है।

इस मौके पर धरने में जिला उपाध्यक्ष रणवीर, महामंत्री संजय ठाकुर, सोमेश उपाध्याय, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर, अजय सकलानी, कोषाध्यक्ष दीपक गुलेरिया, योगेश ठाकुर, सीमा शर्मा व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 12वीं के बच्चों ने दिया इंग्लिश का पेपर



**जोगिंद्रनगर** उप मंडल में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पाठशाला जोगिंद्रनगर व राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) जोगिंद्रनगर पाठशालाओं में शुक्रवार को 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर था। जोगिंद्रनगर उपमंडल में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने इंग्लिश का पेपर दिया।

## कार सेवकों के सम्मान में करवाया समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मातृ वंदना संस्थान शिमला के सौजन्य से मंडी विभाग में मातृवंदना विशेषांक तथा 1990 और 1992 के कार सेवकों के सम्मान में समारोह का आयोजन सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अमृत महोत्सव सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दुर्गा शर्मा विभाग संचालक, मुख्यातिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय प्रति कुलपति आचार्य अनुपमा सिंह तथा मुख्य वक्ता डॉ. चंद्र प्रकाश कार्यवाह हिमाचल प्रांत मुख्य रूप से रहे।



विशेष अंक का विमोचन करते हुए मुख्यातिथि।

**प्रकाश चौधरी ने त्याग पत्र देकर हाइकमान को कर दिया था सचेत**

# कांग्रेस में बल्ह से उठी थी बगावत की चिंगारी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

भले ही कांग्रेस हाईकमान के हस्तक्षेप के उपरांत सुक्खू सरकार को राहत मिल गई है। मगर कांग्रेस संगठन में अभी भी सब ठीक नहीं है तथा सरकार पर खतरे के बादल अभी भी मंडरा रहे हैं। सुक्खू सरकार व कांग्रेस संगठन में चल रही अंतकलह की चिंगारियां बल्ह विधानसभा क्षेत्र से उठी थी, जिन पर सरकार व संगठन की ओर से कोई संज्ञान न लेने के कारण उसने ज्वालामुखी का रूप धारण कर लिया।

परिणाम स्वरूप कांग्रेस के हाथ से राज्यसभा की सीट निकल गई, साथ ही कांग्रेस की गुटबंदी सड़कों पर आ गई और सरकार को भी खतरे के चक्रव्यूह से गुजरना पड़ा। इस सारे घटनाक्रम के होने के संकेत पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के मंडी जिला से अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना त्याग पत्र सरकार व कांग्रेस हाइकमान को भेज कर समय पर दे दिए थे मगर इस पर न ही सरकार ने कोई गौर किया और न ही कांग्रेस हाईकमान ने।

प्रकाश चौधरी के त्याग पत्र के उपरांत उनके गृह जिला के पदाधिकारियों तथा इनके विधानसभा क्षेत्र बल्ह के तमाम पदाधिकारियों ने सामूहिक त्यागपत्र देकर सरकार व संगठन को एक बार पुनः सचेत करने का प्रयास किया था उसे भी नजर अंदाज कर दिया गया।

**गंभीरता से लिया होता तो आज कुछ और होती स्थिति**

यही नहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने प्रकाश चौधरी के घर में आकर उनकी नाराजगी को जायज ठहराते हुए मीडिया के समक्ष दो टूक शब्दों में कहा था कि सरकार संगठन के लोगों के साथ भेदभाव कर रही है यह ठीक नहीं है। बावजूद इसके न ही सरकार ने कोई गौर किया और न ही कांग्रेस आला कमान ने।

प्रकाश चौधरी द्वारा सरकार पर लगाए गए भेदभाव के आरोपों व उनकी नाराजगी को नजर अंदाज करना प्रदेश सरकार व कांग्रेस को भारी पड़ा है और आज कांग्रेस पार्टी सत्ता में होते हुए भी हास्य का पात्र बनकर रह गई है। ग्रास रूट पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने की जरूरत है तभी कांग्रेस का वजूद प्रदेश में कायम रहेगा। (अनंत ज्ञान)

**पंचायत प्रधान ने देवर को डाला बीपीएल सूची में**

# पंचों ने प्रधान व सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के विकास खंड गोपालपुर की ग्राम पंचायत गाहर के वार्ड पंचों ने प्रधान और सचिव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

वार्ड पंच बड़ा समाहल, सुरेंद्रा देवी, वार्ड पंच चंदेश व वार्ड पंच गाहर शीला देवी ने एसडीम सरकाघाट स्वाति डोगरा को प्रधान व सचिव द्वारा पंचायत के कार्यों में की बरती जा रही अनियमिताओं के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया गया कि जिन लोगों को जनरल हाउस में बीपीएल में डाला गया था और उनके नाम नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित भी किए गए थे, लेकिन जब यह लोग अपना बीपीएल कार्ड लेने प्रधान और सचिव के पास गए तो उन्हें बताया गया कि उनका नाम विकास खंड अधिकारी द्वारा बीपीएल सूची से हटा दिया है। उन्होंने पंचायत प्रधान पर यह आरोप लगाया कि पंचायत प्रधान ने अपने देवर का नाम बीपीएल सूची में डाल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2019-20 के मनरेगा कार्यों के सीमेंट में भी हेराफेरी की गई। उन्होंने एसडीएम से आग्रह किया कि अनियमिताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**एसडीएम सरकाघाट को सौंपा शिकायत पत्र, उठाई कार्रवाई की मांग**

उधर, ग्राम पंचायत गाहर की प्रधान सुशीला देवी ने बताया कि वार्ड सदस्यों के सारे आरोप निराधार व झूठे हैं, जबकि सबसे ज्यादा कार्य इन्ही की वार्डों में हुए हैं। पंचायत के कार्य सरकारी गाइड लाइन के आधार पर ही किए जाते हैं।

## अवैध शराब बरामद

**मंडी।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग मंडी की टीम ने 170 लीटर लाहन व 21 लीटर अवैध शराब बरामद की है। दो मामलों में कार्रवाई की गई है। अवैध काम करने वालों को जुर्माना भी किया गया है।

## सत्संग तीन को

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु महाराज के अनुयायियों द्वारा 3 मार्च को प्रातः 11 बजे से एक बजे तक गागल आश्रम में सत्संग संकीर्तन का आयोजित किया जाएगा। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

## मंडी में चिन्हित 31 धार्मिक स्थल होंगे विकसित : राजीव

**मंडी।** मंडी संसदीय क्षेत्र में 31 धार्मिक स्थलों को विकसित करने को लेकर समाजसेवी राजीव परमार ने एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने मंडी संसदीय क्षेत्र के 31 धार्मिक स्थलों का विवरण देने के साथ उनका पौराणिक महत्व भी बताया।



राजीव परमार ने कहा कि आने वाले समय में यह सारा मसौदा बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के सामने रखा जाएगा, ताकि क्षेत्र में विकास को चार चांद लगाए जा सकें। उन्होंने आर्किटैक्ट को नौबाही देवी मंदिर के आठ स्थलों का सर्वे करने के निर्देश दिए और कहा कि नौबाही कोरीडोर की तर्ज ही सभी चिन्हित स्थलों को विकसित किया जाएगा। इस मौके पर बैठक में जरूरतमंद बच्चों को किताब और जरूरत की पठन पाठन सामग्री निशुल्क देने पर भी सहमति जताई गई।

# मुंबई पहुंचे धर्मपुर के कोदरे के लड्डू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा गठित किसान उत्पादक संघ धर्मपुर-एफपीओ ने पिछले सप्ताह अपने उत्पाद पहाड़ी रत्न ब्रांड नाम से बिक्री करने का लोगो जारी किया था और उसके एक सप्ताह के भीतर ही एफपीओ से जुड़ी सिद्धपुर पंचायत के सकोह गांव की महिलाओं द्वारा निर्मित कोदरे के बने लड्डू मुंबई में 29 फरवरी से शुरू हुए साउथ एशिया देशों के विश्व व्यापार मेले की प्रदर्शनी व बिक्री के लिए भेजे गए हैं।

ये मेला स्वास्थ्य के लिए लाभदायक प्राकृतिक व जैविक कृषि उत्पादों की बिक्री, खरीददारी और जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगाया गया है।



लड्डू का स्वाद चखते हुए लोग।

**विश्व व्यापार मेले में लगी प्रदर्शनी और बिक्री**

**मंडी शिवरात्रि में भी लगेगी बिक्री व प्रदर्शनी, पहाड़ी रतन ब्रांड का लोगो जारी**

एफपीओ प्रबधंक मंडल की सदस्य रजनी सकलानी ने बताया कि कम समय के कारण कोदरे के लड्डू हवाई कूरियर सेवा से भेजे गए हैं जिन्हें वहां पर पहाड़ी रत्न ब्राड के नाम से बिक्री किया जा रहा है।

9 मार्च से मंडी में आयोजित हो रहे महाशिवरात्रि महोत्सव में भी बिक्री व प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# हम पुरानी पेंशन बहाल करने वाले सीएम के साथ : प्रदीप

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नई पेंशन योजना के तहत प्रदेश सरकार व कर्मचारियों के अधीन एनएसडीएल के पास लगभग नौ हजार करोड़ रुपए जमा हैं जो ओपीएस बहाली के बाद वापस आने थे, लेकिन केंद्र सरकार ने नहीं लौटाए हैं। यह बात नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि पैसे न लौटाने पर केंद्र के खिलाफ प्रदेश के कर्मचारी एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकते हैं।

वोट फॉर ओपीएस की तर्ज पर प्रस्तावित थैंक्स फॉर ओपीएस एंड सेव ओपीएस अभियान शुरू किया जा रहा है।



जानकारी देते प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व अन्य।

प्रदीप ने कहा कि वह पुरानी पेंशन बहाल करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मचारी कन्हैया लाल सैनी व राम शास्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनके बुढ़ापे को सुरक्षित किया है।

## छह विधायकों को जनता नहीं करेगी माफ : आजाद

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के राज्य प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जय कुमार आजाद ने पार्टी के छह पूर्व विधायकों द्वारा पार्टी से गद्दारी करने के कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बताया है।
उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार एक तरह की डील हुई आने वाली पीढ़ियां इसे स्वीकार नहीं करेंगी। संबंधित क्षेत्रों के लोगों को इस कलंक को धोने के लिए सड़कों पर उतर कर इनके खिलाफ अभियान चलाना होगा, ताकि हिमाचल की संस्कृति को बचाया जा सके।
आज राजनीति व्यवसाय बन कर रहा गया है, जनता चाहे तो ऐसे लोगों को सबक सिखा सकती है।

**लापरवाही** **बिगड़ सकता है हजारों लोगों का स्वास्थ्य, जल शक्ति विभाग बेखबर**

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के रिसाव से उठाऊ पेयजल योजना प्रदूषित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत बरच्छबाड़ में जल शक्ति विभाग द्वारा सीर खड्ड के किनारे बनाई गई बरच्छवाड़ तताहर उठाऊ पेयजल योजना से 200 मीटर पहले निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के गंदे पानी के रिसाव से परियोजना दूषित हो रही है।

यही नहीं एचआरटीसी वर्कशाप का गंदा पानी भी इसी पेयजल योजना को प्रभावित कर रहा है और इस पानी का इस्तेमाल कॉलेज, एक निजी स्कूल और एक सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं सहित तताहर गांव के हजारों लोग कर रहे हैं, जिससे हजारों लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ने का डर सताने लगा है।

सामाजिक संगठन हवार्ड के अध्यक्ष अजय भवानी और राजेंद्र सुर्यावंशी ने बताया कि एचआरटीसी वर्कशॉप, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और उठाऊ पेयजल योजना बरच्छवाड़ ततहर में सीर खड्ड पर बनी है और पहले वर्कशाप से निकलने वाला गंदा पानी इसी खड्ड में लगता हुआ ट्रीटमेंट प्लांट तक और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से रिसने वाली गंदगी के साथ मिलकर आगे बहता हुआ टैंक के साथ बने खड्ड में जमा हो रहा है।

उन्होंने बताया जलशक्ति विभाग को इस बारे एक बार नहीं कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगती है।

> सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी से कोई नुकसान नहीं है इसके नियमित टेस्ट चलते रहते हैं और पानी के टैंक में जो पानी आता है वह जमीन का मीठा और शुद्ध पानी है, लेकिन इस पानी की जांच लैबोरेटरी में की जाती है, लोगों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान विभाग रखता है।
> -विवेक हाजरी, जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता।

**विभाग को कई बार करवाया अवगत, पर नहीं हुआ समाधान**



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में रिसाव का दृश्य।

# नागा साधुओं के जुलूस पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्म संघ भूतनाथ मठ मंदिर मंडी की कार्यकारणी की आपात बैठक भूतनाथ कार्यालय में प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

धर्म संघ के प्रधान भीम चंद सरोच ने बताया कि भूतनाथ मंदिर के महंत महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान नागा साधुओं का जुलूस निकालने की बात कर रहे हैं।

**एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर को सौंपा ज्ञापन**

प्रशासन द्वारा महंत को जुलूस की अनुमति नहीं दी गई है, जिस पर चर्चा के बाद सदस्यों ने एकमत से अपना कड़ा विरोध जताया और महंत को प्रशासन के आदेशों का पालन करने की बात कही।

इस विषय पर सदस्यों ने एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान धर्म संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वैद्य, रवि वैद्य, जीसी सैनी, अनिल शर्मा, प्रकाश कश्यप, गीतांजलि शर्मा, खेम राज गुप्ता आदि ने भाग लिया।



एसडीएम मंडी को ज्ञापन सौंपते हुए धर्म संघ भूतनाथ मठ मंदिर के पदाधिकारी।

## देवताओं की सुविधा में कोई कमी नहीं रखी जाएगी : मदन

एडीएम डॉ. मदन कुमार ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव में स्थापित देव परंपराओं का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा देवी-देवताओं की सुविधा में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उनके साथ आने वाले देवलुओं के रहने व खानपान की व्यवस्था की जाएगी। देव सदन में आवश्यकतानुसार अस्थाई शेड बनाए जा रहे हैं।

## हैप्पी बर्थडे


डाडासीबा के पर्व को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


भट्टू की आरिका राणा को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।


नगरोटा बगवां के विक्रम ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक


चराड़ा के अभिषेक और मोनिका को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।


मनाली के राजेंद्र पालमपुरी व शारदा पालमपुरी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से बधाई।

# कसौली विधानसभा को करोड़ों के तोहफे

## मुख्यमंत्री ने किए 88.78 करोड़ रुपए की 13 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे के दौरान 88.78 करोड़ रुपए की 13 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने मंडोधार में 12.69 करोड़ से निर्मित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सब्जी मंडी धर्मपुर में 72 लाख लाख से निर्मित एपीएमसी विश्राम गृह और बड़ोग, बोहली, भोजनगर बस्तियों के लिए 8.01 करोड़ की उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने 18.83 करोड़ लागत के धर्मपुर से कठनी सड़क के उन्नयन कार्य, 9.40 करोड़ से गंभरपुल से ममलीग सड़क के उन्नयन कार्य, 11.29 करोड़ से लौहांजी से काटल-कठार-मड़ी का


विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू व अन्य पदाधिकारी।

घाट सड़क के उन्नयन, 10.01 करोड़ से सुखी जोहड़ी-कडां-काटल का बाग सड़क के सुधार कार्य, 1.55 करोड़ से गांव भनेत के संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया।

सीएम सुक्खू ने 1.33 करोड़ से सुल्तानपुर स्कूल की विज्ञान प्रयोगशाला, 1.20 करोड़ से निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना सुधार हरिपुर, 1.61 करोड़ की लागत के ग्राम पंचायत भवन सुल्तानपुर, 12.14 करोड़ रुपए लागत की परवाणु टाउनशिप और हिम ईरा शॉप मार्ट जाबली में औद्योगिक सड़कों के उन्नयन कार्यों के शिलान्यास किए।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने बिना किसी मांग के अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जो शायद भाजपा को पसंद नहीं आईं। अपने पहले बजट में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के प्रयास किए, जबकि इस बार दूसरे बजट में आम लोगों के हित के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि लोकतंत्र बलिदानों से मिला है और लोकतंत्र संविधान के अनुरूप चलना चाहिए। वहीं, मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार ने कहा कि सत्ता के भूखे लोग लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने का पर्यास कर रहे हैं। उधर, विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री एक योद्धा होने के साथ-साथ ईमानदार नेता हैं, जिन्हें संकट के समय भगवान का आशीर्वाद मिला है।

### भाजपा चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कर रही कोशिश: सीएम

**भावुक** सबोधन में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष शायद सत्ता के भूखे हैं जबकि मुझे कुर्सी से अधिक जनता की सेवा का मोह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन भर उन्होंने संघर्ष किया, मुसीबतों का डटकर सामना किया है। वर्तमान राज्य सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। वह राहुल गांधी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बने हैं और राहुल गांधी ने ही उन्हें गरीबों की ईमानदारी से सेवा करने की राह दिखाई है। वर्तमान राज्य सरकार आमजन की सरकार है।

## मांगें नहीं मानीं तो सामूहिक अवकाश पर जाएंगे डॉक्टर

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल आयोजित की गई। प्रदेश संघ ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का समर्थन करने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।



ऑल इंडिया फेडरेशन का गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हिमाचल के चिकित्सकों की मांगों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने हिमाचल के चिकित्सकों को भी केंद्र सरकार के तर्ज पर डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम लागू करने के लिए अनुरोध किया है। जिला हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. डोगरा ने बताया की प्रदेश संघ के साथ मिलकर निर्णय लिया है और यह चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में डाक्टर सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। इस दौरान पहले ही तरह ही आपातकालीन सेवाएं ही दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है की एक तरफ डेपुटेशन खत्म हो गई है और दूसरी तरफ अफसरसाही दूरसंचार के माध्यम से आदेश दे रही है की डेपुटेशन लगा दो। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में पहले ही डॉक्टरों की कमी चल रही है। ऐसे में डॉक्टरों को दूसरे ब्लॉक में भेजा जा रहा है।

# नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर के क्रशरों व भाई के डंपिंग साइट पर दबिश

## अवैध खनिज सामग्री पकड़ी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा के विधायक केएल ठाकुर के क्रशर व डंपिंग साइट पर संयुक्त विभागों की टीमों ने दबिश दी। शुक्रवार को माइनिंग विभाग, आरटीओ व पुलिस की टीमें विधायक के क्रशर व डंपिंग साइट पर अचानक पहुंची जहां पर वॉयलेशन की जांच करते हुए दस्तावेज भी खंगाले।

पुलिस ने माइनिंग विभाग की शिकायत पर जोघों के जगतपुर डंपिंग साइट पर एकत्रित की खनिज सामग्री में खामियां पाए जाने पर माइनिंग एक्ट में मामला भी दर्ज किया गया है। वहीं, माइनिंग विभाग क्रशरों व लीज के दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी क्रशर व डंपिंग साइट पर नियमों की उल्लंघना का तर्क दे रहे हैं, लेकिन लोग इस कार्रवाई को हाल ही में राज्यसभा सदस्य के लिए हुए मतदान में विधायक केएल ठाकुर द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग करने पर सरकार की ओर से हो रही कार्रवाई से जोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न विभागों की टीमें माइनिंग लीज पर पहुंची, जिसके बाद विधायक के क्रशरों पर भी दबिश दी गई।

### डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**जिला** बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा का कहना है कि माइनिंग विभाग की शिकायत पर माइनिंग एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। बिना कागज व ओवरलोड ट्रकों के चालान विधायक के क्रशर पर दबिश के बाद आरटीओ विभाग ने पंजैहरा के नवाग्राम एरिया में नाकाबंदी करते हुए इन्हीं के वाहन बिना कागजात के पांच टिप्पर व ओवरलोड टिप्परों के चालान काटे जिन पर करीबन डेढ़ लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आरटीओ नालागढ़ मदन कुमार ने खबर की पुष्टि की है।

## सोलन पुलिस ने चिट्टे के साथ दिल्ली से नाइजीरियन किया गिरफ्तार

**सोलन।** सोलन पुलिस ने नशा तस्करों विशेषत: चिट्टा और अन्य नशीली दवाइयों/ पदार्थों की तस्करी करने वालों पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में 10 फरवरी 2024 को जिले की स्पेशल टीम द्वारा एकत्रित गुप्त सूचना के आधार पर दो युवक रिषभ सहगल व अनिश जो काफी मात्रा में कालका से चिट्टे की तस्करी करके इसे परवाणू और सोलन शहर में नौजवान को बेचने की फिराक में थे। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को 49 ग्राम से ज्यादा हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। इन आरोपियों की छानबीन से ज्ञात हुआ कि वे चिट्टे की इस खेप को दिल्ली से एक नाइजीरियन व्यक्ति से खरीद कर लाए थे, जिस पर थाना परवाणू की टीम मुख्य सरगना सप्लायर आरोपी नाइजीरियन मेमने टैडी को दिल्ली से गिरफ्तार करके सोलन लेकर आई और इसे अदालत में पेश करके पुलिस हिरासत में लिया जा रहा है। अभियोग के बाकी दोनों आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में है। एसपी सोलन गौरव ने बताया कि सोलन पुलिस द्वारा 2023 से अब तक बाहरी राज्यों के 87 आरोपियों, जिनमे चिट्टे के 76 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें सात अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं। इन बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 13 बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति बंद हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आत्मनिर्भर भारत है मोदी की गारंटी: जयराम



**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को खुशहाल और भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है, जिसके लिए वह जी जान से जुटे हैं। उनके इस लक्ष्य को हर भारतीय का सहयोग मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष शिमला के बनूटी में त्रिदेव और पंच परमेश्वर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ शिमला के सांसद सुरेश कश्यप, विधायक सुखराम चौधरी, बलवीर वर्मा, प्रकाश राणा, डॉ. जनकराज, लोकेंद्र, दीपराज, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर, मंडल अध्यक्ष यशपाल ठाकुर, मंडल महामंत्री रोशन लाल समेत अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता और संबंधित त्रिदेव और पंच परमेश्वर उपस्थित रहे।

### भाजपा का काम कांग्रेस से बेहतर: प्रतिभा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक संकट के बीच प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यह सच है कि भाजपा कार्यप्रणाली हमसे बेहतर है। मैंने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी में बिताया है। हम कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हैं। मैं नहीं कह सकती कि कल क्या होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में बहुत सी चीजें की जानी बाकी हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक अपनी बात पहुंचा दी है और उनसे संगठन को मजबूत करने को कहा है। पहले दिन से मैं सीएम से कह रही थी कि हम आगामी चुनाव का सामना तभी कर पाएंगे, जब वह संगठन को मजबूत करेंगे।

### सरकार पांच साल पूरे करेगी: रोहित ठाकुर



**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने पांच का कार्यकाल पूरा करेगी। सरकार को कमजोर करने के लिए भाजपा द्वारा बहुत जोर लगाया जा रहा है, लेकिन भाजपा की यह मंशा कभी पूरी नहीं होगी। रोहित ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने प्रदेश में डबल इंजन का डंका तो बजाया, परंतु विकास के नाम पर वह धरातल में कुछ नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि जनता के किए गए वायदों को समयनुसार पूरा करने का कार्य किया जा रहा है।

### सुक्खू सरकार खो चुकी विश्वास: महेंद्र धर्मानी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता जो आज बनी है, उसके लिए पूरी तरह से सुक्खू सरकार व कांग्रेस पार्टी को दोषी व जिम्मेदार मानती है। शिमला में



पत्रकारों से बातचत के दौरान भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने कहा कि कांग्रेस की अंतर्कलह, विधायकों की नाराजगी, मंत्री द्वारा पीड़ा व दर्द बताना, मंडी के बल्ह के पूर्व विधायक, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सरकार का विरोध, दर्शाता कांग्रेस की वर्तमान स्थिति से यहीं आभास होता है कि कांग्रेस में आपकी लड़ाई चरम पर है उनके कारण यह राजनीतिक स्थिति आज प्रदेश में बनी है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियां देने वाली सुक्खू सरकार अपना विश्वास खो चुकी है।

### ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के तबादलों से हटा बैन

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने ग्रुप सी और डी सरकारी कर्मचारियों के सामान्य तबादलों से बैन हटा दिया है। दो से 31 मार्च 2024 बैन हटाया गया है। तबादलों के दौरान कुछ शर्तों को ध्यान में रखना होगा। तबादला आदेश देते समय किसी अधिकारी के सामान्य कार्यकाल तीन वर्ष के स्टे को ध्यान में रखा जाएगा। हालांकि एक कर्मचारी जिसने एक ही स्टेशन पर कम से कम दो साल का कार्यकाल पूरा कर लिया हो, उस पर भी प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विचार किया जा सकता है। प्रभारी मंत्री केवल सभी नियमित समूह सी और समूह डी श्रेणियों के संबंध में अपने संबंधित विभागों में स्थानांतरित निर्णय को मंजूरी देने के लिए अधिकृत हैं। जिन्होंने जगह पर सामान्य प्रवास पूरा कर लिया है।

## शानन बिजली परियोजना हमारा हक: शांता कुमार

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने



कहा कि 1966 में हिमाचल पंजाब और हरियाणा के तीन प्रांतों का पुनर्गठन हुआ था। इसके लिए लोकसभा में पुनर्गठन कानून बनाया गया था। उस कानून में यह स्पष्ट लिखा था कि पुनर्गठन के बाद साझे पंजाब की जो संपत्ति जिस नए प्रदेश में होगी वह उसी को दी जाएगी। इस पुनर्गठन कानून के अनुसार 1966 में जोगिंद्रनगर की शानन बिजली परियोजना हिमाचल प्रदेश को नहीं सौंपी गई। केंद्र ने पंजाब के दबाव में आकर हिमाचल प्रदेश के साथ एक बहुत बड़ा अन्याय किया। शांता कुमार ने कहा 1966 में यह बहाना बनाया गया था कि उस समय की मंडी रियासत ने शानन परियोजना के लिए भूमि का लीज समझौता पंजाब सरकार से किया था, इसलिए योजना पंजाब को दी गई। उन्होंने हिमाचल के सभी नेताओं से विशेष आग्रह किया कि सब नेता दलबदल के कीचड़ से बाहर निकल कर हिमाचल का यह अधिकर प्राप्त करने के लिए संघर्ष करें।

# बेवजह मुकद्दमेबाजी को मजबूर करने पर हाई कोर्ट ने लगाई एक लाख की कॉस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाई कोर्ट ने वन विभाग पर अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बेवजह मुकद्दमे बाजी के लिए मजबूर



करने पर एक लाख रुपए की कॉस्ट लगाई। कोर्ट ने प्रधान मुख्य अरण्यपाल और करसोग वन मंडल के वन मंडल अधिकारी को कॉस्ट की राशि निजी तौर पर प्रार्थी नरसिंह दत्त को देने के आदेश दिए।

न्यायाधीश बी सी नेगी ने याचिका का निपटारा करते हुए वन विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अदालतों द्वारा व्यवस्थित कानून को वन विभाग ने अव्यवस्थित करने की कोशिश करते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उसके सेवा लाभों से 14 वर्षों तक वंचित रखा। इतना ही नहीं वन विभाग के आला अधिकारियों ने कानूनी जानकारी स्पष्ट होते हुए जानबूझ कर प्रार्थी से भेदभाव किया। मामले के अनुसार प्रार्थी ने 240 दिन प्रतिवर्ष की दिहाड़ीदार सेवाओं के साथ आठ साल एक जनवरी, 2002 को पूरे कर लिए थे। इस कारण प्रार्थी एम जनवरी, 2002 से वर्क चार्ज स्टेट्स के लिए पात्र हो गया। वन विभाग ने उसे यह लाभ न देते हुए उससे 14 साल लगातार दिहाड़ीदार सेवाएं लेते हुए वर्ष एक अप्रैल 2008 को नियमित किया। विभाग ने उसे आठ वर्ष का दिहाड़ीदार कार्यकाल पूरा करने के बाद वर्क चार्ज स्टेट्स देने से इंकार करते हुए कहा कि वन विभाग वर्क चार्ज संस्थान नहीं है। प्रार्थी का कहना था कि विभाग ने उसके जैसे अनेक सहकर्मियों को आठ साल के कार्यकाल के पश्चात वर्क चार्ज स्टेट्स दिया है। इतना ही नहीं हाई कोर्ट ने अपने अनेक फैसलों में व्यवस्था दी है कि वर्क चार्ज स्टेट्स देने के लिए यह कतई जरूरी नहीं है कि संबंधित विभाग एक वर्क चार्ज संस्थान हो।

### जेओए आईटी पेपर लीक मामले में आरोपी ड्राइवर को अग्रिम जमानत

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने जेओए आईटी पेपर लीक मामले में आरोपी बनाए गए ड्राइवर जय चंद ठाकुर को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। प्रार्थी ड्राइवर तत्कालीन हिमाचल प्रदेश स्टाफ सिलेक्शन कमीशन कार्यालय हमीरपुर में कार्यरत था। न्यायाधीश राकेश कैंथला ने मामले में प्रार्थी पर लगे आरोपों की जांच से जुड़े रिकॉर्ड का अवलोकन करने के पश्चात प्रार्थी की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली। प्रार्थी ड्राइवर पर आरोप है कि उसने अपनी बहन को उमा आजाद द्वारा लीक किए गए जेओए पेपर प्रदान कर उसकी मदद की, जिससे प्रार्थी की बहन उक्त परीक्षा में चौथे स्थान पर रही।

## कर्मचारी की दुर्गम क्षेत्रों में तैनाती को लंबा नहीं खींचा जा सकता: हाई कोर्ट

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि कितने ऐसे टीजीटी नॉन मेडिकल शिक्षक हैं, जिन्होंने कभी भी ट्राइबल अथवा दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं नहीं दीं। न्यायाधीश रंजन शर्मा ने अपने आदेशों में कहा कि किसी कर्मचारी की ट्राइबल अथवा दुर्गम क्षेत्र में तैनाती को लंबा नहीं खींचा जा सकता। मामले के अनुसार शिमला जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रथल तहसील जुब्बल में तैनात टीजीटी नॉन मेडिकल शिक्षक पंकज नाग ने उक्त क्षेत्र से किसी सॉफ्ट क्षेत्र में अपने स्थानांतरण की मांग अपने विभाग से की थी। मगर, उसका मामला यह कहकर रद्द कर दिया था कि जो मनपसंद स्टेशन प्रार्थी ने अपने प्रतिवेदन में दर्शाए हैं वे रिक्त नहीं चल रहे हैं। प्रार्थी के अनुसार वह 11 नवंबर 2019 से उक्त स्कूल में अपने सेवाएं दे रहा है। प्रार्थी का कहना है कि उक्त क्षेत्र हार्ड एरिया में आता है और स्थानांतरण नीति के तहत उसे सॉफ्ट क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को सात मार्च तक अपना स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए।

## डीएसपी रैंक के अधिकारी को सुरक्षा का जिम्मा देने की तैयारी

# विधानसभा सचिवालय की सुरक्षा को लेकर कुलदीप सिंह पठानिया सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा सचिवालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सख्त हो गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए विधानसभा परिसर में डीएसपी रैंक के अधिकारी को तैनात किया जाएगा। सत्र के दौरान सदन के अंदर सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक और आपसी तालमेल की कमी पर खेद व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भविष्य में इसे न दोहराया जाए और विधानसभा के सुरक्षा कवच को मजबूत और अभेद्य बनाया जाए। उन्होने कहा कि अब हमें सुरक्षा प्रबंधों के नवीनतम टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होगा, ताकि हम किसी भी अप्रिय स्थिती से निपटने में सक्षम हों। सरकार के गृह सचिव अभिषेक जैन ने आश्वासन दिया की इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अधिकारियों को वारदात को अंजाम देने से पहले से उचित हल निकालने के निर्देश दिए। बैठक में गृह सचिव अभिषेक जैन, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अभिषेक त्रिवेदी सहित कई आलाधिकारी उपस्थित रहे।


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### सुरक्षा कवच को मजबूत करने को लेकर तैयार होगी एसओपी

**पुलिस** महानिदेशक संजय कुंडू ने विधानसभा के सुरक्षा कवच को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही एक एसओपी तैयार करने की बात रखी, जिसके तहत विधानसभा में डीएसपी रैंक का एक स्थायी सुरक्षा अधिकारी तैनात किया जाएगा, जो समय-समय पर विभाग के साथ सुरक्षा प्रबंधों से संबंधित समन्वय रखेगा तथा सत्र से कम से कम 15 दिन पूर्व 15 सदस्यों का एक मजबूत एवं प्रशिक्षित सुरक्षाबल भी तैनात किया जाएगा।

# संदेशखाली मामले पर भाजपा ने शिमला के सीटीओ में किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार व शोषण को लेकर भाजपा ने शिमला के सीटीओं के पास धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला सीटीओ में एक धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी द्वारा संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण के आरोपी शाहजहां शेख की गिरफ्तारी के बाद उसे वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ शाहजहां शेख जिस अकड़ के साथ पेश आ रहा है, उससे अंदाजा लगता है कि जेल के अंदर वह किस ठाठ के साथ रहेगा।

साथ ही उन्होंने हाल ही कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद द्वारा पाकिस्तान के बारे में विवादित बयान देने पर अन्य कांग्रेसी नेताओं के पाकिस्तान प्रेम के तथ्यों को भी प्रमुखता से रखा। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने तमिलनाडु सरकार के विज्ञापन में चीन के ध्वज पर नाराजगी जताते हुए इंडी गठबंधन के सभी दलों पर सवाल भी खड़े किए। डॉ. बिंदल ने कहा कि 56 दिन तक फरार रहने के बाद आज शाहजहां शेख को ईडी की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उसके ऊपर संदेशखाली मामले को लेकर बलात्कार या बलात्कार के लिए प्रेरित करने की कोई भी धारा नहीं लगाई गई है, ऐसा क्यों? दूसरी ओर, ये भी साफ हो गया कि पश्चिम बंगाल की ममता


शिमला में प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता।


सरकार द्वारा की गई गिरफ्तारी का संदेशखाली के गुनाहों से कोई लेना देना नहीं है और उनकी गिरफ्तारी पर बड़ा प्रश्न यह उठता है कि अगर शेख शाहजहां को प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया है, तो ममता बनर्जी की सरकार उसे ईडी को क्यों नहीं सौंप रही है? ये सभी संकेत साफ तौर पर संदेह उत्पन्न करता है कि अब तक शेख शाहजहां ममता सरकार के संरक्षण में ही कहीं सुरक्षित था। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार और उत्पीड़न को विजय का प्रतीक बताना मध्यकालीन मुगलिया मानसिकता का प्रतीक है। 21वीं सदी में शेख शाहजहां और ममता बनर्जी की सरकार मुगलिया मानसिकता से शासन करते हुए दिखाई दे रही है।

**सुविधा** पानी, बिजली के बिल जमा कर सकेंगे उपभोक्ता, डिपुओं में कॉमन सर्विस सेंटर खोलने की तैयारी

# डिपुओं में मिलेंगी लोकमित्र केंद्रों की तरह सुविधाएं

**जय ठाकुर, शिमला**

सस्ते राशन के डिपुओं में जल्द ही उपभोक्ताओं को अब लोकमित्र केंद्रों की तरह की सुविधाएं मिलेंगी। उपभोक्ता अब अपने पानी, बिजली बिल, जमा करवाने सहित लैंड रिकॉर्ड सहित अन्य कार्य भी डिपुओं में करवा सकेंगे। इसके लिए डिपुओं में कॉमन सर्विस सेंटर खुलने जा रहे हैं। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने जिला नियंत्रकों से प्रदेश भर में डिपो संचालकों से संबंधित रिकॉर्ड भी तलब किया है। कोई डिपो संचालक डिपो में कॉमन सर्विस सेंटर खोलना चाहता है तो इसकी जानकारी जिला नियंत्रक के पास भेजे।



डिपो संचालकों के लिए डिपो में कॉमन सर्विस सेंटर खोलना अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन यदि कोई डिपो संचालक यह सर्विस लेना चाहता है और सेंटर खोलना चाहता है तो वह आसानी से यह सेंटर स्थापित कर सकता है। इसके लिए लोकमित्र केंद्र की ओर से डिपो संचालकों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। डिपुओं में इस सुविधा के शुरू होने से जहां लोगों को घर द्वार लोकमित्र केंद्र में मिलने वाली सुविधा मिलेगी। वहीं, डिपो संचालकों को अतिरिक्त आमदनी भी होगी। इसके लिए विभाग द्वारा अलग से मानदंड तय किए जाएंगे, जिससे डिपो संचालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी। (अनंत ज्ञान)

> **राज्य** के 19 लाख राशन कार्ड उपभोक्ताओं को लोकमित्र केंद्रों की तर्ज पर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जल्द ही कॉमन सर्विस सेंटर खोले जाएंगे। इस संबंध में अभी सिक्योरिटी ऑडिट किया जा रहा है। लोगों की सुविधाओं को देखते हुए जल्द ही यह सेवाएं शुरू की जाएंगी।
>
> **राम कुमार गौतम, निदेशक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग**

### डिपो संचालक से कार्ड स्वैप कर ले सकेंगे कैश

**डिपुओं** में कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधा शुरू होने के बाद उपभोक्ता डिपो संचालक से जरूरत पड़ने पर पॉस मशीन स्वाइप कर कैश भी ले सकेंगे। यानी डिपुओं में उपभोक्ताओं को बैंक कोरसपोंडेंट की सुविधा मिलेगी, जिसमें डिपो संचालक अपनी स्वाइप मशीन से उपभोक्ता का एटीएम कार्ड स्वाइप कर कैश भी हासिल कर सकेंगे, जिसकी कमीशन भी डिपो संचालक को मिलेगी। इस सुविधा से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा होगी और उन्हें नकद राशि निकालने के लिए बाजार या गांव से दूर नहीं जाना होगा। उन्हें उनके घर द्वार डिपो में ही कैश उपलब्ध हो जाएगा।

### पांच किलो के सिलेंडर भी रख सकेंगे डिपो संचालक

**डिपुओं** में कॉमन सर्विस सेंटर खुलने के बाद डिपुओं में पांच किलो के गैस सिलेंडर भी रख सकेंगे। हालांकि इसे रखने व बेचने के लिए डिपो संचालकों को बाध्य नहीं किया जाएगा, लेकिन सेंटर खुलने के बाद वह यह बेच सकेंगे, जिसके लिए डिपो संचालकों को कंपनी की ओर से कमीशन भी मिलेगी और डिपो संचालक आर्थिक रूप से सक्षम होंगे।

### डिपो संचालकों की डिमांड पर खोले जाएंगे सेंटर

**डिपुओं** में कॉमन सर्विस सटर खोले जाने से मुख्य सुविधा यह होगी कि डिपो संचालक डीजीपे ऐप की सहायता से बैंक कोरसपोंडेंट की सुविधा दे सकेंगे। जैसे-जैसे डिपो संचालकों की डिमांड सेंटर खोलने के लिए आएगी। प्रदेशभर में यह सेंटर डिपुओं में खोले जाएंगे।

# चरणबद्ध तरीके से भरे जा रहे शिक्षकों के पद : रोहित

## जुब्बल-कोटखाई में शिक्षा मंत्री ने दी करोड़ों की सौगात, जौणी स्कूल के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के एक-दिवसीय प्रवास के दौरान करोड़ों की परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए।

रोहित ने कोटखाई तहसील की गरावग पंचायत में लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली निहारी कुड़ी मौहली सड़क स्तर उन्नति व उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया तथा एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित जौणी स्कूल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। स्कूल में आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान सरकार प्रदेश में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। इसी दिशा में कार्य करते हुए शिक्षकों के रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जा रहा है। हिमाचल में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अधोसंरचना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने गत वर्ष अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं, जिनसे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार दिखाई देने लगे हैं। गरावग पंचायत से उनका एक आत्मीय संबंध है और उनके विधानसभा क्षेत्र की यह एक महत्वपूर्ण पंचायत है इसलिए पंचायत के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जौणी स्कूल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए।

### थरोला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की रखी आधारशिला



इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ग्राम पंचायत थरोला में एक करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान आयोजित एक अन्य जनसभा में उपस्थित जनसमुदाय से संवाद करते हुए रोहित ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। थरोला में होने वाले प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के भवन का निर्माण एवं अन्य कार्य इसी सिलसिले कि एक कड़ी हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बनने से क्षेत्र के लोगों को घरद्वार पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। शिक्षा मंत्री ने पंचायत थरोला में लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निदान का आश्वासन दिया।

इस क्षेत्र में लगभग एक करोड़ 50 लाख की लागत से ग्रेई सड़क पर एक पुल और 30 लाख की लागत से एक कलवर्ट का निर्माण प्रगति पर है। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने जुब्बल एसडीएम राजीव संख्यान के साथ जौणी स्कूल में चल रही 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं का निरीक्षण किया तथा प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकों को परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए।

# संवेदनशील स्थानों पर तैनात की जाए 108 एंबुलेंस : अनुपम कश्यप


डीसी कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा अभियान के संदर्भ में बैठक लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा अभियान के संदर्भ में बैठक ली।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परिवहन, स्वास्थ्य व पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा के तहत प्रचार-प्रसार, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, यातायात नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरे, संवेदनशील ब्लैक स्पॉट पर गहनता से विचार-विमर्श करें तथा इस दिशा में निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि बहुमूल्य जनों को बचाया जा सके। उन्होंने जिले में पंचायत एवं खंड स्तर पर सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जागरूकता शिविर लगाने पर बल दिया, ताकि हर वर्ग को सड़क सुरक्षा पर जानकारी दी जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले में टैक्सी ड्राइवरों व बस चालकों को सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जागरूक करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति में 108 एंबुलेंस संवेदनशील स्थानों पर तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि घायल लोगों को समय रहते उपचार मिल सके। जिला प्रशासन दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने वालों को सम्मानित करेगा और लोगों से आह्वान किया कि वह दुर्घटना के समय घायल लोगों की मदद करें और मानवता का परिचय दें। एडीसी कानून एवं व्यवस्था अजीत भारद्वाज ने बैठक का संचालन किया और सड़क सुरक्षा पर जानकारी प्रदान की।

# शिक्षा मंत्री ने की झूठ की राजनीति

## जुब्बल-कोटखाई के लिए कोई भी योजना नहीं ला पाए मंत्री : रविंद्र

**दशमी रावत, रोहड़ू**

प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज तक सिर्फ व सिर्फ झूठ की राजनीति की है।

यह बात भाजपा जुब्बल नावर कोटखाई के मंडल संयोजक रविंद्र चौहान ने कही। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने हुए 14 महीने का समय हो गया है। जुब्बल-कोटखाई के विधायक व शिक्षा मंत्री जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए एक भी नई योजना नहीं ला पाए हैं। वो सिर्फ भाजपा सरकार के समय में स्वीकृत योजनाओं का भूमि पूजन करके लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। निहारी कुड़ी मोहली सड़क का शिक्षा मंत्री भूमि पूजन करके गए हैं। उस सड़क के लिए चार करोड़ 53 लाख धनराशि पीएमजीएसवाई के तहत केंद्र की मोदी सरकार के माध्यम से स्वीकृत हुई है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में नरेंद्र बरागटा के प्रयासों से 2020 में इसका टैंडर लगा और सड़क का कार्य शुरू हुआ, लेकिन कोरोना वायरस के कारण लेबर की कमी हुई और ठेकेदार इस कार्य को अधूरा छोड़ कर चला गया। आश्चर्यचकित करने वाली बात यह है कि जब सड़क निर्माणाधीन है, तो इसका भूमि पूजन करने की क्या आवश्यकता है। मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल नावर कोटखाई में ऐसे दर्जनों भूमि पूजन सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए किए हैं। इस अवसर पर उनके साथ मंडल महामंत्री अशोक जस्टा, राकेश डोगरा आदि मौजूद रहे।


भाजपा जुब्बल नावर कोटखाई के मंडल संयोजक रविंद्र चौहान प्रेस वार्ता करते हुए।

# रामपुर के अधिशाषी अभियंता को दोबारा रखने पर माहौल गर्म

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

लोक निर्माण विभाग रामपुर के अधिशाषी अभियंता को बीते रोज सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा छह माह के लिए उसी पद पर उसी कार्यालय में रोजगार देने के मामले में रामपुर में चर्चा का माहौल गर्म है। लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिशाषी अभियंता के खिलाफ कई मर्तबा भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, यहां तक की सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न कार्यों की सूचनाएं मांगे जाने पर अधिकारी की ओर से सूचनाएं नहीं दी जाती हैं, बल्कि व्यक्ति मामले को मुख्य सूचना आयुक्त तक ले गए थे, जहां अधिशाषी अभियंता को दो मामलो में तीस हजार का जुर्माना लगाया है और संबंधित अधिशाषी अभियंता ने 17 फरवरी को 15 हजार जुर्माना राशि सरकारी संबंधित खाते में जमा कर दी है।

### कार्रवाई के थे निर्देश

लोगों ने कई मर्तबा भ्रष्टाचार का पता लगाने के लिए ठेकों से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगी, लेकिन कोई जानकारियां नहीं दी, जबकि सूचना आयोग ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन सरकार की ओर से कार्रवाई की जगह बीते रोज सेवानिवृत्ति के दिन छह महीने का पुनर रोजगार संबंधित कार्यालय में ही संबंधित पद पर कर दिया गया है। ऐसे में सरकार पर भी उंगलियां उठने लगी हैं।

# सात से अवकाश पर जाएंगे डॉक्टर

## पोलियो अभियान के बाद लोगों को झेलनी पड़ सकती है परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर अस्पतालों में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सात मार्च से अस्पताल के डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। रिपन अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे एचएमओए डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर जाएंगे। ऐसे में मरीजों को इलाज करवाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस माह तीन से पांच मार्च तक पोलियो अभियान है। ऐसे में सामूहिक हड़ताल में जाने की तिथि में बदलाव किया गया है। इससे पहले डॉक्टर पांच से सामूहिक हड़ताल पर जाने वाले थे।

शिमला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल से लेकर जिले के अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टर अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर हैं।

### साढ़े नौ से 12 तक पेन डाउन स्ट्राइक पर डॉक्टर

**रिपन** अस्पताल में भी सुबह साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीजों को इलाज करवाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह डॉक्टर एनपीए, सोसायटी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर का कार्यभार स्वास्थ्य निदेशक को देने, डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व एमएस को शक्तियां वापस देने और पदोन्नति की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है। चिकित्सा अधिकारी संघ का कहना है कि जब तक सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है, तो हड़ताल जारी रहेगी। अगर यह डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर जाते हैं, तो मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बुरी तरह से चरमरा सकती हैं।

> वह अभी अढ़ाई घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं, लेकिन सात मार्च से वह सामूहिक हड़ताल पर जाने वाले हैं, जब तक सरकार मांगों को पूरा नहीं करती वह हड़ताल जारी रखेंगे।
>
> **डॉ. राजेश राणा, एचएमओए अध्यक्ष।**

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला मैदान रोहड़ू में लगेगी प्रदर्शनी

**रोहड़ू।** फुंगनी हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल सोसायटी लिमिटेड कुल्लू (शलांग) की ओर से आयोजित गांधी शिल्प बाजार प्रदर्शनी एवं बिक्री की 50 दुकानें एक से 10 मार्च तक रामलीला मैदान रोहडू में सजेंगी। अमित नेपटा ने बताया कि इन 50 दुकानों में देश व प्रदेश के अलग -अलग क्षेत्रों से प्रदर्शनी सजेगी, जिसमें उचित दाम पर बिक्री भी की जाएगी।

### पीड़ित महिला की मदद के लिए लगाई गुहार

**शिमला।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश मानक ने लोगों से पीड़ित महिला की मदद करने की गुहार लगाई है। मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि किरण पत्नी कमलजीत आयु 28 वर्ष गांव सूरजपुर तहसील अर्की सोलन की दोनों किडनियां खराब हैं, जिसका पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है। परिवार की आर्थिक हालात ठीक न होने के कारण इलाज करवाने में मुश्किलें आ रही हैं। उन्होंने लोगों से पीड़ित की मदद के लिए हाथ बढ़ाने का आग्रह किया है, जिसके लिए उन्होंने आर्थिक सहायता के साथ किडनी दान करने की भी अपील की है। उन्होंने अनंत ज्ञान के माध्यम से किडनी दान करने एवं आर्थिक सहायता के इच्छुक लोग 80917-96567, 9816824772 एवं 9817240799 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बंदरों की मूल्यांकन प्रक्रिया की दी जानकारी

**शिमला।** वन्यप्राणी प्रभाग वन विभाग की आरे से अनिल ठाकुर, अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल वन्यप्राणी प्रभाग की अध्यक्षता में प्रदेश में बंदरों, रीसस मकाक (मकाका मुलाट्टा) की जनसंख्या मूल्यांकन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीपीआरआई के सभागार में किया गया। कार्यशाला में शिमला वृत, शिमला (वन्यप्राणी), रामपुर, नाहन और सोलन वृतों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. एचएन, प्रिंसिपल साइंटिस्ट ने सभी प्रतिभागियों को इस बंदर जनसंख्या मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रयोग की जाने वाली सभी तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### मीनाक्षी मिस और नितिन बने मिस्टर फेयरवेल



**जुन्गा।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में शुक्रवार को तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मीनाक्षी को मिस फेयरवेल और नितिन को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया, जबकि मुस्कान को मिस ऑल राउंडर और नम्रता को बेस्ट कॉस्ट्यूम का खिताब मिला। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए।

# नेरवा में अग्निशमन केंद्र खोलने के लिए जनता ने आवाज की बुलंद

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**

26 पंचायतों के केंद्र बिंदु तहसील मुख्यालय नेरवा में फायर ब्रिगेड पोस्ट खोलने की मांग बलवती हो उठी है। यदि नेरवा में फायर ब्रिगेड पोस्ट खोली जाती है, तो नेरवा शहर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में आए दिन होने वाली अग्निकांड की घटनाओं में लोगों को बहुत बड़ी रहत मिल सकती है।

पूर्व में नेरवा बाजार एवं आसपास के कई इलाकों में अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं में या तो फायर ब्रिगेड पंहुच ही नहीं पाई अथवा जब तक पहुंची तब तक सब कुछ जल कर नष्ट हो चुका था। बीते तीन, चार सालों में नेरवा बाजार में स्थित तीन दुकानों में अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें दुकानदारों का लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। इसके आलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बीते सालों में दर्जनों अग्निकांड के मामले सामने आ चुके हैं। नेरवा शहर तहसील की एक नगर पंचायत सहित 25 पंचायतों का केंद्र बिंदु है। इसके आलावा बीस किलोमीटर दूर कुपवी उपमंडल की सीमा भी शुरू हो जाती है। (अनंत ज्ञान)

### वर्तमान में चौपाल में स्थित अग्निशमन केंद्र

यदि नेरवा में अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाए, तो इसका लाभ नेरवा की दो दर्जन से अधिक पंचायतों के आलावा कुपवी के कुछ क्षेत्र को भी मिल सकता है, बता दें कि वर्तमान समय में नेरवा से 26 किलोमीटर दूर उपमंडल मुख्यालय चौपाल में एकमात्र अग्निशमन केंद्र है। यदि नेरवा अथवा आसपास के किसी क्षेत्र में अग्निकांड की घटना पेश आती है, तो जब तक चौपाल से फायर ब्रिगेड पंहुचती है, तब तक प्रभावित स्थान पर राख के ढेर के सिवा कुछ भी नहीं बचा होता है। व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव भिख्टा, उपाध्यक्ष दिनेश अमरेट, नगर पंचायत की अध्यक्ष बबिता तंगड़ाईक सहित 25 पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांग की है कि नेरवा में जल्द अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाए।

### प्रस्तुति...



गेयटी में वाद्य एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में नाटी प्रस्तुत करते कलाकार। (प्रदीप कुमार)





गेयटी थियेटर में लोक नृत्य प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते कलाकार (दाएं)लोक नृत्य में प्रस्तुति।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में चार से प्राण-प्रतिष्ठा

**सुन्नी।** नगर पंचायत सुन्नी के लक्ष्मी नारायण मंदिर में मूर्ति एवं शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आगामी चार से नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार चार मार्च से प्रारंभ होने वाले इस अनुष्ठान के दौरान नित्य भजन-कीर्तन और पाठ का आयोजन किया जाएगा, जबकि आठ को मूर्ति स्थापना तथा नौ को शिवलिंग स्थापना तथा पूर्णाहुति दी जाएगी तत्पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह अनुष्ठान समस्त सुन्नी वासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

# जुन्गा अस्पताल में जांचे 107 दिव्यांग व 204 सामान्य रोगी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से सिविल अस्पताल जुन्गा में निशुल्क दिव्यांग आकंलन और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 107 दिव्यांग और 204 सामान्य रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

जुन्गा अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि इस विशेष शिविर में आईजीएमसी और अन्य अस्पतालों के आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर में 107 दिव्यांग व्यक्तियों का मेडिकल बोर्ड की ओर से परीक्षण किया गया, जिनमें से केवल 25 दिव्यांग पात्र पाए गए, जिन्हें मेडिकल बोर्ड की ओर से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अतिरिक्त सामान्य ओडी में 204 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिन्हें निशुल्क डायग्नोस्टिक टेस्ट और दवाइयां प्रदान की गई।


जुन्गा में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर में चेकअप करवाते लोग।

# स्टूडेंट्स का पुस्तकालय में बैठने का समय पांच से सात बजे किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में एबीवीपी ने शुक्रवार को विधि विभागाध्यक्ष से छात्रों की मांग को रखा, जिसमें लंबे समय से कुछ मांगों को लेकर एबीवीपी विधि विभागाध्यक्ष से मिलती आई है।

विधि विभाग इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि विभाग के पुस्तकालय में बैठने के समय को पांच से बढ़ाकर सात बजे तक करने की मांग उठाई गई। साथ ही विभाग में दिव्यांग श्रेणी में आने वाले लोगों के लिए लिफ्ट की सुविधा देने की और पुस्तकालय में नई किताबें लाने की मांग रखी गई। सेमेस्टर शुरू होने के कारण केंद्रीय पुस्तकालय में छात्रों की भीड़ बढ़ जाने से छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और साथ विधि विभाग के पुस्तकालय में पुरानी किताबें अभी तक वहां से हटाकर नई पाठ्यक्रम की किताबे नहीं लाई गई हैं व कक्षाओं का फर्नीचर पुराना हो जाने से भी छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधि विभागाध्यक्ष ने एबीवीपी की ओर से रखी गई मांगों को सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही ये सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।


शिमला में एबीवीपी इकाई के सदस्य विधि विभागाध्यक्ष से छात्रों की मांग रखते हुए।


**समस्या** पांच किलोमीटर के तहत बिजली व जिओ कंपनी की तारों को डक्ट बनाकर अंडरग्राउंड किया जाएगा, 127 करोड़ का एस्टीमेट तैयार, काम नहीं शुरू

# कागजों से बाहर नहीं हुआ तारों को अंडरग्राउंड करने का काम

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यह कार्य केवल कागजों तक सीमित रह रहा है। इसके आगे कोई भी काम नहीं हो रहा है।

पांच किलोमीटर के दायरे के तहत बिजली की तारों और जिओ कंपनी की तारों को डक्ट बनाकर अंडरग्राउंड किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है हालात देखकर ऐसा लग रहा है कि यह केवल ड्रीम बनकर रह जाएगा। निगम की बैठक में एक बार फिर 127 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया गया है। अब देखना होगा कि कागजों से बाहर भी काम होता है या वहीं तक सीमित रहता है। तारों के जंजाल से आमजन काफी परेशान हैं। यह तारें लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। बाजार में जगह-जगह तारों के गुच्छे नजर आ रहे हैं। शहर में इससे नुकसान होने का भय बना रहता है। निगम की ओर से तारों को अंडरग्राउंड करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया है। शहर में जगह-जगह लाइट के खभों पर तारों के बंडल पड़े रहते हैं, जिसे काफी साल हो गए हैं। इसमें आधे से ज्यादा तारें ऐसी हैं, जो काम की नहीं हैं, जो तारे खराब हो जाती हैं उन्हें काटने की बजाय वहां नहीं तारों को लगा दिया जाता है, जिससे तारों की संख्या बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### अघोषित कट व लो वोल्टेज की समस्या

शहर में लगने वाले अघोषित कट और लो वोल्टेज की समस्या से भी छुटकारा मिलना था। साथ ही बरसात और बर्फबारी के दौरान बिजली तार टूटने का खतरा भी नहीं होना था। शिमला की हालत अभी ऐसी है कि लोअर बाजार से लेकर वीआईपी रोड में भी हर जगह तारें लटकी हुई हैं।

### पीडब्ल्यूडी करेगा कार्य

फर्स्ट फेज में छोटा शिमला से सीटीओ तक 25 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग की ओर से बिजली को तारों को अंडरग्राउंड किया जाना था और बीते साल नवंबर तक यह प्रोजेक्ट कंप्लीट होना था। स्मार्ट सिटी बन रहे शिमला की हालत अभी ऐसी है कि लोअर बाजार से लेकर वीआईपी रोड तक हर जगह तारें लटकी हुई हैं। हल्की बारिश के बाद यह तारें आपस में टकरा जाती हैं, जिससे लोगों को हफ्ते में तीन से चार बार पावर कट का सामना करना पड़ता है।

### इन कारणों से रुका स्मार्ट सिटी का कार्य

पहली बार स्मार्ट सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट को होना था, लेकिन बजट न मिलने से नहीं हुआ। उस समय प्रदेश में भाजपा सरकार थी, जिसकी निगम ने अलग से बजट लेने की बात कर अपना कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद नई कांग्रेस सरकार ने भी तारों के मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले चरण में 25 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया, लेकिन अधिकारी अभी तक कागजी प्रक्रिया में अटके हुए हैं। अब दो दिन पहले ही निगम ने अपने मासिक हाउस में पूरे शहर में तारों के जंजाल से मुक्ति दिलाने के लिए 127 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया है, लेकिन यह पैसा कहां से आएगा निगम को भी मालूम नहीं है। इस निर्माण कार्यों को करने के लिए प्रदेश सरकार से ही मदद ली जाएगी।

### 2019 से शुरू नहीं हुआ कार्य

बता दें कि साल 2019 में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हाइटेंशन लाइन को अंडर ग्राउंड करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। उसी साल इस प्रोजेक्ट को मंजूरी भी मिल चुकी थी, लेकिन करोड़ों की लागत से शुरू होने वाले इस काम के लिए मंजूरी के बाद भी पैसा जारी नहीं हुआ। लिहाजा यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं, बीते साल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए मार्च महीने में जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए थे, जिसकी तैयारियों में अधिकारी जुटे भी थे, लेकिन इसके बाद अभी तक अधिकारी कागजी कार्रवाई में उलझे हुए हैं। नतीजा अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है।

### मासिक बैठक में चर्चा

पांच सालों तक भाजपा और कांग्रेस शासित नगर निगम की मासिक बैठकों में इस विषय पर महज चर्चाएं और काम शुरू करने के आश्वासन मिले हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर निगम को भी मालूम है कि वह जनता से सिर्फ कागजी वादा कर रहे हैं, जो न मालूम कब पूरा होगा।

> नगर निगम जल्द इस कार्य को करने का प्रयास करेगा। बजट तैयार हो गया है। निगम का प्रयास है कि मौसम साफ होते ही इसकी शुरुआत की जाएगी।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# स्पेल विजार्ड में छोटा शिमला ने झटका प्रथम स्थान

**शिमला।** राजधानी शिमला के राजकीय केंद्र प्राथमिक स्कूल छोटा शिमला में भारती फाउंडेशन व प्रारंभिक शिक्षा विभाग शिमला की ओर से खंड स्तरीय स्पेल विजार्ड का आयोजन किया गया, जिसमें 20 स्कूलों से आए 40 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को दो वर्गों जूनियर व सीनियर में करवाया गया। जूनियर वर्ग में स्कूल छोटा शिमला स्कूल की मन्नत, सरयांश ने पहला स्थान हासिल किया।

राजकीय प्राथमिक स्कूल छोटा शिमला से सूरज और अरमान ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह सीनियर वर्ग में भराड़ी स्कूल की नव्या व आरुणी ने पहला स्थान, खलीणी स्कूल की परीक्षा व स्मृद्धि ने दूसरा स्थान और छोटा शिमला से जतिन व अनुराग तीसरे स्थान पर रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार डॉक्टरों की मांगों को कर रही नजरअंदाज


डॉ. संतलाल शर्मा

**अर्की।** हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार डॉ. संतलाल शर्मा ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर डॉक्टरों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है। डॉ. संत लाल शर्मा के कहा कि डॉक्टरों की मांगें सर्वथा उचित हैं। सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को लटका कर रख रही है और उन्हें केवल बातचीत का लॉलीपॉप दिया जा रहा है, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. संतलाल शर्मा ने कहा है कि डॉक्टरों के आंदोलन से प्रदेश के लोगों को जो परेशानी हो रही है, वह सरकार की डॉक्टरों के प्रति नकारात्मक सोच का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टरों के आंदोलन के कारण राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक


नेहरू युवा केंद्र नाहन और राणा नवयुवक मंडल लोगों को जागरूक करते हुए।

**नाहन।** नेहरू युवा केंद्र नाहन के सौजन्य से राणा नवयुवक मंडल टेक के साथ मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। नवयुवक मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह द्वार ने गांववासियों को बताया कि सभी लोग मतदान करें। इस दौरान राणा नवयुवक मंडल टेक राजेंद्र अरुण संदीप कमल, कपिल और अन्य सदस्य मौजूद रहे। गांव के नंबरदार तथा शिलाई ब्लॉक वालंटीयर वीरेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ मिल-जुलकर चलाना होगा अभियान

**अर्की।** भीम सिंह अध्यक्ष नया सवेरा जनकल्याण समिति अर्की ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से समाज के सभी लोगों से अपील की है कि जिस तरह से युवा पीढ़ी नशे की गिरफत में फंसती जा रही है, यह हर घर व हर व्यक्ति के लिए चिंता व चिंतन का विषय है। उनका कहना है कि आज समाज के विभिन्न वर्गों जिसमें अध्यापक, अभिभावक, प्रशासन, पंचायतीराज प्रतिनिधि, राजनीतिक व गैर राजनीतिक दल व समाज के विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों को इस अभियान को एक जन आंदोलन के रूप में चलाना होगा, ताकि नशा माफिया व नशा प्रयोग करने वालों पर दबाव बनाया जा सके। इसके साथ ही लोगों से भी अपील की है कि नशा बेचने वाले की तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि हमारी भावी पीढ़ी को नशे की गर्त में जाने से बचाया जा सके।

### भाजपा के ऑपरेशन लोटस का हुआ पर्दाफाश : वर्मा

**अर्की।** ब्लॉक युवा कांग्रेस अर्की अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने आरोप लगाया कहा कि बीते दिनों से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन लोटस का पर्दाफाश हो गया है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ रचा भाजपा का षड्यंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मजबूत है और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर गर्व है। उनका कहना है कि भाजपा का यह सारा षड्यंत्र हिमाचल की जनता ने देख लिया है और आगामी लोकसभा चुनाव में वे इसका जवाब भाजपा को दिखाने को तैयार है।

### पांवटा में डॉक्टरों की हड़ताल का मरीजों पर असर

**पांवटा साहिब।** हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ सिरमौर की पेन डाउन हड़ताल लगातार जारी है। संघ के अध्यक्ष डॉ. पीयूष तिवारी ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल पांवटा साहिब के सभी मेडिकल ऑफिसर्स पेन डाउन हड़ताल में शामिल हैं। डॉ. पीयूष ने कहा कि संघ प्रदेश की जनता के लिए समर्पित है और संघ की मांगें पूरी होने से ही प्रदेश की जनता को और बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध होंगी। वहीं, जब अनंत ज्ञान की टीम सिविल अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों के पास मरीजों की खासी भीड़ दिखी। इसका कारण यह भी है कि डॉक्टर 12 बजे के बाद सेवाएं देते हैं और मरीज सुबह नौ बजे से ही लाइनों में लग जाते हैं।


पांवटा साहिब में डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक के कारण बेहाल रोगी।

### 'आप' पीड़ित परिवार के पक्ष में आई आगे


सोलन में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता करते हुए।

**सोलन।** कसौली विधानसभा क्षेत्र के गांव सनावर में होटल कारोबारी के साथ मिलकर पीड़ित परिवार के पास कोर्ट का स्टे ऑर्डर होने के बावजूद भी पुलिस की मिलीभगत से पीड़ित के आशियाने पर बुलडोजर चलाया गया। इसको लेकर आम आदमी पार्टी पीड़ित परिवार के पक्ष में आगे आई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से समाज के दबे और शोषित वर्ग का सहारा बनी है और हम विश्वास रखते हैं कि आगे भी ऐसे लोगों की आवाज बनी रहेगी। इस मामले में आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, जिससे प्रशासन की गंभीरता पर सवाल उठता है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, सोशल मीडिया के लोकसभा इंचार्ज सुशील पंवर, जिला अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर, जिला सचिव रीता ठाकुर, अजय कुमार और लीला दत्त शर्मा मौजूद थे।

# फोरलेन में लगी रेहड़ियों को हटाने के लिए एनएचएआई का अल्टीमेटम

## सपरून में फोरलेन के किनारे लगी हैं अवैध रेहड़ियां, यूनियन ने मांगा स्थायी ठिकाना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के तहत सपरून में फोरलेन के किनारे लगी रेहड़ी फड़ी चालकों पर संकट के बादल उमड़ आए हैं। एनएचएआई ने अवैध रूप से लगी रेहड़ियों को हटाने के लिए दो दिन का समय दिया है। इसके बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी।

वहीं, उजड़ने के डर से मां शूलिनी रेहड़ी–फड़ी विकास समिति ने अब नगर निगम से स्थायी ठिकाना दिए जाने की मांग की है। बता दें कि शहर के लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को नगर निगम ने वेंडर मार्केट में करीब 54 दुकानों का आवंटन कर दिया है, पर अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया। इससे लाइसेंस धारकों को रेलवे की कार्रवाई का डर सता रहा है, ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।


सोलन के सपरून में सजी रेहड़ियां जिस कारण राहगीर परेशान हो रहे हैं।

**रेहड़ियां कम होने के बजाए बढ़ गईं :** लोगों को उम्मीद थी कि रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद फुटपाथ में लगी रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा, पर यहां रेहड़ियां कम होने के बजाए दिनोंदिन बढ़ रही है। यहां नगर निगम की कार्यप्रणाली से पिछले एक वर्ष के दौरान अवैध तौर पर दर्जनों रेहड़ी चालकों के कब्जे हो गए, जबकि लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को अभी तक स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को गिरा दिया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे चलना जोखिम भरा हो चुका है।

लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ, पर रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है।

### वेंडर जोन में मिले रेहड़ियां लगाने की सुविधा

**मां** शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के प्रधान महिताप सिंह ने नगर निगम सोलन की आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर रेहड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना दिए जाने की मांग की है, साथ ही टैक्सी स्टैंड में टाउन वेंडर कमेटी की तरफ से आवंटित वेंडर जोन में रेहड़ियां लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समिति को टाउन वेंडर कमेटी ने सपरून बाईपास में खाली जमीन पर 19 + 10 रेहड़ियां लगाने की सहमति दी थी, पर यहां पर रेहड़ियां नहीं लगाने दी जा रही हैं। रेहड़ी चालकों ने सरकारी योजना के तहत 10 से 50 हजार के ऋण ले रखे हैं। रेहड़ियां हटाने से इस वर्ग पर आर्थिक संकट आ जाएगा, इसलिए निगम को जल्द उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

> सपरून में रेहड़ी चालकों को दुकानों का आबंटन हो चुका है। इस वर्ग को जल्द कब्जा दिया जाएगा। लाइसेंस धारक अन्य रेहड़ी चालकों को भी स्थायी ठिकाना देने का प्रयास किया जाएगा।
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### नाहन कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

**नाहन।** डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य शीर्षक था 'जी–20 सम्मेलन और उसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव'। इस समारोह का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका प्रो. नवदीप कोर शाह ने किया। समारोह के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत शर्मा ने सत्र 2023–24 में विभाग के द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। समारोह के दौरान विभाग के प्राध्यापक प्रो. गोपाल भारद्वाज ने जी–20 सम्मेलन और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर अपना व्याख्यान दिया।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आज के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर इस तरह के सम्मेलन की जरूरतों पर विस्तारपूर्वक अपने विचार साझा किए। समापन समारोह में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. यशपाल सिंह तोमर ने धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बिजली बोर्ड ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ की कार्रवाई की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बिजली बिल की राशि वसूलने के लिए विद्युत बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। विभाग ने बिजली डिफाल्टरों के बिजली के कनेक्शन काटने शुरू कर दिए हैं। बिजली बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए प्रथम चरण में 52 कनेक्शन काट दिए हैं, जिनसे विभाग ने चार लाख नौ हजार 273 रुपए की राशि वसूलनी है। 176 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की जारी सूची के तहत 52 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं।

विभाग ने विद्युत उपमंडल नालागढ़–2 के तहत 13 लाख 64 हजार 244 रुपए की राशि वसूलने के लिए 176 उपभोक्ताओं की सूची जारी की थी, जिसमे से नौ लाख 54 हजार 971 रुपए की वसूली 123 उपभोक्ताओं से हो गई, लेकिन बिल जमा न करवाने पर 52 के कनेक्शन काट दिए गए हैं। इन उपभोक्ताओं ने यदि अब भी बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया तो इनके कनेक्शन स्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन लेने में भारी परेशानी झेलनी होगी।

### बिल न देने वालों के कनेक्शन काटना किए शुरू

जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड नालागढ़ ने अपने 13 लाख 64 हजार की बिजली बिलों की राशि वसूलने के लिए पूरी सख्ती दिखाई और 176 उपभोक्ताओं की सूची में से 52 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं। बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत विद्युत उपमंडल नालागढ़–2 ने अपने 13 लाख की राशि वसूलने के लिए विभाग ने कड़ा रवैया अपनाया हुआ है। विद्युत उपमंडल नालागढ़ के तहत सब–डिवीजन नालागढ़ 2 में 4 सेक्शन दभोटा, गोलजमाला, खेड़ा, पंजैहरा के ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। विद्युत उपमंडल नालागढ़ के तहत सब–डिवीजन नालागढ़ एक में नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझौली के शामिल हैं। कई उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों के रूप में बोर्ड को पैसों की अदायगी नहीं की थी और अपनी बकाया राशि वसूल करने के लिए बिजली बोर्ड ने दरियादिली त्यागते हुए सख्त निर्णय लिया और कनेक्शन काटे गए हैं।

बिजली बोर्ड नालागढ़ के एसडीओ मुकेश शर्मा ने बताया कि विभाग ने विद्युत उपमंडल नालागढ़–2 के तहत डिफाल्टरों से अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए 176 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की सूची जारी की थी, जिसमें से प्रथम चरण में 52 कनेक्शन काटे गए हैं, जिनसे विभाग ने चार लाख नौ हजार 273 रुपए की राशि वसूलनी है।

### रेणुका थाने के एसएचओ की हार्टअटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

रेणुका थाने के एसएचओ जीत सिंह की हार्टअटैक से मृत्यु हो गई है। जानकारी के अनुसार वह एविडेंस पर पावंटा साहिब गए हुए थे।

संगड़ाह के डीएसपी मुकेश कुमार ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की है। श्री रेणुका जी जर्नलिस्ट यूनियन ने उनकी मृत्यु पर शोक प्रकट किया है। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दें।



### फूड इंस्पेक्टर ने किया पांवटा बाजार का औचक निरीक्षण, काटे चालान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब फूड इंस्पेक्टर राजेंद्र शर्मा ने बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों, ढाबों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन और घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक रूप में प्रयोग के संबंध में जांच की गई।

इस दौरान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लगभग 20 व्यवसायिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें दो फल और सब्जी के विक्रेता से रेट लिस्ट प्रदर्शित न करने पर लगभग एक क्विंटल सब्जी तथा चार दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया। प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के खिलाफ मौके पर 8800 रुपए जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें तथा सभी खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।


पांवटा बाजार का औचक निरीक्षण करते फूड इंस्पेक्टर।

उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से सभी दुकानदारों से अपील की गई है कि वे अपनी दुकानों में रेट लिस्ट लगाएं, साथ ही पॉलीथिन का उपयोग न करें। इसके साथ उन्होंने दुकानदारों से कहा कि घरेलू सिलेंडर का प्रयोग व्यावसायिक रूप में न करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लोस चुनाव के दृष्टिगत राजनीतिक दलों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव–2024 के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने की।अजय यादव ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर नारा लेखन, पोस्टर, होर्डिंग, बैनर, झंडे इत्यादि को चुनाव की घोषणा के 48 घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निजी संपत्ति पर अनाधिकृत रूप से किए गए राजनीतिक विज्ञापनों को भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के 72 घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि निजी संपत्ति पर संपत्ति स्वामी की अनुमति से आसानी से हटाए जा सकने वाली विज्ञापन सामग्री जैसे झंडे एवं बैनर इत्यादि लगाए जा सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सी–विजिल ऐप की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के शिवदत्त ठाकुर, संधीरा दुल्टा, सुषमा थापर, अर्पणा ठाकुर, नवीन सूद, रूपेंद्र कौर तथा कंचन राणा, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत शर्मा, आम आदमी पार्टी की रीता ठाकुर तथा भरत ठाकुर सहित तहसीलदार निर्वाचन सोलन उषा चौहान एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते अतिरिक्त उपायुक्त।

## अलंकरण समारोह में छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित अलंकरण समारोह में मुख्य शिक्षक संजय चौहान की मौजूदगी में छात्र परिषद 2024 की घोषणा की गई। इसमें हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्ट्स और समन्वयक के रूप में चयनित विद्यार्थियों को स्कूल के प्रमुख शिक्षकों द्वारा औपचारिक रूप से बैज देकर सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण का संचालन पिछले वर्ष के हेड ब्वॉय आदित्य राज सिंह ने किया। विद्यार्थी परिषद 2023 के सदस्यों ने विद्यालय के भीतर उच्चतम मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सदस्यों को कार्यभार और ध्वज सौंपा। उत्साह के बढ़ते स्तर के साथ येरिक गौरी को पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर का हेड ब्वॉय और महक कौर ढिल्लों को हेड गर्ल घोषित किया गया। राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में प्रदर्शित अपनी खेल प्रतिभा के कारण देवाशीष सैजल और आयुष राय को स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट नियुक्त किया गया, जिसमें उनके साथ आध्या शर्मा भी खेल समन्वयक के रूप में कार्य करेंगी। धैर्य शर्मा और अशमन कौर बाजवा को चिनार हाउस प्रीफेक्ट, नेनसांग लेप्चा औरी समरत ढिल्लों, देवदार हाउस प्रीफेक्ट्स, रोहक गोयल और आयशा प्रधान, ओक हाउस प्रीफेक्ट्स, जबकि अथर्व शर्मा और सारा ठाकुर, टीक हाउस प्रीफेक्ट्स घोषित किए गए।


पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित अलंकरण समारोह में छात्र व अध्यापक।

कला विभाग की देखभाल का जिम्मा कर्मा लेप्चा को प्रदान किया गया। एमयूएन के लिएसुयश बंसलतथा पारिस्थितिकी विभाग के लिए विशेष और वृद्धि शर्मा को चयनित किया गया। तारीश मित्तल और महक सिंहद्व ारा समाज सेवा का कार्यभार संभाला गया जबकि विद्यालय के प्रतिष्ठित ब्रास बैंड और पाइप बैंड का संचालन रोहित गर्ग और प्रियलद्वारा किया जाएगा।

पीए प्रबंधनपृथ्वीश मोंगा तथा भाषण और वाद–विवाद विभाग पार्थ गोयल और गुनीत कौरके नेतृत्व में कार्य करेगा। रूपांश जैन को फोटोग्राफी, सात्विक शोकल और अमृता राय को स्टेज प्रबंधन, सुखविंद्र सिंह और निशा राय को अनुशासन तथा सुपश गोस्वामी और हरगुन कौर को प्रकाशन विभाग को सुदृढ़ बनाने का कार्य प्रदान किया गया।

इसके अलावा अन्य को भी सम्मानित किया गया। कार्यकारी निदेशक, कैप्टन एजे सिंह और निदेशक प्रशासन समीक्षा सिंह ने सभी स्कूल प्रमुखों के साथ स्कूल ऑनर्स के पुरस्कार विजेताओं और छात्र परिषद को बधाई दी। कैप्टन सिंह ने देखभाल, करुणा और सहयोग के मूल 'सी' मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए छात्र नेताओं को उनकी नई जिम्मेदारियों को अपनी क्षमताओं के अनुसार संभालने के लिए प्रेरित किया।

## पहल — पांवटा के स्वयं सहायता समूह फूलों से रसायन मुक्त गुलाल कर रहे तैयार

# महिलाएं अपने परिवार की आजीविका में कर रहीं इजाफा

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने होली पर्व के लिए रसायन मुक्त गुलाल तैयार करने की पहल की है। सरकार के नमो नमामि गंगे संस्थान की ओर से दिए गए प्रोजेक्ट के तहत महिलाएं अपने परिवार की आजीविका में इजाफा कर रही हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं होली में हर्बल गुलाल की मांग को देखते हुए फूलों से बने रसायन मुक्त गुलाल बना कर इस मांग की पूर्ति भी कर रही हैं।

महिलाओं का कहना है कि केमिकल वाले रंग न सिर्फ त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि एक्ने, एलर्जी और जलन का कारण भी बनते हैं। ऐसी दिक्कतों से बचने के लिए फूल, पत्तियों, सब्जियों और मसालों से तैयार रंगों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

ये खासकर स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं और आंखों को भी नुकसान नहीं पहुंचता। नेचुरोपैथी एक्सपर्ट व डाइटीशियन शायमा देवी ने बताया कि कैसे हर्बल कलर घर पर आसानी से तैयार किए जा सकते हैं और कैसे सेलिब्रेट करें सेफ होली। समूह की महिला बबीता कौशल ने बताया कि पिछले वर्ष महिलाओं ने 40 किलो हर्बल कलर बनाया था। इसमें लगभग 40 से 50 हजार का फायदा हुआ था। इस बार इससे ज्यादा हर्बल कलर बनाए जा रहे हैं। जिससे आदर्श स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अच्छा रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं इस से रोजगार भी कमा रही है और घर बैठे अपने हुनर को भी संभाल रही है। इस दौरान समूह की अन्य सदस्य भी मौजूद रहीं।


पांवटा साहिब की स्वयं सहायता समूह द्वारा फूलों से तैयार रसायन मुक्त गुलाल।

### नीम की पत्तियों से बनाएं हरा रंग

नीम की पत्तियों को पीसकर तैयार हुए पेस्ट से हरा रंग बना सकते हैं। इस पेस्ट को पानी में मिलाकर होली खेल सकते हैं। यह फेस पैक की तरह भी काम करेगा। नीम एंटीबैक्टीरियल और एंटी एलर्जिक होने के कारण स्किन के लिए फायदेमंद है व यह कील, मुंहासों की समस्या में राहत देता है। नीम की पत्तियों को सुखाकर इसके पाउडर को भी गुलाल की तरह लगाया जा सकता है। मेंहदी का प्रयोग भी कर सकते हैं।

### पीले रंग के लिए मक्की के आटे में मिलाएं हल्दी

**पीला** रंग बनाने के लिए हल्दी बेहद मुफीद है। हल्दी एंटीसेप्टिक और एंटी इंफ्लेमेटरी होती है जो स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। पीला रंग तैयार करने के लिए हल्दी को जौ या मक्की के आटे में मिलाकर पेस्ट बना सकते हैं। इसे रंग की तरह इस्तेमाल करें। यह डेड स्किन हटाकर नेचुरल स्क्रब की तरह काम करेगा। हल्दी को आरारोट या चावल के पाउडर में भी मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### चुकंदर से बनाएं लाल रंग

**इस** मौसम में चुकंदर आसानी से उपलब्ध है। इसे घिसकर पानी में उबाल लें और लाल रंग तैयार है। गहरा पिंक रंग चाहते हैं तो इसमें पानी ज्यादा मिलाएं। इसके अलावा इसे पीसकर पेस्ट भी बना सकते हैं। खास बात है कि यह रंग आंखों और मुंह में चले जाने पर नुकसान भी नहीं होता है। बच्चों को नुकसान से बचाने के लिए इस रंग को पिचकारी में भरकर भी दे सकते हैं।

### रैलियों के लिए स्थल चिन्हित

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत सोलन जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन रैलियों के लिए रैली स्थल चिन्हित कर लिए गए हैं। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 50–अर्की विधानसभा क्षेत्र में मुख्य बाजार अर्की शिव मंदिर के समीप, कुनिहार में तालाब के समीप, दाड़लाघाट में पशुपालन के समीप तथा डुमैहर (दोलंग मैदान) को रैली स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि 51–नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंजैहरा मैदान मंदिर के समीप, पंचायत घर के बरूणा के समीप बरूणा मैदान, पुराना छात्र विद्यालय नालागढ़, अनाज मंडी मैदान नालागढ़, राजकीय महाविद्यालय रामशहर के समीप रामशहर (रिवालसर) मैदान तथा पंचायत घर नंड के समीप नंड मैदान को निर्वाचन रैलियों के लिए रैली स्थल चिन्हित किया गया है।

उन्होंने कहा कि 52–दून विधानसभा क्षेत्र में पुरानी सब्जी मंडी बद्दी के समीप हनुमान चौक, बद्दी तहसील के टीपरा गांव में बरोटीवाला–हरिपुर मार्ग के समीप खेल मैदान, चंडी–पट्टा मार्ग पर मेला मैदान (बरड कालोनी मैदान), बस अड्डा चंडी, बस अड्डा कुठाड़, बस अड्डा गोयला तथा पट्टा में बस अड्डे के समीप मैदान को रैली स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

## कानून की भूमिका पर किए विचार साझा


शूलिनी विश्वविद्यालय में नए आपराधिक कानूनों पर पांच दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लेने पहुंचे प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के कानूनी विज्ञान संकाय ने 27 फरवरी से नए आपराधिक कानूनों पर पांच दिवसीय कार्यशाला और संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य संकाय सदस्यों, कानून के छात्रों और पेशेवरों के बीच भारत की आपराधिक कानून प्रणाली में हाल के संशोधनों और प्रगति की समझ को समृद्ध करना है।

कार्यशाला का उद्घाटन कानूनी दिग्गजों की उपस्थिति में किया गया। हिमाचल के पूर्व पुलिस महानिदेशक सोमेश गोयल पहले दिन के मुख्य अतिथि थे। अपने उद्घाटन भाषण में गोयल ने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन और संबंधित चुनौतियों पर पुलिस के दृष्टिकोण पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की।

### शूलिनी विवि में नए आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन

यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. अजय रंगा दूसरे दिन के मुख्य वक्ता थे।
कार्यशाला में और अधिक कानूनी पहलुओं को जोड़ते हुए तीसरे दिन के सत्र में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. पिंकी आनंद शामिल थे, जिन्होंने नए आपराधिक कानूनी ढांचे की परिवर्तनकारी क्षमता और चुनौतियों के लिए हमारी कानूनी प्रणाली को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. पिंकी आनंद, जो भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल हैं, ने सपनों की शक्ति और सामाजिक न्याय के एक उपकरण के रूप में कानून की भूमिका पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यशाला में डॉ. पिंकी आनंद और सौदामिनी शर्मा द्वारा लिखित 'रेजिंग द बार' नामक पुस्तक का विमोचन भी हुआ, जो कानूनी अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है।

डॉ. पिंकी आनंद ने शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर में स्थित एक व्यापारिक स्टॉल का भी उद्घाटन किया। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने शूलिनी विश्वविद्यालय के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए कहा कि हम एक वैश्विक विश्वविद्यालय बनने की दिशा में लगन से काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रो. पीके खोसला ने मात्रा से अधिक गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला।

## न्यूज ब्रीफ

### चांदमारी में दुकान से पकड़ी अवैध शराब

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत चांदमारी ग्राउंड के पास प्रेम चंद निवासी चांदमारी की दुकान से पुलिस ने 870 एमएल देसी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने एक्साईज एक्ट के तहत मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर की मारपीट, केस दर्ज

**शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत मारपीट का मामला सामने आया है। लदवाड़ा में विजय कुमार निवासी लदवाड़ा तहसील शाहपुर ने उसी के गांव ओम प्रकाश का रास्ता रोक कर उनके साथ लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज व मारपीट की। शिकायतकर्ता ओम प्रकाश की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट के जड़े आरोप, शिकायत दर्ज

**जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत राजेश कुमार निवासी लाहड़ डाकघर हारसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज की है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। पीड़ित राजेश कुमार का कहना है कि वह मारपीट के दौरान आरोपियों का नहीं पहचान पाए। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्थानीय लोगों ने नशेड़ी को पहुंचाया अस्पताल

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज के क्लब हाउस के पास एक नशेड़ी को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने नशे में बेहोश पड़े नशेड़ी की हालत को देखते हुए 108 आपातकालीन सेवा में फोन कर सूचित किया। 108 सेवा मे तैनात कर्मियों ने नशेड़ी को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार खबर लिखे जाने तक नशेड़ी अभी तक होश में नहीं आया है। उक्त व्यक्ति के होश में आने के बाद ही व्यक्ति की पहचान हो पाएगी।

### काम से लौट रहे व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला

**जयसिंहपुर।** वीरवार रात को हारसी के लाहड़ गांव के राजेश पुत्र पितर राम पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया है। इसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। राजेश के भाई अशोक कुमार ने बताया कि वह संधोल में वेल्डिंग का काम करता है। जब वह काम से घर लौट रहा था तो करीब सात बजे के आसपास उसे पर हमला कर दिया। रात नौ बजे जब उन्हें पता चला तो उन्होंने तुरंत उसे टांडा हॉस्पिटल पहुंचाया। राजेश के शरीर पर काफी चोटें लगी हैं। बताया जा रहा है कि उसके सर पर गहरी चोटें आई हैं। वहीं, एसएचओ जयसिंहपुर प्रेम ने बताया कि उक्त व्यक्ति रमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, 307 धारा के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नूरपुर में युवक पर किया दूसरी बार हमला

**नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक एटीएम से पैसे निकलवाए गया था। इस दौरान युवक के गांव के साथ लगते गांव के कुछ युवकों ने उस पर हमला कर दिया। युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस थाना फतेहपुर में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शिकायत में युवक के पिता ने कहा है कि इस हमले में उसके बेटे के दोनों हाथों की उंगलियों पर चोटें आई हैं तथा आरोपी युवक इससे पहले उस पर भी हमला कर चुके हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित युवक का मेडिकल करवा लिया है। उधर मामले की पुष्टि एसपी अशोक रतन ने की है।

### जमा राशि को प्राप्त करने को 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने दी जानकारी; बोले-इंद्रु नाग भगवान के आशीर्वाद से बिना किसी बाधा के पूरा होगा मैच

# स्टूडेंट्स 100 रुपए में देख पाएंगे भारत-इंग्लैंड का टेस्ट मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्कूली छात्र अब बेहद कम दामों में भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का लुत्फ उठा पाएंगे। स्कूली छात्रों को मात्र 100 रुपए में एचपीसीए टिकट उपलब्ध करवाएगा। यह टिकट एक दिन के लिए मान्य होगी। टिकट हासिल करने के लिए स्कूली छात्र के पास स्कूल का वैद्य आई कार्ड होना अनिवार्य है और एक आई कार्ड पर दो टिकट मिलेंगी।

यह जानकारी देते हुए एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि स्कूली बच्चे क्रिकेट खेलना और देखना पसंद करते हैं। उन्हें यदि मैदान से लाइव मैच देखने का मौका मिले तो वह उत्साहित होंगे और साथ ही अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को करीब से खेलता देख पाएंगे। उन्होंने बताया कि धर्मशाला में सात मार्च को भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच के लिए टीमें तीन मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे धर्मशाला पहुंच जाएंगी। उन्होंने बताया कि मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री तीन मार्च से शुरू होगी। छह मार्च तक मौसम खराब रहने की संभावना पर संजय शर्मा ने कहा कि भगवान इंद्रु नाग से मैच के सफल आयोजन की प्रार्थना की गई है। हमें पूरा विश्वास है इंद्रु नाग भगवान के आशीर्वाद से मैच बिना किसी बाधा के पूरा होगा।



धर्मशाला स्टेडियम का मनमोहक दृश्य।

## टेस्ट मैच से पहले जुटने लगे वेंडर्स

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

धर्मशाला में आईपीएल मैच हों या वर्ल्ड कप मुकाबले बाहरी राज्यों के वेंडर्स काफी संख्या में यहां जुटते रहे हैं। अब इसी माह धर्मशाला में टेस्ट मैच खेला जाना है, जिसको लेकर वेंडर्स की आमद शुरू हो गई है।

टी-शटर्स, कैप, हैट, फेस पेंटिंग और झंडे बेचने वाले वेंडर्स मैचों के दौरान काफी संख्या में आते हैं। इस तरह अभी मैच में कुछ समय शेष है, ऐसे में वेंडर्स ने भी धर्मशाला स्टेडियम रोड के बजाय मैक्लोडगंज का रुख किया है। मैक्लोडगंज इंटरनेशनल टूरिस्ट डेस्टीनेशन है। जहां देश-विदेश के पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। ऐसे में वेंडर्स ने भी धर्मशाला के बजाय शुरुआत में मैक्लोडगंज में डेरा जमाया है। धर्मशाला स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के मध्य टेस्ट मैच 7 से 11 मार्च तक खेला जाना है, जिसके लिए अभी से वेंडर्स जुटना शुरू हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)




टी-शर्ट बेचते हुए वेंडर्स

# दूसरे चरण में धर्मशाला में हो सकते हैं आईपीएल मैच

## आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने दी जानकारी, आउटडोर स्पोर्ट्स पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में इंडीस्पो-इंडिया इंटरनेशनल कान्फ्रेंस एंड एक्सपो ऑन ऑउटडोर स्पोर्ट्स इक्वीपमेंट्स एंड टेक्नोलॉजी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पर्यटन को खेलों के माध्यम से ओर अधिक आगे ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यटन व खेलों को जोड़कर प्रदेश की आर्थिकी को आगे बढ़ाने में कारगर होगी। इस कड़ी में अब एडवेंचर व आउटडोर स्पोर्ट्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। आईपीएल चेयरमेन अरुण धूमल ने कहा कि इस सीजन आईपीएल मैचों के साथ लोकसभा चुनाव भी होने है, ऐसे में दूसरे चरण में धर्मशाला स्टेडियम में अधिक से अधिक मैच लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-इंग्लैंड के धर्मशाला में होने वाले अंतिम मैच को लेकर भी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यहां रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा, पांच वर्ल्ड कप मैचों के आयोजन होने से विश्व भर में बड़े डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में वाटर स्पोर्ट्स के भी काफी स्कोप है, उस पर भी कम होगा। अरुण धूमल ने हिमाचल की राजनीति में आए उबाल को लेकर कहा कि सर्दियां बहुत है, तो ऐसे में गरमाहट भी जरूरी है। भाजपा ने राज्यसभा सीट पर जीत हांसिल की है, ऐसे में आगामी समय महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्रम में देश-विदेश से बाहर खेल, साहसिक खेल और पर्यटन कारोबार से जुड़े कई बुद्धिजीवी, गणमान्य लोग एवं कारोबरियों ने हिस्सा लिया। इसमें आउटडोर स्पोर्ट्स से पर्यटन व आर्थिकी बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई, साथ ही खेल और साहसिक गतिविधियों में बेहतर सुरक्षा को बढ़ावा देना, साथ ही खेल से जुड़े पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने पर भी सेशन में चर्चा हुई।

### स्पोर्ट्स से बढ़ेगी पर्यटन व आर्थिकी



**अरुण** धूमल ने हिमाचल की राजनीति में आए उबाल को लेकर कहा कि सर्दियां बहुत है, तो ऐसे में गरमाहट भी जरूरी है। भाजपा ने राज्यसभा सीट पर जीत हांसिल की है, ऐसे में आगामी समय महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्रम में देश-विदेश से बाहर खेल, साहसिक खेल और पर्यटन कारोबार से जुड़े कई बुद्धिजीवी, गणमान्य लोग एवं कारोबरियों ने हिस्सा लिया। इसमें आउटडोर स्पोर्ट्स से पर्यटन व आर्थिकी बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

# बिहार-नेपाल बॉर्डर से चोरी के आरोपी को लेकर धर्मशाला पहुंची पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

कोतवाली में लाखों की चोरी के मामले में पुलिस गिरफ्तार चोर को लेकर बस अड्डा क्षेत्र में पहुंची तथा चोरी को लेकर उससे पड़ताल की। गौर हो कि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बसे गांव से गिरफ्तार चोर के मामले में उसके गांव के दर्जनों लोगों पर स्थानीय पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि हिमाचल से गई धर्मशाला पुलिस का कोई भी कर्मी इस हमले का शिकार नहीं हुआ है।

बता दें कि कोतवाली की एक मोबाइल शॉप से लाखों के मोबाइल चोरी के मामले में बिहार-नेपाल बॉर्डर पर बसे गांव से आरोपी को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए आसान नहीं रहा। पुलिस ने जब आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया तो लोग उसे पकड़ कर हिमाचल प्रदेश ले जाने का विरोध करने लगे। टीम में मौजूद पुलिस बल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार जब धर्मशाला पुलिस ने उक्त आरोपी को उसके घर से पकड़ा तो लोग एकत्र हो गए तथा पुलिस का विरोध करने लगे। इसके बाद घोड़ासहन पुलिस टीम को मौके पर बुलाया गया। जब आरोपी को गाड़ी तक ले जाया जा रहा था तो वो एक बिजली के खंभे से लिपट कर न ले जाने की बात कहने लगा। इसके बाद उसे पकड़ कर पुलिस जीप में डाला गया तो लोगों ने गाड़ी और पुलिस कर्मियों पर किचड़ फेंका लेकिन पुलिस गाड़ी में बिठाकर ले आई। हालांकि कुछ लोग गाड़ी से लटक गए, लेकिन बाद में उन्होंने उतरना ही बेहतर समझा। वहीं इसके बाद के घटनाक्रम में कुख्यात गांव के लोगों ने स्थानीय पुलिस पर इंट-पत्थर फेंके तथा इस घटना में पुलिस की गाड़ी को भी क्षति पहुंची। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### अभी और आरोपियों की हो सकती है गिरफ्तारी

**उधर,** इस बारे में जानकारी देते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि धर्मशाला पुलिस की टीम चोर को लेकर सुरक्षित पहुंची थी तथा हमारे जवानों पर कोई हमला ग्रामीणों की ओर से नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि हालांकि जानकारी के अनुसार वहां की स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस से भिड़ने का मामला दर्ज किया है। एएसपी ने बताया कि मामले में पूछताछ जारी है तथा पूछताछ के बाद और आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

# इंडिस्पो में खेल और पर्यटन को बढ़ावा देने पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




धर्मशाला के डी पोलो होटल में इंडिस्पो-इंडिया इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन आउटडोर स्पॉर्ट्स इक्विपमेंट्स एंड टेक्नोलॉजी 2024 का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इस खेल और खेल से जुड़े उद्योग के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में खेलों और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे हुई और इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल रहे।

अपने वक्तव्य के दौरान अरुण धूमल ने धर्मशाला खेल और खेल से जुड़े पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में अलग अलग सत्र में कई विषयों पर चर्चा की गई। इसमें बाह्य खेलों का भविष्य नवाचार, सतत् विकास और आर्थिक प्रभाव पर चर्चा हुई। इस सेशन में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल, साइट इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित चोपड़ा, इस नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकबाल और वायर ड्रॉइंग डेवलपमेंट सोसायटी के इवेंट सेक्रेटरी जगदीप भल्ला ने खेलों के भविष्य और सतत् विकास को लेकर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडर अजय, कर्नल राजीव प्रधान, गौरव सिंगला और आशीष आनंद ने खेलों और साहसिक गतिविधियों में सुरक्षा मानकों और प्रमाणीकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और आयोजक जगदीप भल्ला ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद किया। भारत सरकार के लघु उद्योग विभाग के अनुभाग अधिकारी हेमंत शर्मा कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन वायर ड्रॉइंग डेवलपमेंट सोसायटी ने भारत सरकार के लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के समर्थन के साथ किया और वंडर वकर्स के द्वारा इसका क्रियान्वयन किया गया। साथ ही हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, एड्वेंचर स्पोर्ट्स फेडरेशन हिमाचल प्रदेश और साईट इंडिया भी इस कार्यक्रम के प्रायोजक थे।

## कुलवंत सिंह पंडोरी ने शाहपुरकंडी बैराज बांध का किया निरीक्षण

**शाहपुरकंडी।** पंजाब विधानसभा की अधिकार कमेटी की ओर से शुक्रवार को कमेटी के सभापति सरदार कुलवंत सिंह पंडोरी की देखरेख में रणजीत सागर बांध परियोजना एवं शाहपुरकंडी बैराज बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने बांध अधिकारियों के साथ बैठक कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा विशेष रूप में उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी ने बताया कि यह कमेटी विधायकों को दिए गए विशेष अधिकारों संबंधी विचार विमर्श करती है और अगर किसी भी विधायक की कोई शिकायत हो तो उनका समाधान करती है । वहीं, उस विधायक की शिकायत की पूरी रिपोर्ट विधानसभा के स्पीकर को सौंपी जाती है। इस मौके पर विस कमेटी को और से रणजीत सागर बांध परियोजना पर स्थित शहीद स्मारक पर जाकर बांध परियोजना के निर्माण के दौरान शहीद हुए कर्मचारी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट की। उसके बाद धार ब्लॉक में स्थित चमरोड पतन (मिनी गोवा) का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर बोटिंग का आनंद माना। इसके साथ ही रणजीत सागर बांध परियोजना की झील का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी स्पीकर जय किशन रोड़ी, विधायक अरुण चौधरी, विधायक डॉक्टर सुखविंद्र सिंह सुखी, विधायक नरेंद्र कौर, विधायक मनजिंद्र सिंह लालपूरा, बांध परियोजना के एसई विकान्त आनंद जसबीर पाल,संदेश राज, एक्सईएन हैडक्वार्टर लखविंदर सिंह, गुरजिंद्र सिंह, तहसीलदार तरसेम लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



जयसिंहपुर। शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर मंडल द्वारा आलमपुर जोन के विभिन्न ग्राम केंद्रों में युवा चौपाल कार्यक्रम चलाया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने भाग लिया। रविंद्र रवि धीमान ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दरमिंद्र सिंह जोली, अजय सिंह संजु, प्रधान बालकरूपी सुनील चौधरी आदि युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पैरापिट होता तो टल जाता हादसा लोगों ने उठाई पैरापिट लगाने की मांग

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

हरिपुर बनखंडी सड़क मार्ग पर वीरवार को हुए हादसे में परिवार के लिए एक ऐसा जख्म छोड़ गए कि, जिसे वह कभी भी उभर नहीं पाएंगे, लेकिन इस हादसे ने अपने साथ कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं, जिस जगह पर यह सड़क हादसा हुआ है और जहां से ट्रैक्टर 30 फीट नीचे लुढ़क गया है, वहां पर किसी भी प्रकार का पैरापिट न होना भी अब लोगों की चर्चा में शामिल हो गया है। घटनास्थल पर जगह इतनी तंग है की वहां से एक वाहन ही सड़क पास कर सकता है।

एक साइड सड़क पर मलवा बिखरा हुआ है तो वहीं, दूसरी और पैरापिट नहीं लगे थे। इसके चलते ट्रैक्टर नीचे की ओर लुढ़क गया। हालांकि हादसे की वजह अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं हो पाई है कि आखिर ट्रैक्टर नीचे क्यों लुढ़का ये सब इन्वेस्टिगेशन के बाद ही पता चल पाएगा। नजरों से देखा जाए तो कहीं न कहीं यह बात भी सामने आ रही है कि स्थिति को ध्यानार्थ रखते हुए पैरापिट लगाए होते तो शायद ट्रैक्टर संतुलन खोने के बाद भी रुक सकता था या फिर इतना नीचे नहीं जा सकता था। कहीं ना कहीं इस हादसे में ड्राइवर की जान बच भी सकती थी। इसका एक मुख्य कारण और भी है कि बनखंडी की ओर से जब वहां आते हैं तो उतराई भरी सड़क होने के कारण ब्रेक लगवाना मुश्किल है तो वहीं दूसरी और सड़क पर पैरापिट न लगे होने के कारण खतरा दोगुना बढ़ जाता है। हालांकि इस मामले पर हरिपुर बनखंडी सड़क मार्ग पर भी जगह-जगह खतरा ऐसे ही बना हुआ है इकलौती यही एक सड़क नहीं है जहां पर ऐसे खतरे हैं। आठ किलोमीटर भरे इस सफर में कई जगह ऐसी देखी जा सकती है जहां पर पैरापिट लगाए जाना जरूरी है। सड़कों की हालत भी बनखंडी तक दयनीय हो चुकी है जो कि भविष्य में भी किसी भी वाहन चालक के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



हादसे वाली जगह की दृश्य

> बनखंडी हरिपुर सड़क मार्ग पर निरीक्षण करके जहां-जहां क्रैश बैरियर या पैरापिट लगाने की संभावना देखी जाएगी। वहीं, विभाग द्वारा वहां पर उक्त पैराफिट लगा दिए जाएंगे।
> **-गुरबचन सिंह, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल हरिपुर।**

### घर का एकमात्र सहारा था राजकुमार

**वहीं,** प्रभावित परिवार को इन सब बातों से अब क्या मतलब, जिनके घर का एक चिराग बुझ गया है। वहीं, बेटी और बेटे के सर से आप का साया उठ चुका है। रोजाना की तरह रामकुमार अपने पेट की खातिर दिहाड़ी लगाने के लिए रोजमर्रा के जैसे घर से निकल चुका था। उसे क्या पता था कि वीरवार का दिन उसके लिए काल बनकर सामने आया है। इस हादसे के बाद अपने घर वालों से कभी नहीं मिल पाएगा घर वालों को जब उसकी मौत की खबर पता चली तो वह सुन्न रह गए हैं। रामकुमार अपने घर का एकमात्र सहारा था, जिसकी वजह से घर की रोजी-रोटी चलती थी।

# सुकन्या समृद्धि योजना लड़कियों के लिए बनी वरदानः प्रोफेसर बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के संयुक्त तत्वावधान में सुकन्या समृधि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

धौलाधार परिसर एक के सेमिनार हाल में हुई इस कार्यशाला में बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल मौजूद रहे। वहीं, पूर्व कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल के अलावा मुख्य वक्ता के रुप में जेएनयू से प्रो. मोंदीरा दत्ता और चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अंबेश प्रकाश उपमन्यु सहित कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप मौजूद रहे। वहीं केंद्रीय विवि की अनुसंधान परियोजना समूह के निदेशक एवं शिक्षा स्कूल से सहायक प्रोफेसर डा. ललित मोहन शर्मा ने कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल का स्वागत करते हुए उनका इस कार्यक्रम में भाग लेने का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. मोंदीरा दत्ता ने कहा कि हिमाचल की भूगौलिक परिस्थितियां काफी भिन्न हैं। वाबजूद इसके इस योजना के क्रियान्वयन में सभी विभागों के कर्मचारियों की भूमिका काफी सराहनीय रहती है। वहीं अध्यक्ष प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना हमारी युवा लड़कियों के लिए आशा और सशक्तिकरण की किरण के रूप में खड़ी है, जो व्यवस्थित वित्तीय नियोजन के माध्यम से एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान करती है। इस परिवर्तनकारी योजना पर चर्चाओं, अंतर्दृष्टि और ज्ञान के प्रसार के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा उद्देश्य जागरूकता और भागीदारी को उत्प्रेरित करना है, यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक बालिका को उन अवसरों तक पहुंच प्राप्त हो जिसकी वह हकदार है।



कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी सामूहिक चित्र में।

**परेशानी** प्रवासी मजदूरों सहित अन्य लोग शराब पीने व जुआ खेलने को लेकर निरंतर आते रहते हैं

# नशेड़ियों-जुआरियों का अड्डा बनी नगर निगम की पार्किंग

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

मैक्लोडगंज स्थित पार्किंग नशेड़ियों और जुआरियों का अड्डे बन गई है। धर्मशाला नगर निगम द्वारा दलाई लामा मंदिर मार्ग में बनी इस पार्किंग में शाम होते ही प्रवासी मजदूरों सहित अन्य लोग शराब आदि नशे करने और जुआ खेलने पहुंच जाते हैं। नशे की हालत में यहां गाली-गलौज होना और मारपीट होना आम बात हो गई है।

इस मार्ग से रोजाना दलाई लामा मंदिर के लिए सैकड़ों पर्यटक गुजरते हैं और शाम के समय भी पर्यटकों की खासी हलचल रहती है, लेकिन पार्किंग के समीप से गुजरने पर पर्यटन नगरी को लेकर उनके दिमाग पर क्या छाप छूटती होगी, इस बात का अंदाजा आप लगा सकते हैं। यही नहीं, पार्किंग में प्रवासी मजदूरों ने अपने आशियाने तक बना लिए हैं, जहां वह रात गुजारते हैं। दलाई लामा की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह एक संवेदनशील मामला है। व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की ऐसी हरकतें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। पार्किंग में नशेड़ियों और जुआरियों के जमावड़े से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और पर्यटकों में भी रोष देखा गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त प्रवासियों पर नुकैल कसी जाए और कोई ठोस कर्रवाई अमल में लाई जाए। गौरतलब है कि वीरवार देर रात और शुक्रवार को उक्त प्रवासी मजदूरों में हाथापाई हुई है, हालांकि मामला पुलिस में दर्ज नहीं हुआ है। इससे पूर्व भी उक्त पार्किंग क्षेत्र में करीब पांच मारपीट के मामले प्रकाश में आ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

> मुझे दूरभाष के माध्यम से दलाई लामा पार्किंग में नशेड़ियों और जुआरियों की गतिविधियों की शिकायत मिली है, गत दो दिनों में कुछ मारपीट के मामले में ध्यान में आए हैं, पुलिस उक्त मामले में दबिश देकर जल्द कार्रवाई अमल में लाएगी।
> **-यादेश ठाकुर, थाना प्रभारी मैक्लोडगंज।**



नगर निगम की पार्किंग के हाल।

## न्यूज ब्रीफ

### 39 मील में त्रैमासिक बैठक सात मार्च को

**कांगड़ा।** भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक सात मार्च को सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी । जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर ने बताया कि बैठक में केंद्र व राज्य सरकार के पास विभिन्न लंबित मुद्दों सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने जिला के सभी सदस्यों से बैठक में पहुंचने की अपील की है ।

### धर्मशाला में विकास सुधीर शर्मा की देनः वीरेंद्र

**धर्मशाला।** धर्मशाला में हुआ विकास सुधीर शर्मा की देन है। रोप-वे हो, संपर्क मार्गों का पक्का किया जाना हो, हर गांव तक सुधीर शर्मा ने विकास कार्यों को पहुंचाया है। यह बात धर्मशाला बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष एवं स्थानीय निवासी विरेंद्र शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार के एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उन्हें दरकिनार ही रखा। धर्मशाला बैडमिंटन क्लब के लिए भी सुधीर शर्मा का अहम योगदान रहा है। उन्होंने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वह सुधीर शर्मा के समर्थन में आगे आए। विरेंद्र शर्मा ने कहा कि वीरवार को कुछ लोगों ने सुधीर शर्मा का पुतला फूंकने का प्रयास किया गया, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

### स्वार्थ की राजनीति करती है कांग्रेसः अतुल

**धर्मशाला।** धर्मशाला में वीरवार को कांग्रेस के दो धड़ों में हुए टकराव से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के नेता स्वार्थ की राजनीति करते हैं। कांग्रेस नेता केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण, धर्मशाला में हाई कोर्ट को बैंच सहित विभिन्न मुद्दों पर कभी आगे नहीं आए। यह बात धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर उन्हें अपनी पार्टी में अपना पक्ष रखना चाहिए था, वह न तो अपना पक्ष रख सके और न ही समाज के अंदर अपना पक्ष रख सके हैं। अतुल भारद्वाज ने सुधीर शर्मा का पक्ष लेते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपने मत का प्रयोग अपनी बुद्धि से करने का अधिकार है और सुधीर शर्मा ने राज्य सभा सदस्य को चुनने में प्रदेश हित को देखते हुए मतदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह विधायकों की सदस्यता रद्द करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अतुल भारद्वाज ने कहा कि सुधीर शर्मा को प्रदेश हित के मुद्दों में जनता का साथ देना महंगा पड़ा है।

### कठियाड़ा के लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**डाडासीबा।** दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सी शाखा परागपुर के माध्यम से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मनियाला के गांव कठियाड़ा में किया गया। इसमें बैंक की तरफ से बैंक अधिकारी अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक की ऋण व बचत संबंधित योजना की जानकारी दी गई। इस मौके पर कैप्टन संचार चंद, विनोद कुमार, मुकेश कुमार व अन्य स्थायी निवासी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## साइबर थाना धर्मशाला में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे धोखाधड़ी के मामले, 25 फीसदी महिलाएं हुईं ठगी का शिकार

# 2023 में साइबर ठगी की आई 2444 शिकायतें

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

साइबर थाना धर्मशाला के तहत साइबर ठगी के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों की बात करें तो थाना में रोजाना औसतन आठ से दस शिकायतें पहुंच रही हैं। मार्च 2023 से अब तक 2888 के करीब शिकायतें आई हैं। साल 2023 में कुल 2444, तो इस साल ऐसी करीब 444 शिकायतें शुरुआती दो माह में आई हैं। शिकायत दर्ज करवाने वालों की बात करें तो शिकायतकर्ताओं में 20 से 25 फीसदी संख्या महिलाओं की हैं। जबकि शेष पुरुष हैं जो ठगी का शिकार हुए हैं। यहां बताते चलें कि कारवाई के लिए ठोस आधार न पाए जाने पर ज्यादातर शिकायतों को लेकर एफआईआर दर्ज नहीं हो पाती तथा यही कारण है कि 2888 शिकायतों की आरंभिक पड़ताल के बाद मात्र 41 मामलों में एफआईआर दर्ज हो पाई है।

वहीं, साइबर थाना धर्मशाला के तहत साइबर ठगी के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। (अनंत ज्ञान)



### लोग गाढ़ी कमाई के चक्कर में गंवा रहे लाखों

2023 में मार्च माह से धर्मशाला में साइबर थाना शुरू होने के बाद से अब तक साइबर ठगी के 41 मामलों में ही 5,624,8222 रुपए की रकम पीड़ितों के खातों से शातिर उड़ा चुके हैं। साइबर ठग कभी ऑनलाइन गेम, कभी ट्रेडिंग तो कभी फेक काल्स के जरिए लोगों को आए दिन फांस लेते है। ऐसे में लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए अब तक गवांने पड़े हैं तथा भविष्य में भी इसकी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस जमाने में साइबर ठगी की तकनीक दिन-ब-दिन बदल रही है। ऐसे में शातिर कोई भी तरीका अपना कर ठगी करते हैं। साइबर ठगी के ज्यादातर मामलों में शेयर ट्रेडिंग, टेलीग्राम एप्प, रेटिंग देने तथा कस्टमर केयर सर्विस आदि के नाम पर निशाना बनाया जाता है। शिकार हुए लोगों को अकाऊंट में पैसा आने के फेक मैसेज प्रसारित किए जाते हैं। टेलीग्राम ऐप में काफी लोगों को ठगा जा रहा है। इसमें लोगों को होटलों आदि की रेटिंग कर के कमाने का प्रलोभन देकर लोगों को लुटा जाता है। खास बात ये कि लालच तथा प्रलोभनों के फेर में लाखों कमाने के चक्कर में लोगों के खातों से साइबर ठग लाखों रुपए उड़ा लेते हैं। वहीं, यहां बताते चलें कि साइबर ठग कभी ऑनलाइन गेम, कभी ट्रेडिंग तो कभी फेक काल्स के जरिए लोगों को आए दिन फांस लेते हैं।

### साइबर ठगी को लेकर रोजाना आ रही हैं शिकायतें



**उधर,** आंकड़ों की पुष्टि करते हुए एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि थाना में साइबर ठगी को लेकर रोजाना शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में जांच करने के लिए कोई ठोस आधार न होने के कारण उन शिकायतों में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाती। उन्होंने जनता से अपील की जागरूक रह कर ऐसे साइबर फ्रॉड करने वालों से बचे रहें। उन्होंने बताया कि आंकड़ों की बात करें तो थाना में रोजाना औसतन आठ से दस शिकायतें पहुंच रही हैं।

## डिजिटल साक्षरता अभियान 'सचेत' का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में शुक्रवार को कांगड़ा मंडल के लिए डिजिटल साक्षरता अभियान का शुभारंभ 'सचेतन' नाम से शुरू किया गया। 'सचेतन' अभियान शुभारंभ करते हुए मंडलायुक्त ए शायनामोल ने कहा कि आम जन में डिजिटल साक्षरता बारे जागरूकता लाने के लिए यह अभियान, जिसे 'सचेतन' नाम से नामकरण किया गया है।

यह कांगड़ा मंडल के तीनों जिले चंबा, कांगड़ा व ऊना में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में कंप्यूटर, मोबाइल फोन हर जन द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है। इस स्थिति में इसके सही प्रयोग के बारे जानकारी होना अति आवश्यक है।

इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर आधारित टूल का सही तथा सुरक्षित प्रयोग बारे जागरूक किया गया। शीघ्र ही इसी तरह के कार्यकम वरिष्ठ नागरिक, किसान व अन्य विभिन्न सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों के लिए उनकी आवश्यकतानुसार आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सौरभ जस्सल अतिरिक्त उपायुक्त जिला कांगड़ा, डॉ. संजीवन कटोच प्राधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला, राम प्रसाद सहायक आयुक्त मंडलायुक्त कांगड़ा मंडल, भूपेंद्र पाठक वरिष्ठ अधिकारी राष्ट्रीय सूचना केंद्र कांगड़ा, प्रवीण धीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (साइबर काइम), डॉ. पवन ठाकुर प्राध्यापक कंप्यूटर शिक्षा राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सहायक प्रोफेसर मनीष कुमार गोंड को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, देहरा**

27 फरवरी राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रीय आवासीय कला शिविर के समापन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मनीष कुमार गोंड को राष्ट्रपति भवन का प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

बता दें कि मनीष कुमार गोंड हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, देहरा परिसर के दृश्य कला विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर हैं और हिमाचल प्रदेश के युवा कलाकारों में समकालीन चित्रकला के विशेषज्ञ हैं, विगत कई वर्षों से हिमाचल प्रदेश की गद्दी संस्कृति पर आधारित शोधकार्य करते हुए चित्रनिर्मित कर रहे हैं और चित्रकला के क्षेत्र में कई सारे राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। गौरतलब हो कि पिछले 21 फरवरी 2024 से ही राष्ट्रपति भवन द्वारा एक राष्ट्रीय आवासीय कला शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 13 राष्ट्रीय, युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों का राष्ट्रपति भवन द्वारा चयन किया गया। इनमें हिमाचल प्रदेश से एकमात्र कलाकार मनीष कुमार गोंड को भी चुना गया और आमंत्रित किया गया। इस राष्ट्रीय कला शिविर के दौरान मनीष कुमार गोंड ने अपने चित्रों में हिमाचल प्रदेश की गद्दी संस्कृति की सुंदरता और भव्यता को दर्शाया और एक अन्य चित्र में राष्ट्रपति भवन की शाम की भव्यता को लैंडस्केप चित्र के रूप में बनाया। मनीष कुमार गोंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी एक पेंटिंग भी भेंट स्वरूप प्रदान की। जिसको राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय में संग्रहित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसका शुभारंभ माननीया राष्ट्रपति द्वारा हुआ।





प्रोफेसर मनीष कुमार को सम्मानित करती हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में चार दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव छह मार्च से मनाया जाएगा

**चामुंडा।** आज श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में मनाया जाने वाला चार दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव श्री चामुंडा मंदिर प्रशासन और नंदीकेश्वर महादेव बारीदार सभा के सहयोग के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय होमात्मक रुद्र महायज्ञ महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन छह मार्च से लेकर नौ मार्च तक किया जाएगा। इसकी जानकारी आज नंदीकेश्वर महादेव बारीदार सभा के प्रधान पवन गोस्वामी और श्री चामुंडा मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने दी। उसमें उन्होंने बताया कि चार दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा ।

## बहुमत होने के बाद भी राज्यसभा चुनाव हार गई कांग्रेसः घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता के बीच पूरी तरह से अपना भरोसा खो चुकी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सभा चुनाव में हार के बाद सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की बहुमत की सरकार होने के बावजूद कांग्रेस को राज्यसभा चुनाव हार मिलना जनता ही नहीं सरकार के मंत्रियों विधायकों का भी स्पष्ट संदेश है। शर्मा ने कहा कि हर्ष महाजन को राज्यसभा चुनाव में जीत मिलना प्रदेश के राजनीतिक इतिहास की सबसे बड़ी घटना है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की 14 माह के कार्यकाल की कार्यशैली खराब ही नहीं बहुत ही निराशाजनक भी रही है। प्रदेश की जनता ने 14 महीने में प्रदेश में जो कुछ खोया है, इससे प्रदेश दस साल पीछे चला गया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में इससे पहले कभी ऐसा घटनाक्रम नहीं हुआ की 14 माह की सरकार इस तरह से जनमानस ही नहीं अपने विधायकों की कसौटी पर खरा न उतर पाई हो। शर्मा ने कहा कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार महज 14 महीनों में ही जनता ही नहीं अपने विद्जायकों का भी भरोसा खो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम से पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है। हिमाचल की जनता की जनभावनाएँ राज्यसभा के चुनाव में दिखाई दे रही है। शर्मा ने कहा कि कोई भी सरकार जब विधायकों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाती तो स्वाभाविक रूप से जनता अपने विधायक को माफ नहीं करती। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस को नहीं सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। शर्मा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित ही नहीं पक्की हो चुकी है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल भारत के बल्कि दुनिया सबसे लोकप्रिय और महान नेता के रूप में उभरकर दुनिया के सामने आए हैं । शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाजपा जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर जमीनी स्तर पर कार्य में जुटी है व चारों सीटें भाजपा की पक्की हो चुकी हैं।



डरोह। स्वच्छता अभियान के चलते आईटीआई गढ़ जमूला के छात्र ग्राम पंचायत गढ़ बसदी में एक बावड़ी को साफ करते हुए।

## नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा । इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। वहीं, लोगों की शिकायतें का निपटारा किया जाएगा।


### बेदखली सूचना

मैं प्रीतम आयु 63 वर्ष पुत्र स्व. नंदू राम निवासी गांव सरगल डाकघर बरठीं तहसील झंडूता जिला बिलासपुर घोषणा करता हूं कि मेरा छोटा लड़का मंजीत सिंह व उसकी पत्नी मेरे कहे अनुसार कार्य नहीं करते हैं। उनका आचरण ठीक नहीं है। मैं दोनों को तमाम जायदाद से बेदखल करता हूं।




नगरोटा बगवां। आज ठारु टिलेश्वर महादेव क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन संपन्न हुआ । प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने भाग लिया। 15 दिन चली इस प्रतियोगिता में बलधर व ठारू की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। इसमें ठारू की टीम ने बलघर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फाइनल में मैन ऑफ द मैच वरुण धीमान को चुना गया। जबकि अंकित ठाकुर को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मुख्यातिथि प्रधान ग्राम पंचायत ठारु अजय भनियारी तथा उपप्रधान अजय चौधरी ने विजेता तथा उपविजेता टीम को इनाम वितरित किए।

## एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सुनवाई 19 को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है। इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं। क्योंकि इलाका वासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं। बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट विस्तारित कारण की तारीख पहले 26 दिसंबर को पड़ी थी उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दो जनवरी से लेकर चार जनवरी तक चलाई थी और उसी की मद्देनजर को रखते हुए माननीय ने नौ जनवरी को रखी। अब इस केस की सुनवाई को जारी रखते हुए यह फैसला अब 29 फरवरी को सुनाना था। वहीं, सुनवाई न होने पर अब इसकी सुनवाई 19 मार्च को होगी।

## अश्वनी राणा को यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पद से किया निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस पार्टी में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी राणा की कांग्रेस पार्टी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते यूथ कांग्रेस के पद से निलंबित कर दिया गया है। पार्टी के अनुसार अश्वनी राणा के कार्य कांग्रेस पार्टी कर मूल मूल्यों और एकता को कमजोर करते है। बता दे कि बीते गुरुवार को धर्मशाला के कचहरी अड्डे में सुक्खू समर्थकों के साथ सुधीर शर्मा के समर्थकों के साथ झड़प हो गई थी।

सुक्खू समर्थक सुधीर शर्मा का पुतला जलाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं होने दिया। वहीं, मौके पर सुधीर शर्मा के समर्थक भी पहुंच गए और दोनों समर्थकों की और से नारेबाजी करने का सिलसिला शुरू हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के अतिरिक्त पुलिस कमांडो को भी मौके पर बुला लिया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोक जा सके। हालांकि कुछ देर के लिए दोनों समर्थकों के बीच हाथपाई भी हुई, लेकिन पुलिस ने दोनों दलों के समर्थकों को शांत करवा कर मामले को रफा-दफा किया। वहीं, सुक्खू समर्थकों द्वारा विधानसभा से निलंबित किया गए छह विधायकों के पुतले भी बनाए गए थे जिसे जलाने के लिए सुक्खू समर्थक धर्मशाला के कचहरी चौक में पहुंचे थे। इसी को रोकने के लिए सुधीर शर्मा के समर्थक भी मौके पर पहुंचे हुए थे। इन्ही में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अश्वनी राणा भी शामिल थे और उन्होंने भी मौके पर जमकर नारेबाजी की थी, लेकिन अब कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते अश्वनी राणा को निलंबित कर दिया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बडैहर विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बडैहर विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर के अंतर्गत मनरेगा 15वां एफसी व अन्य शीर्ष के विकास कार्यो के निष्पादान हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं/सप्लाई कर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10-03-2024 को शाम पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बडैहर में पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद दी जाने वाली निविदा अमान्य होंगी। निविदाएं 11-03-2024 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत (कमेटी) द्वारा निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 1. | रेता क्रशर |
| 2. | बजरी क्रेशर |
| 3. | ईंट |
| 4. | सेटरिंग |
| 5. | जेसीबी |
| 6. | दरबाजे, खिड़कियां |
| 7. | चौखट |
| 8. | सीमेंट ढुलान HPSCS BAHANWIN से कार्य स्थल तक |
| 9. | कट स्टोन |
| 10. | बोल्डर/सोलिंग स्टोल |
| 11. | मिक्सचर |
| 12. | रेता प्लांट/धुला रेता |
| 13. | कार्य स्थल जानकारी बोर्ड |

**नियम व शर्तें :**

1. जीएसटी के प्रति साथ लाएं। 2. जिसकी कुटेशन पास होगी उसे 10000/- रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कार्य बीच में छोड़ जाने पर वह राशि वापस नहीं होगी। 3. समस्त पंचायत क्षेत्र में मूल्य एक जैसा होगा। 4. अन्य नियम व शर्तें पंचायतीराज अधिनियम व नियम अनुसार।



## कार्यालय ग्राम पंचायत पन्याली विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

**नकल प्रस्ताव सं. 4 आज दिनांक 26-02-2024 को ग्राम पंचायत पन्याली द्वारा पारितः-**

**विषय : 2024/25 कुटेशन आमंत्रित करने बारे**

आज की बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित पंचायत सदस्यों के समुख यह प्रस्ताव रखा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुटेशन आमंत्रित की जानी है। इसके लिए न्यूज पेपर में पत्राचार किया जाना है व 7 तारीख को सुबह 11 बजे खोली जाएंगी।

**सामग्री का ब्यौरा**

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रशर/ धुला रेता | प्रति cum |
| 2. | बजरी 20,40,10एमएम | प्रति cum |
| 3. | बोल्डर/पत्थर | प्रति cum |
| 4. | सेटरिंग | प्रति SF |
| 5. | पानी टैंकर | प्रति टैंक |
| 6. | सीमेंट ढुलवाई नादौन से पन्याली | प्रति बैग |
| 7. | सीमेंट ढुलवाई हमीरपुर से पन्याली | प्रति बैग |
| 8. | ईंट अव्वल | प्रति ईंट |
| 9. | टाइल आईएसआई मार्का | प्रति पीस |
| 10. | साइन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 11. | मिक्सचर मशीन डीजल | प्रति दिन |
| 12. | जेसीबी मशीन | प्रति घंटा |

निविदा के साथ जीएसटी नं. कापी संलगन करना आवश्य है। बिना जीएसटी के निविदा को रद्द किया जाएगा। सिक्योरिटी मनी के तौर पर 10,000 रुपए जमा करवाने होंगे। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पंचायत में पारित हुआ। जिला हमीरपुर के नादौन ब्लॉक में रजिस्टड वेंडर को वरीयता दी जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पन्याली**


अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

02 मार्च, 2024, शनिवार

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : फाल्गुन, तिथि :षष्ठी (07:56): नक्षत्र : विशाखा (02:42), पक्ष : कृष्ण, योग व्याघात (06:04) शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:10)-(12:56)।

### विशेष दिन

02 मार्च 2006 को नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौता संपन्न हुआ।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष** : किसी भी प्रकार के संकट में न पड़े। व्यावसायिक स्थल पर अधिकारी आपका साथ देंगे। प्रमोशन की संभावना है।

**वृषभ** : आपकी भावुकता आपको अस्वस्थ बना सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

**मिथुन** : आज आमोद-प्रमोद में अपने आपको भुला देने का दिन है। मनोरंजन प्रवृत्ति में आप खोए से रहेंगे।

**कर्क** : व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।

**सिंह** : प्रणय-प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। क्रोध पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोग हो सकता है।

**कन्या** : आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। सामाजिक रूप से अपमान न हो, इसका ध्यान रखें।

**तुला** : नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई भेंट आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिकः** निर्धारित कार्य संपन्न न होने के कारण हताशा का अनुभव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण में क्लेश की मात्रा अधिक हो सकती है।

**धनु** : आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। कार्य सिद्धि और लक्ष्मी प्राप्ति दोनों की आज प्राप्ति होगी।

**मकर** : आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। वाणी और क्रोध पर संयम रखें अन्यथा हानि हो सकती है। मन में कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ** : आज का दिन लाभप्रद रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** : आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। किसी परोपकार का कार्य आपके द्वारा होगा। व्यापार में वृद्धि कर सकेंगे।

# हिमाचल में सियासी संकट खत्म होता नहीं दिख रहा

**हिमाचल** प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद शुरू हुआ सियासी संकट खत्म होता नहीं दिख रहा है। कांग्रेस ने तीन पर्यवेक्षकों को भेजकर भले ही सरकार बचाने और सब कुछ ठीक होने का दावा किया हो, लेकिन विवाद अब भी बना हुआ है और कांग्रेस के कई अन्य विधायक आने वाले दिनों में बगावत कर सकते हैं। फिलहाल बीजेपी की नजर इस बात पर है कि विक्रमादित्य के साथ कितने विधायक अभी खुलकर सामने आते हैं या विक्रमादित्य कितने विधायकों के साथ होने का दावा कर रहे हैं।

बीजेपी कहीं से भी यह संदेश नहीं देना चाहती कि वह चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर रही है, वह जनता के बीच यही बताना चाह रही है कि कांग्रेस की यह अंदरूनी कलह है। ऐसे में सरकार गिरती है, तो उसके लिए जिम्मेदार भाजपा नहीं, अपितु कांग्रेस का आला नेतृत्व ही होगा, जो अपने वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों की बातों को तवज्जो नहीं देता है और उनकी अनदेखी करता रहा है। कांग्रेस नेतृत्व ने सियासी संकट के बीच पर्यवेक्षक के रूप में डीके शिव कुमार और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को शिमला भेजा था, जिन्होंने सभी विधायकों और सीएम से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें दावा किया गया कि कांग्रेस की सरकार पांच साल चलेगी और सब कुछ ठीक है।

हिमाचल में पल-पल सियासी हालात बदल रहे हैं। इन घटनाक्रमों को देखकर लगता है कि सियासी कशमकश अभी काफी लंबी चलेगी। बीजेपी सत्तारूढ़ कांग्रेस के और विधायकों को तोड़ने में जुटी है। उसने अभी सिर्फ छह ही विधायक तोड़े हैं। बीजेपी अगर कांग्रेस के विधायकों को तोड़ती है तो कम से कम चौदह विधायकों को तोड़ना होगा, तभी दल बदल कानून से बचा जा सकता है। अगर टूटे हुए छह विधायक बीजेपी से मिल भी जाते हैं और कानून का विरोध करते हैं तो ऐसे में इन पर दल बदल कानून की तलवार लटकी रहेगी। सुक्खू सरकार पर खतरा मंडराने की एक वजह विक्रमादित्य सिंह का सुक्खू के विरोध में आ जाना भी है। पहले विक्रमादित्य कांग्रेस के साथ होने की बात कहते रहे, लेकिन अचानक से सुक्खू सरकार के खिलाफ हो जाना समझ से परे है। विक्रमादित्य के दिमाग में क्या चल रहा है, यह पढ़ पाना आसान नहीं रहा।

सुक्खू ने विक्रमादित्य के तेवर देख उन्हें अपना छोटा भाई बताकर मामला शांत किया। इसके बाद विक्रमादित्य के तेवर नरम पड़े। उन्होंने इस्तीफा भी वापस ले लिया, लेकिन अब ताजा घटनाक्रम के मायने सियासी पंडित कुछ और ही निकाल रहे हैं और इसे सुक्खू सरकार के लिए बड़ा खतरा बताया जा रहा है। राजनीति में सब चलता है, लेकिन हिमाचल की राजनीति इस मुकाम तक पहुंच जाएगी, ऐसा किसी ने सोचा नहीं होगा। खैर, उम्मीद की जानी चाहिए कि हिमाचल पर छाया सियासी संकट शीघ्र ही छंट जाएगा और जनमानस के दिलों में मची धुकधुकी भी शांत हो जाएगी। जनता को अपने कामों से मतलब होता है। वह तभी संभव है, जब इस सारे राजनीतिक घटनाक्रम का समाधान हो जाएगा और उस पर विराम लग जाएगा।

# पारदर्शी वस्त्र धारण कर समाज पर भोग विलासिता की छाप छोड़ते युवा

**मानव** जन्म के समय भी नग्न अवस्था में होता है और मृत्यु के उपरांत देहवसान के समय भी उसका नग्न अवस्था में अंत्येष्टि संस्कार विधान संपन्न करवाया जाता है, लेकिन मनुष्य के पास विवेक और बुद्धि है, इसलिए इसे पशुओं से अलग समझा गया है। सांसारिक माया जाल के चक्कर व बदलती आधुनिक सामाजिक पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर आधुनिकता प्राप्त आज की युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नग्नता या फिर अपने शरीर पर जानबूझकर फट्टे पारदर्शी वस्त्र धारण कर विलासिता पूर्ण आचरण में रत है। यह मानसिकता धीरे-धीरे युवा व युवतियों के साथ-साथ शादीशुदा महिलाओं के दिमाग में घर कर गई है।

फिल्मों के भीतर दिखाए जाने वाले दृश्यों के माध्यम से एवं अभिनेता, अभिनेत्रियों के अश्लील वस्त्रों के दृश्य दिखाकर हर टेलीविजन चैनल अपनी अपनी टीआरपी बढ़ाने की होड़ में लगे हैं। ये सब फिल्में अब घर-परिवार के अन्य सदस्यों के साथ देखने योग्य नहीं रही हैं। इसकी भी अब क्या आवश्यकता है, आज मोबाइल फोन की क्रांति आ जाने से हर हाथ में, हर आंख के सामने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में यही दृश्य चलचित्रों द्वारा प्रतिबिंबित हो रहे हैं। भारतीय संस्कृति को अपने मार्ग से स्वयं दूर करने के हम खुद जिम्मेदार हैं। पाश्चात्य संस्कृति चलन की क्रांति को अनुसरण कर हम अपने ही देश के भीतर सुकून की नींद न मिलने के कारण भारतीय संस्कृति, धर्म के अनुकूल अपना जीवन प्रशस्त करने के लिए अग्रसर न होकर, उन सभी प्राचीन अटूट भारतीय परंपराओं से लगातार तीव्र गति से दूर होते जा रहे हैं। वाराणसी, मथुरा वृंदावन, अयोध्या, रामेश्वरम धाम, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में विदेशियों को हम अक्सर गेरुआ वस्त्र, भगवा धारी संपूर्ण शरीर को ढककर घूमते हुए देख सकते हैं। ये सब बाहरी नागरिक इन सभी अश्लील प्रपंचों से मुक्ति पाकर सनातन हिंदू संस्कृति, योग, भारतीय सभ्यता एवं आध्यात्मिकता की शक्ति से रू-ब-रू होकर मानसिक शांति खोजने के लिए प्रबल है। इन धार्मिक स्थानों का भ्रमण करने के उपरांत हमें ज्ञात होगा कि जिस अश्लीलता का अलाप आज की युवा पीढ़ी रट रही है, यह इन पाश्चात्य देशों के नागरिकों ने बहुत साल पहले अपनाकर छोड़ दिया था। आज सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम में अश्लील वस्त्र, पारदर्शी अंग प्रदर्शनी कर झूठी वाहवाही को लूटकर हम सभी अपने आप को महानता के चरम आनंद तक ले जाने की होड़ मचा रहे हैं। हमारे शास्त्रों और सनातन धर्म के अनुसार भी फटे वस्त्र पहनना विपनता और दरिद्रता की निशानी मानी गई है।

हद तो तब हो गई है कि इस मशहूर होने की प्रवृत्ति में माताएं स्तनपान करवाते वक्त शिशु को बगल में सुलाकर अपने अंग प्रदर्शन के माध्यम से ख्याति प्राप्त करने में जुटी हुई हैं। इसकी नकल कर बच्चे भी अपने मानसिक पटल पर दुष्प्रभाव विकसित कर इसका अंधानुकरण कर सकते हैं। बड़े जैसे उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, उसी के अनुरूप अनायास वश ही छोटे बच्चे भी उस ओर जाएंगे। भारत में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली है और आजादी के साथ हर नागरिकों को घूमने फिरने, खाना खाने, विभिन्न धर्मों की अपने-अपने संप्रदाय के अनुसार पूजा विधान करने की विभिन्न वस्त्रों को धारण करने की छूट है, लेकिन पारदर्शी वस्त्र पहनकर, जिसमें अपने निजी अंगों की



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर, जिला मंडी

प्रदर्शनी कर सामने वाले अमुक लड़का-लड़की, शादीशुदा महिला पुरुष को कामुकता भरी मानसिकता के साथ आकृष्ट करना या फिर दिखाना हमारे संस्कारों में शामिल नहीं है। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में दुष्कर्म की घटनाएं हर दिन सामने आती रहती हैं। इनका अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि अकेली राह चलती बहुत सी लड़कियों को गैंगरेप का शिकार बना दिया जाता है। महिलावादी विचारकों का कहना है कि पुरुष प्रधान तबकों की नीयत और सोच की मानसिकता गलत है।

यह सही बात है, लेकिन साथ-साथ यह भी ध्यान रखने योग्य है कि हर सामने वाला पुरुष भद्र है या भेड़िया, यह हमारी नारी शक्ति को ज्ञात नहीं होता। अगर हर महिला सकारात्मक भाव से हर पुरुष को भद्र मानती है तो यह उनकी सबसे बड़ी भूल और गलती के साथ कमजोरी भी है। हर भद्र दिखने वाला पुरुष भेड़िया नहीं हो सकता और हर भेड़िया दिखने वाला भद्र पुरुष। आज के कलयुग में चेहरे की भाव भंगिमाएं, बातचीत, चाल-चलन का अवलोकन कर हम किसी को अच्छा करार नहीं दे सकते है। यहां आज के समाज का हर व्यक्ति छद्मावरण से ढका मुखौटा पहना है, जो पुरातन समय के भोले-भाले समाज से कोसों दूर अछूता है। जिस तरह से समाज में अश्लीलता का प्रचलन बढ़ गया है, हम सभी कहीं न कहीं इसे खुद आमंत्रण देने के कसूरवार हैं। 21वीं सदी की नारी स्वतंत्र है, रूढ़िवादी पुरुष प्रधान तत्वों की सोच से ऊपर भी है। वह हर क्षेत्र में आगे है, लेकिन इस आधुनिक आजाद सामाजिक सोच के साथ-साथ महिलाओं को उनके ऊपर शिक्षित समाज द्वारा उनके ऊपर हमला कर प्रताड़ना, दुष्कर्म, हत्या, भोग विलासिता की वस्तु समझकर आज के परिदृश्य में मौत के मुंह में बड़ी संख्या में फिर क्यों धकेला जा रहा है।

यह बात सच है कि जिन राक्षसी पुरुषों की मानसिकता ही खराब है, वह पारदर्शी वस्त्रों को धारण किए बगैर भी अपने अंजाम को सफल बना कर आगे निकल जाते हैं। आए दिन छह महीने की दूध पीती बच्ची हो, चाहे दो-तीन साल की बच्ची, ये कुत्सित सोच वाले दरिंदे उन्हें अपना शिकार व निवाला बना देते हैं। वे उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर नामोनिशान तक मिटा देते हैं। मोबाइल फोन में उपलब्ध आसान अश्लील, भद्दे पारदर्शी वस्त्रों के रिवाज से लाखों वीडियो सामग्री को देख-देखकर आज हर एक पुरुष पर विश्वास करना कठिन है। उनकी सोच इन वीडियो को लगातार देख कर दृष्टि का नजरिया धूमिल हो चुका है। जो पुरुष अपनी मन: स्थिति पर काबू पा लेते हैं या कानून में सजा का प्रावधान का ज्ञान होने पर डर जाते हैं, वे घातक हमलावर नहीं बन पाए और इसके विपरीत जो पुरुष अपने दिमाग पर से नियंत्रण खो देते हैं या शीघ्र आवेश में आ जाते हैं, फिर वे समाज के लिए घातक दुष्कर्मी सिद्ध होते हैं। महिला ही दुष्कर्मी क्यों नहीं बन पाती, सिर्फ पुरुष ही क्यों, यहां इसका तर्क भी लिया जा सकता है।

इतिहास गवाह है कि किसी भी महिला ने किसी दुधमुंहे बच्चे या फिर छोटे नन्हे बच्चों को अपनी हवस का शिकार बना कर मारा हो या फिर भोग विलासिता की वस्तु समझा हो, क्योंकि महिलाओं को ईश्वर ने प्राकृतिक रूप से मातृत्व भावनाओं से युक्त किया है। इस अवलोकनार्थ यहां पर पुरुषों के आक्रामक हमलों से संबंधित घटनाओं का जिक्र किया गया है, लेकिन इन सभी घटनाओं, कृत्यों, अपराधों को देखकर महसूस कर अभिभावकों को भी अपने-अपने बच्चों, जवान युवा और बालिकाओं को भी संपूर्ण अंगों को ढकने वाले वस्त्र पहनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्हें किसी भी व्यक्ति के ऊपर भरोसा कर अपने बच्चों को उनके साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। चाहे वे नजदीकी रिश्तेदार ही क्यों न हों। देवभूमि हिमाचल प्रदेश पर्यटकों का हब है, जैसे कुल्लू, मनाली, शिमला, धर्मशाला इत्यादि प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर आए दिन हर वर्ष लाखों की संख्या में बाहरी राज्यों से बड़े शहरों के पर्यटक भ्रमण करते हैं। इनके द्वारा पहने जाने वाले पारदर्शी वस्त्रों का रिवाज यहां के स्थानीय युवा, युवतियों को प्रभावित करने में सहायक है। यह भी हमारे हिमाचल के लिए आने वाले समय के लिए खुद अपराध को न्योता देने जैसा सिद्ध हो सकता है।

## नजरिया

# संदेशखाली की टीस और तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी

**पश्चिम बंगाल** में ममता बनर्जी के राज में अत्याचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसके तमाम सुबूत पिछले कई वर्षों से लगातार सामने आ रहे हैं। पहले जो अत्याचार वामपंथ की सत्ता में यहां हो रहा था, वही आज ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग कर रहे हैं। कल के वामपंथी आज ममता के साथ खड़े हैं। जिस अत्याचार से मुक्ति दिलाने के भरोसे यहां की आम जनता ने ममता को सत्ता में बैठाया, वह अब अपने को ठगा महसूस कर रही है। पश्चिम बंगाल में देखा जाए तो यही जान पड़ता है कि पूरे भारत में जो नियम और संविधान चलता है, वह आज इस राज्य में नहीं है। यहां जो टीएमसी के लिए नियम हैं, अन्यों के लिए अलग हैं। स्थिति इतनी खतरनाक है कि कब, कहां बम फोड़ दिया जाए, कुछ पता नहीं।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

यहां कई जिलों में महिलाओं की चीखों के साथ रात गुजरती है। पश्चिम बंगाल में जो दर्द 'संदेशखाली' क्षेत्र का बाहर निकलकर आया भी, उसे दबाया जा रहा है। पिछले तीन दिन में यहां पर तीन हमले हुए हैं। लोगों को डराया जा रहा है। विशेषकर महिलाओं पर हमले हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल की स्थिति कितनी खराब है, वह इससे भी समझा जा सकता है कि एक महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यहां की महिलाओं का दर्द दिखाई नहीं दे रहा है। राज्य में कितनी अधिक अराजकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि यहां सिर्फ संदेशखाली क्षेत्र में ही 18 फरवरी से अब तक 1250 शिकायतें मिली हैं। यौन उत्पीड़न का नया मुख्य केंद्र 'संदेशखाली' है, आज यह सामने आया है।

अनुसूचित जनजाति आयोग को आदिवासी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की 50 शिकायतें मिली हैं। प्रशासन को 400 जमीन हड़पने की शिकायतें मिली हैं। ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पास जितनी भी शिकायतें पीड़ितों ने की हैं, उनमें से अधिकतर जमीनों पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के साथ रेप और यौन शोषण जैसी शिकायतें हैं। कुल मिलाकर बीते सप्ताह में शेख शाहजहां के खिलाफ 700 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। फिलहाल, लगता नहीं कि मुख्यमंत्री ममता अपनी और अपने शासन-प्रशासन तथा टीएमसी कार्यकर्ताओं की गलती मानेंगी। विपक्ष के नाते भाजपा को भी यहां अभी लंबा संघर्ष करना होगा।

## अंदाज-ए-बयां

### शहर में दंगा

*सुना है आज शहर में कोई दंगा हुआ है,*
*आज छोटा नहीं बहुत बड़ा पंगा हुआ है,*
*कैसे-कैसे बदल रहे हैं हालात,*
*ऐसे लग रहा है जैसे आम आदमी का जीना महंगा हुआ है।*
*जिस प्रदेश में गाली देना भी बुरा मानते थे लोग,*
*उस प्रदेश में अब हथियारों से भी हमला होने लगा है,*
*आखिर क्यों बेच रहा जमीर आदमी अपना,*
*क्या देवभूमि में जन्म लेना गुनाह हुआ है।*




*जैसे-जैसे हो रहे हम विकसित,*
*वैसे-वैसे क्यों किसी की सोच हो रही विकृत,*
*क्या ये नशा आ रहा इंसानियत के बीच में,*
*क्यों इंसान, इंसान का दुश्मन बना हुआ है।*
*जिस प्रदेश में लोग चैन की नींद सोते थे कभी,*
*वहां अब लूटपाट चोरी डकैती, शराब और चिट्टा आम हो रहा है,*
*कैसे बचाएं आखिर नई पीढ़ी को इनसे,*
*आने वाले समय में यह बहुत बड़ा स्कैम हो रहा है।*

**डॉ. जय अनजान (बिलासपुर)**

# पाकिस्तान में कम उम्र के लड़के-लड़कियां न तो अपने घरों में महफूज और न ही बाहर

**पाकिस्तान** में कम उम्र के लड़के और लड़कियां न तो अपने घरों के भीतर महफूज हैं और न ही बाहर। इस मुल्क के प्रतिष्ठित 'जिओ न्यूज' चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध यह रिपोर्ट सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। यह रिपोर्ट बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन 'साहिल' ने जारी की है।



इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कम से कम 4,213 बच्चों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को 'क्रूएल नंबर्स 2023' शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है। आयोग ने रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि पिछले साल इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान समेत सभी चार प्रांतों से कुल 4,213 बाल दुर्व्यवहार के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट से साफ है कि इन बच्चों का यौन शोषण ही नहीं किया गया, बल्कि उन्हें अपहरण कर बाल विवाह के दोजख के दावानल में झोंक दिया गया।

लेखक : मुकुंद
हिंदुस्थान समाचार

साल 2023 में इस नरक से 2,251 लड़कियों और 1962 लड़कों को गुजरना पड़ा। इनमें से अधिक संख्या 6-15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है। हद तो यह है कि हैवानों ने पांच वर्ष तक के बच्चों की आबरू पर डाका डाला। ऐसा करने में रिश्तेदार और परिवार के सदस्य भी पीछे नहीं रहे। आयोग की चेयरपर्सन राबिया जावेरी आगा का कहना है कि आंकड़े डरावने हैं। कुल 4,213 रिपोर्ट किए गए मामलों में से 75 फीसद पंजाब से, 13 फीसद सिंध से, सात प्रतिशत इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से, तीन प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और दो प्रतिशत बलूचिस्तान से हैं। आगा ने कहा हमें बाल शोषण के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। 'साहिल' के आंकड़े वास्तव में क्रूर हैं, लेकिन एक वास्तविकता है जिसका हमें सामना करना होगा।

इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए, यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार के पास अभी भी बाल शोषण पर कोई अधिसूचित राष्ट्रीय कार्ययोजना नहीं है। 'साहिल' की कार्यकारी निदेशक मनिजेह बानो ने कहा कि पाकिस्तान के संविधान में अनुच्छेद 25-ए 5 से 16 साल तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे लागू किया जाना चाहिए। जीवन कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम में सुधार की सख्त जरूरत है। 'साहिल' ने यह रिपोर्ट राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर तैयार की है। यह तो रही बात बच्चों के साथ जुल्म-ओ-सितम की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक भी महफूज नहीं हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के साथ होने वाली ज्यादती छुपी नहीं है। पाकिस्तान से जान बचाकर आए हिंदू भारत के अलग-अलग हिस्सों में शरणार्थी बनकर जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

# हिमाचल प्रदेश में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से हर कोई परेशान

**भौगोलिक** दृष्टि से हिमाचल प्रदेश भारत का एक छोटा सा राज्य है। 15 अप्रैल, 1948 को हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया था और 1971 में इसे, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम-1971 के अंतर्गत इसे 25 जनवरी 1971 को भारत का अठारहवां राज्य बनाया गया। तब से लेकर अब तक हिमाचल प्रदेश में काफी विकास हुआ है और लोगों के रहन सहन में बहुत सुधार हुआ है। हिमाचल प्रदेश में देश के अन्य राज्यों के मुकाबले बहुत विकास हुआ है, जिसमें समय-समय पर सभी सरकारों का योगदान रहा है, लेकिन मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश में तेजी से बढ़ रही नशे की रफ्तार चिंता का विषय बनती चली जा रही है।

हिमाचल प्रदेश पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते छह साल में एनडीपीएस के मामलों में दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नशाखोरी के मामले में हिमाचल प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। इस मामले में पंजाब राज्य शीर्ष पर है। दोनों पड़ोसी राज्य हैं, ऐसे में दोनों ही राज्यों के माफियाओं के बीच नशे की खरीद-फरोख्त भी जोरों पर है। पिछले कुछ सालों में युवाओं के बीच सिंथेटिक ड्रग का चलन बढ़ा है। युवा हेरोइन और चिट्टे की चपेट में आ रहे हैं। हिमाचल पुलिस के मुताबिक, प्रदेश की कुल जनसंख्या का 0.24 फीसदी हिस्सा नशे की चपेट में है। सर्वे के मुताबिक प्रदेश में करीब दो लाख युवा ड्रग एडिक्टेड हैं। हैरानी की बात है कि लड़कियां भी केमिकल नशा करने का शौक रखती हैं। प्रदेश में नशे को लेकर लगातार चिंताजनक स्थिति पैदा हो रही है। युवा पीढ़ी ही हमारे देश का भविष्य है। जिस तरह से हमारा देश विकास कर रहा है, लोगों के रहन-सहन का तरीका भी बदल गया है। अब लोगों के मन में यह धारणा हो गई है कि नशीले



लेखक : अशोक काजलेट
पुलिस थाना जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

पदार्थ हाई सोसासटी का फैशन हैं। अब के समय में लोगों की पार्टियां शराब या तंबाकू उत्पादन के बिना अधूरी सी हैं। बच्चे उसी माहौल में रच-बसकर उसी को अपने जीवन का हिस्सा मानने लगते हैं और नशीले पदार्थों का सेवन करना शुरू कर देते हैं।

नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता ही है, साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। नशे के आदी व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है। नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरूप हो जाता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। नशा अब एक अंतरराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गई है। दुर्व्यसन से आज स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है, जो इसके चंगुल में फंस गया, वह स्वयं तो बर्बाद होता ही है, इसके साथ ही साथ उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। आजकल अकसर यह देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है। वह तरह-तरह के नशे जैसे- तंबाकू, गुटखा, बीड़ी-सिगरेट और शराब के चंगुल में फंसती जा रही है।

व्यक्ति शुरू में तो इन नशीले पदार्थों के सेवन से आनंद महसूस करता है, लेकिन निरंतर उपयोग के चलते उस व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक बीमारियां झेलनी पड़ती हैं और अगर यही लतें विकराल रूप ले लें तो व्यक्ति का पारिवारिक और सामाजिक जीवन भी तहस-नहस हो जाता है। फिर चाहे कर भी व्यक्ति को इन लतों से छुटकारा नहीं मिल पाता है। हिमाचल पुलिस के मुताबिक साल 2020 में दो हजार 58 मामले किए गए, साल 2021 में दो हजार 223 मामले दर्ज हुए और साल 2022 में 2 हजार 226 मामले सामने आए। साल 2020 में कोरोना महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन के बावजूद इन मामलों में कोई कमी दर्ज नहीं की गई। 15 अगस्त 2020 को भारत सरकार ने नशा मुक्ति के लिए एक अभियान की शुरुआत की, जिसमें सरकार ने नशा मुक्ति के लिए कुछ नियम, योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए। नशा मुक्ति, नशा करने वाले व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्व रखता है, जिससे व्यक्ति न केवल अपने लिए, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी उपयोगी होता है। एक नशा मुक्त जीवन व्यक्ति को समाज में दोवारा से सम्मान मिलता है और व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सहज महसूस करता है। अपने और अपने परिवार की देखभाल कर सकता है।

**जेलों में कम पड़ रही जगह :** नशे के इन मामलों में पुलिस ने साल 2017 से साल 2022 तक 10 हजार 848 पुरुषों और 450 महिलाओं गिरफ्तार किया। बीते छह सालों में 87 विदेशी नागरिक भी पकड़े गए। प्रदेश की जेलों में कुल 2400 कैदियों को रखने की क्षमता है, लेकिन मौजूदा वक्त में कैदियों की संख्या तीन हजार से ज्यादा हो चुकी है। इनमें से 40 फीसदी कैदी नशे के मामलों में पकड़े गए हैं। नशा मुक्त समाज के लिए सरकार के साथ साथ हम सबको आगे आकर लड़ना होगा तभी हम अपने समाज में बढ़ रही इस बुराई को कम कर सकते हैं।

# साइबर क्राइम सजगता से बचाव, भोले-भाले लोगों से हो रही ठगी

**हिमाचल** प्रदेश में साइबर क्राइम मामलों में वृद्धि चिंताजनक है। साइबर क्राइम से निजात व्यक्ति की सजगता से पाई जा सकती है। पुलिस ऐसे ठगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने में पूरी तरह सक्षम नहीं है, नतीजतन ठग जनता को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। लालच बुरी भला होता है, कभी-कभी पैसा दोगुना करने के चक्कर में मुंह की खानी भी पड़ जाती है। बात चाहे फसल बीमा की हो या निजी जीबन बीमा की, पहाड़ के लोग अक्सर लूटते ही रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के भोले-भाले लोगों को ठगने में फर्जी एजेंट अब आसानी से कामयाब होते नजर आ रहे हैं।

जनता के जानमाल की रक्षा करने वाली पुलिस ही ऐसी ठगी का शिकार बन जाए, तो ऐसे में जनता का सही मार्गदर्शन कौन करे, यह एक बड़ा सवाल है? जानकारी अनुसार क्रिप्टो करंसी फर्जीवाड़े में पांच हजार सरकारी कर्मचारियों का शामिल होना शर्मनाक है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में अभी तक 25 लोगों को गिरफ्तार करके कुछेक की संपत्तियां जब्त की हैं। पुलिस ने अपनी कार्रवाई इसी तरह जारी रखी तो जल्द ही इस गिरोह की बड़ी मछलियां भी सलाखों के पीछे होंगी। 50 हजार रुपए से अधिक ट्रांजेक्शन पर बैंकों और आयकर विभाग की नजर रहती है। क्रिप्टो करंसी मामले में 2,50,000 करोड़ रुपए की ट्रांजेक्शन होने के बावजूद बैंक प्रबंधक आखिर मौन क्यों रहे? कुछेक बैंक प्रबंधकों की

ब्लॉगर



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

मिलीभगत बिना क्या ऐसे करोड़ों रुपए की ट्रांजेक्शन होना संभव है? आम जनता को ठगी से बचाने और केंद्रीय रिजर्व बैंक की साख बचाने के लिए बैंक प्रबंधकों को भारी मात्रा में पैसे जमा करवाने बालों से इनकम संबंधित दस्तावेज जरूर लेने चाहिएं, अन्यथा पहाड़ के लोगों को ऐसी ठगी से बचाना भविष्य में बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगा। सूचना क्रांति के युग में आजकल दलाल रातों-रात अमीर बनने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। क्रिप्टो करंसी गिरोह के तार भी अंतरराष्ट्रीय ग्रुप से जुड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के लाखों लोगों का पैसा पीजीएफ (पीएसीएल) नामक कंपनी के पास फंसा हुआ है। इस कंपनी में अपनी जिंदगी भर की कमाई भूतपूर्व सैनिकों ने लगाई है।

हिमाचल प्रदेश के लाखों लोगों को इस कंपनी में फंसा पैसा वापस दिलाने में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कंपनी की संपत्ति जब्त कर उसकी बिक्री से आने वाली धनराशि को वापस निवेशकों को लौटाए जाने की मुहिम छेड़ी थी, मगर पहाड़ के निवेशकों के हिस्से अभी तक निराशा ही हाथ लगी है। इस निजी बीमा कंपनी के कारोबार की चेन कुछ इस कदर थी कि एक ही घर के कई सदस्य इसके एजेंट बन गए थे। कंपनी ने पहाड़ के भोले-भाले लोगों को अपने मकड़जाल में फंसाने के लिए भूतपूर्व सैनिकों का सहारा लिया। पहाड़ की जनता सैनिकों पर बेतहाशा विश्वास करती है, जिसका कंपनी ने पूरा लाभ उठाया। उपहारों के लालच में आकर भी एजेंट दिन-रात निवेशकों का पैसा कंपनी के पास जमा करवाते रहे हैं।

एजेंटों ने निवेशकों को यह बरगलाकर पैसा लगाने के लिए कहा कि कंपनी के अपने दूसरे उत्पाद भी बाजार में बिकते हैं। इन उत्पादों से होने बाले मुनाफे में निवेशक भी बराबर हकदार होंगे। यही लालच पहाड़ के हजारों लोगों का नुकसान कर बैठा। उत्पादों से मिलने बाला मुनाफा कंपनी खुद डकारकर निवेशकों से धोखाधड़ी करती रही। कंपनी का कारोबार पूरे देश में फैला हुआ था। इसी बजह से कई बार कंपनी के खिलाफ निवेशकों ने सेवी को शिकायतें की थीं। सेवी की ओर से कंपनी के खिलाफ सख्ती बरते जाने पर अन्य राज्यों में इस बजह से कई बार कारोबार भी बंद हुआ था, मगर इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन ने अपनी कार्यप्रणाली में न तो कोई सुधार किया और न ही निवेशकों को मुनाफे के नाम पर एक भी पाई देना मुनासिब समझा।

सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके प्रबंधकों को सलाखों के पीछे धकेलकर इसका कारोबार ही बंद कर दिया। सेवी की और से तेरह भाषाओं में ऑनलाइन सूचना दी गई कि कंपनी की सारी सम्पति बेचकर निवेशकों का पैसा लौटाया जाएगा, इसलिए कोई भी इसकी प्रॉपर्टी न खरीदे। सेवी की धीमी कार्यप्रणाली की वजह से लगता नहीं कि पहाड़ के निवेशकों को जल्द उनकी जमापूंजी मिल पाएगी। भ्रष्टाचार खत्म किए जाने का प्रत्येक सरकार दावा करती है, मगर इनके खिलाफ कार्रवाई कौन करे, आज बड़ा सवाल है।

## अपनी बात

**फास्ट** फूड डायबीज, हृदय रोग, पेट की समस्या, ब्लड प्रेशर, थकान, अनिद्र, कमजोरी इत्यादि और भी कई बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में आप किसी भी तरह के गंभीर बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। सप्ताह में एक बार फास्ट फूड खाने से किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए, जब तक कि वे उस एक समय के अलावा संपूर्ण खाद्य पदार्थों से भरपूर संतुलित आहार लेते हैं। जितना संभव हो सके फास्ट फूड को सीमित करना चाहिए, लेकिन आमतौर पर सप्ताह में एक बार की सिफारिश की जाती है क्योंकि कई लोग प्रति सप्ताह कम से कम तीन बार फास्ट फूड खा रहे हैं। जंक फूड से हृदय संबंधी बीमारियां, कैंसर, समय से पहले अधिक आयु का लगना, उच्च रक्तचाप, हड्डियों की समस्याएं, मधुमेह (डायबिटिज), मानसिक रोग, पाचन तंत्र की समस्याएं, लीवर संबंधित समस्याएं, ब्रेस्ट कैंसर आदि बहुत सी बीमारियां होती हैं। शोध के अनुसार यह पाया गया है कि युवा अवस्था बहुत ही संवेदनशील आयु होती है, जिस दौरान एक व्यक्ति को अच्छा स्वास्थ्यवर्धक भोजन करना चाहिए, लेकिन आज के बच्चे और युवा अच्छे भोजन को अहमियत नहीं दे रहे हैं, जो उनके भविष्य के लिए सही नहीं है।

**-अर्किता, सुलह**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# खफा पार्षदों ने लिखित में मांगा समस्त मांगों को लेकर आश्वासन पत्र, अन्यथा जारी रहेगा धरना

**एमएम डैनियल, चंबा**

नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्णयों से खफा पार्षदों का मुंह पर काली पट्टियां व हाथों में तख्तियां लेकर धरना-प्रदर्शन जारी रहा। वहीं 12 दिनों के पश्चात 13वें दिन नगर परिषद कार्यालय में पहुंचे नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने धरने को विराम लगाने के प्रयास के चलते खफा पार्षदों को बैठक करने का आमंत्रण दिया।

जिस पर कुछ देर मंत्रणा के पश्चात खफा पार्षदों द्वारा मनोनित पार्षद एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार सिंह ठाकुर की अगुवाई में बैठक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। मगर घंटों तक चली बंद कमरे में बैठक के पश्चात जहां नप अध्यक्ष ने धरने खत्म होने का दावा किया। वहीं खफा पार्षदों ने इस बैठक को महज औपचारिकता करार देते हुए जहां धरना जारी रखने की बात कहीं। वहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जब तक सभी मांगों को स्वीकार करने का प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष लिखित जवाब प्राप्त नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा।

### बंद कमरे में मांगों को लेकर बनी मौखिक सहमति

वहीं जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने खफा पार्षदों को अध्यक्ष कार्यालय में बैठक के लिए आमंत्रित किया तो यह बैठक पारर्दिशता से नहीं बल्कि गुपचुप रूप से मीडिया से दूरी बनाकर की गई। हालांकि सूत्रों के अनुसार दोनों ही पक्षों में धरने दौरान उठाई गई मांगों को लेकर आपस में काफी गहमागहमी भी हुई, जिसमें एक-दूसरे को किसी न किसी रूप में लाभ देने को लेकर आपसी समझौता मौखिक तौर पर होने का इकरार हुआ है। अब देखना यह है कि दोनों पक्षों में हुई यह बातचीत कितना रंग लाती है। फिहलाल खफा पार्षद बैठक के पश्चात धरने पर डटे हुए है।



मांगों को लेकर धरने पर बैठे खफा पार्षद, जिन्होंने लिखित में अश्वासन पत्र मांगा है।

इस मौके पर सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, मनोनीत पार्षदों में भावना गुलाटी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### विकास कार्यों को नजरअंदाज करने की बैठक में रखी बात

**वहीं** धरने पर बैठे चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने सहयोगी पार्षदों की ओर से बयान देते हुए कहा कि नप अध्यचक्ष व उपाध्यक्ष ने धरने पर बैठे पार्षदों को बैठक के लिए आमंत्रित किया, जिसमें बैठक के दौरान तमाम मांगों व उक्त वार्डों के विकास कार्यों को नजर अंदाज करने की बातें रखी गई। जिस पर अध्यक्ष द्वारा बैठक दौरान मांगे मानने के लिए हामी तो भरी है। लेकिन यह बैठक अनऔपचारिकता होने के कारण बैठक में जो भी निर्णय लिए है वह निर्णायक नहीं माने जाते है। जिसके चलते उन्होंने व सहयोगी पार्षदों ने बैठक में लिए गए तमाम मांगों को जिला प्रशासन चंबा के प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष बैठक कर मांगों को पूर्ण करने के लिए लिखित पत्र की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि बैठक में तमाम मांगो के बिंदुओं पर नप चंबा हाऊस लिखित पत्र दे देते है तो यह धरना समाप्त कर दिया जाएगा अन्यथा जारी रहेगा।



खफा पार्षदों की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया गया है, जिसके चलते धरना समाप्त हो चुका है। लेकिन खफा पार्षद धरने को समाप्त करने के लिए जो प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी की मांग की है उस पर उपायुक्त चंबा से बातचीत कर शनिवार को नियमानुसार धरना समाप्त हो जाएगा।

**-नीलम नैयर, नप चंबा अध्यक्ष।**

### मांगें पूरी होने पर धरना होगा समाप्त

**मनोनित** पार्षद एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के संग कांग्रेस समर्थक पार्षदों की बैठक हुई, जिसमें पार्षदों की सभी मांगों को स्वीकार करने के तहत अध्यक्ष द्वारा अश्वासन दे दिया है, जिसमें तमाम मांगों को लेकर अंतिम फैसला शनिवार को ले लिया जाएगा, यदि धरने पर बैठे पार्षदों की मांगे पूर्ण होती है तो शनिवार को यह धरना समाप्त कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा वार्ड हरदासपुरा

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अधीन हरदासपुरा वार्ड में सुविधा की कम और असुविधाओं की भरमार अधिक है। वार्ड में कहीं स्ट्रीट लाइटों का अभाव से वार्डवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में कई बार वार्डवासियों ने नगर परिषद चंबा के समक्ष गुहार लगाई। लेकिन नप की ओर से वार्ड पार्षद की तरफ आज दिन तक कोई सुधार हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। नप हरदासपुरा के स्थानिय लोगों ने नगर परिषद चंबा अधिकारियों व वार्ड पार्षद से मांग की है कि जल्द से जल्द हरदासपुरा वार्ड की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की सुध ले सुधारात्मक कदम उठाए जाए।

### डीसी चंबा ने जांघी का किया निरीक्षण

**भरमौर।** डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल में ग्राम पंचायत जांघी का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और गांव में हो रहे कार्यों को सराहा भी। इस मौके पर उपायुक्त जमाने संबंधित अधिकारियों को कुछ एक कमियों को दूर करने के लिए विभाग को निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ खंड विकास अधिकारी मैहला, ग्राम पंचायत जांघी की प्रधान रंजीता ठाकुर, वार्ड सदस्य सरोज कुमारी और पंचायती राज और अन्य विभागों के अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



### 200 ग्राम चरक सहित युवक गिरफ्तार

**चंबा।** पुलिस दल चंबा ने नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके बैग में कूल 200 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में लेकर सदर पुलिस थाना चंबा में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान राजगोपाल पुत्र पन्नू राम निवासी अघार डाक घर खुडेंल तहसील धरवाला जिला चंबा के रूप में हुई है। वहीं इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है। आरोपी को कल माननीय अदालत में भी पेश किया जाएगा।



### अनुसंधान संस्थान जरल का उद्घाटन 2 को

**मंडी।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री मुंजपारा महेंद्रभाई कालुभाई 2 मार्च को 10 बजे क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जरल, पंडोह के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के आयुष मंत्री यादविंदर गोमा भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जरल, पंडोह के प्रभारी डॉ. राजेश ने दी।

### बर्खास्त विधायकों के खिलाफ की नारेबाजी

**टौणीदेवी।** पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बर्खास्त विधायक राजेंद्र राणा का पूतला फूंका और दल बदल विरोधी कानून के तहत दोषी पाए जाने पर विधानसभा से बर्खास्त किए गए विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

राजेश ठाकुर व अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजेंद्र राणा ने न केवल कांग्रेस पार्टी से गद्दारी की है, अपितु सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से भी धोखा किया है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को जनता माफ नहीं करेगी। अब जनता भली-भांति समझ गई है कि राजेंद्र राणा की अपनी महत्वाकांक्षा है, जिसे पूरा करने के लिए वह कभी भी अपना पाला सकते हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि राणा को केवल अपनी व अपने बेटे की फ़िक्र है, जनता से उन्हें कोई मतलब नहीं है। जिला हमीरपुर को बड़ी मुश्किल से सुक्खू के रूप में मुख्यमंत्री मिला है तथा जिला में विकास कार्यों को भी गति मिली है। जिला के हर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी, लेकिन राजेंद्र राणा ने अपनी टोली के साथ मिलकर अपना ईमान बेचकर सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया, जिसके लिए जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर सचिन ठाकुर उपप्रधान लग कढियार पंचायत, प्लानिंग कमेटी के सदस्य रितेश ठाकुर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस महासचिव संतोष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



बर्खास्त विधायकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

# भरमौर में बर्फबारी शुरू, सड़कें बंद

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर में एकाएक मौसम के करवट बदलने से यहां की ऊंची चोटियों पर फिर से एक बार भारी हिमपात शुरू हुआ। 2 दिन की कड़ी धूप के बाद यहां पर मौसम के मिजाज बदलने से फिर से कड़ाके की ठंड हो गई है।

भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सुबह से ही बर्फबारी शुरू होने से लेकर 1 फीट तक ताजा पर भरी हुई है। वही निकली क्षेत्र में सुबह से ही लगातार भारी बारिश के चलते सर्दी से बचने के लिए लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं सुबह से ही हो रही बारिश के चलते कई जगह बाजारों में रौनक बहुत ही कम देखने को मिली।

भरमौर के कुगति मणिमहेश डल झील, क्वारसी उरना सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 4 इंच से लेकर 1 फीट तक ताजा बर्फबारी हुई है, वहीं सुबह से हो रही बारिश को बर्फबारी के चलते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई है।

वहीं कई सड़कों पर बसें भी होली वह भरमौर तक नहीं पहुंच पाई। करीब आधा दर्शन सड़कों पर यातायात भी पूरी तरह से ठप्प गया है।

### मौसम के मिजाज से हुई कड़ाके की ठंड



भरमौर में हुई ताजा बर्फबारी का दृश्य।

### तीन मार्च तक खराब रहेगा मौसम

**मौसम** विभाग के अनुसार तीन मार्च तक मौसम खराब बना रहेगा तो वहीं प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर लोगों व प्रयर्टकों को अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने वह ऊंचाई वाले क्षेत्र की तरफ न जाने की अपील की है।

### छात्र हुए परेशान

**सुबह** से ही हो रही लगातार बारिशों बर्फबारी के कारण बच्चों को बोर्ड की परीक्षाएं देने के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा भारी बारिश व बर्फबारी के कारण बच्चों को कंपकंपाती ठंड में छाता लेकर परीक्षाएं देने के लिए जाना पड़ा।

### किसानों और बागवानों के चेहरे खिले



**तीसा।** शुक्रवार को चुराह विधानसभा क्षेत्र में मौसम नें एक बार फिर से करवट बदली है। आपको बता दें कि पिछले एक सप्ताह से लगातार मौसम साफ रहा, लगातार मौसम साफ रेहने की वजह से लोगों ने गर्म कपड़े पहनना बंद कर दिया था परन्तु मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार तीन दिन तक पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई थी, जिस वजह से चुराह में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही। किसानों और बागवानों के चेहरे पर एक बार फिर खुशी दिखी।

# श्री राम मंदिर जन्मभूमि पर मातृवंदना ने निकाला विशेषांक



मातृवंदना विशेषांक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

**आरके रांगड़ा, चंबा**

बचत भवन चंबा में मातृवंदना संस्थान शिमला की ओर से मातृवंदना विशेषांक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान श्री राम को समर्पित इस विशेषांक में भगवान श्री राम से संबंधित तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर संपूर्ण जानकारी संगृहीत है।

इस मौके पर मुख्यातिथि के तौर पर कैप्टन जैसी राम ने शिरकत की। इसके अलावा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विभाग संघ चालक डॉ. शिव दयाल ने शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर सह प्रांत प्रचारक ओमप्रकाश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

चंबा जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, तो वहीं मातृशक्ति और युवा वर्ग ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



मातृवंदना विशेषांक विमोचन करते पदाधिकारी।

इस दौरान कैप्टन जैसी राम ने कहा कि आरएसएस भी सेना की तरह देश सेवा को समर्पित एक संगठन है। उन्होंने बताया कि देश की वर्तमान लीडरशिप शानदार कार्य कर रही है। बहरहाल उन्होंने देश की लीडरशिप का सेना को इस तरह की छूट देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

# भूरी सिंह संग्रहालय में चंबा रूमाल की प्रदर्शनी एवं कार्यशाला शुरू



अपना हुनर दिखाते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भूरी सिंह संग्रहालय के सभागार में जिला की प्रसिद्ध कलाकृति चम्बा रुमाल को लेकर छः दिवसीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन एक मार्च से शुरू कर दिया गया है।

क्यूरेटर भूरी सिंह संग्रहालय नरेंद्र कुमार ने बताया कि इसमें चंबा रूमाल के प्रसिद्ध शिल्पकार मस्तो देवी, हीना ठाकुर और इंदु शर्मा के मार्गदर्शन में 10 आर्टिस्ट भाग ले रहे हैं। इसमें यहां आने वाले पर्यटक चंबा रुमाल की प्रदर्शनी के साथ चम्बा की समृद्ध कला एवं संस्कृति की भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।



# कल्याण समिति ने बजट किया पास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कल्याण समिति ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 74 लाख 55 हजार के अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान समिति ने जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय चंबा के भवन मरम्मत एवं विभिन्न कार्यों को लेकर भी लगभग 37 लाख की राशि को स्वीकृत किया।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आयुर्वेदिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया तथा रोगियों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को भी कहा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारियों को अतिरिक्त आय के साधन जुटाने को लेकर आवश्यक चिकित्सालय में विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर डीजीसैट स्थापित करने तथा रोगियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने की योजना को भी मंजूरी प्रदान की गई।



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त मुकेश रेपसवाल व अन्य।

- उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की बैठक की अध्यक्षता
- हिमकेयर तथा आयुष्मान के तहत 541 मरीजों को मिला लाभ

बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. योगेश जरयाल ने उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए अवगत किया कि गत वर्ष के दौरान संस्थान के बहिरंग अनुभाग द्वारा 53799 रोगियों का उपचार किया गया।

इसी तरह अंतरंग अनुभाग द्वारा 6196 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत हिमकेयर तथा आयुष्मान भारत के तहत 541 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान प्रधान ग्राम पंचायत सरोल विजय कुमारी, अध्यक्ष व्यापार मंडल चंबा वीरेंद्र महाजन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र ठाकुर, शिक्षा विभाग से ओएसडी उमाकांत, सहायक अभियंता दीपक भारद्वाज सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# चंबा छतराड़ी कूंर एचआरटीसी बस सेवा बंद

**ओपी शर्मा, भरमौर**

चंबा छतराड़ी कूंर एचआरटीसी की बस सेवा एक बार फिर बंद हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकारी बस सुविधा मुहैया न होने के कारण महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को मजबूरी में अधिक किराया देकर निजी बस में सफर करना पड़ रहा है।

हालांकि सितंबर महीने में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने इस बस सेवा को पुन: शुरू करवाया था लेकिन सवारियां न होने का हवाला देकर निगम ने इस बस सेवा को फिर बंद कर दिया है।



इस बस सेवा को शुरू करने के लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों ने डीसी व निगम प्रबंधन के सामने प्रस्ताव भेजे हैं, लेकिन कुछ दिन बाद बंद कर दिया जाता रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बस सेवा की टाइमिंग को बदलने की मांग की है और विभाग से गुजारिश की है कि इस बस सेवा को पुराने बस रूट चामुंडा छतराड़ी चलाया जाए।

धन ग्राम पंचायत छतराडी मंहदो राम ने कहा है कि वह इस बारे में कई बार प्रशासन व विभाग को अवगत करवा चुके हैं। उन्होंने एक बार फिर से विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस रूट पर सरकारी बस चलाई जाए और इसकी पुरानी टाइमिंग को भी बदलकर इसे नहीं समयसारिणी पर चलाया जाए।

# डॉ. डीके सोनी बने भाजपा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा वरिष्ठ नेता एवं कर्मठ कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला चंबा में भाजपा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक से ताजपोशी की गई है।



भाजपा हाईकमान द्वारा डॉ. डीके सोनी को भाजपा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक बनाएं जाने पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रेम कुमार धूमल, जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त नेतृत्व का वह आभार व्यक्त करते है।

जिन्होंने उन्हें जिला चंबा का जिला संयोजक( वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ) भारतीय जनता पार्टी जिला चंबा का पदभार देकर सम्मानित किया है।

**मुहिम** | पल्स पोलियो अभियान शिशु सुरक्षा चक्र के लिए बेहद अनिवार्य

# चूड़ी और पुखरी में 15 हजार 643 शिशु पिएंगे पोलिया रोधक बूंदें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक चूड़ी और ब्लॉक पुखरी की पल्स पोलियो टास्क फोर्स बैठक एसडीएम चंबा अरूण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस डिपार्टमेंट और शिक्षा विभाग चंबा अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों की बात सुनने के पश्चात एसडीएम चंबा अरूण शर्मा ने पल्स पोलियो अभियान शिशु सुरक्षा चक्र के लिए बेहद अनिवार्य है। जिसको सफल बनाने के उद्देश्य से सरकार व जिला प्रशासन द्वारा तमाम बैठे व अधिकारियों से बैठकें कर योजना तैयार की जा रही है, ताकि पल्स पोलियों अभियान के तहत निर्धारित शिशुओं के आकंड़े के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके सकें। जिसके तहत विभिन्न विभागों की एक संयुक्त पल्स पोलियो टास्क फोर्स का गठन किया गया है।



पल्स पोलियो टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम चंबा अरूण शर्मा।

इससे पूर्व स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक चूड़ी और ब्लॉक पुखरी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का शिशुओं के ग्राफ को सांझा किया, जिसमें ब्लॉक चूड़ी के कुल 86 बूथ है जिसमें 7900 बच्चे जो की 0 से 5 साल के है इनको पोलियो की बूंद पिलाई जाएगी।

### बूथ तक न पहुंचने वाले शिशुओं को चार और पांच को घर घर में पिलाई जाएगी बूंदें

वहीं ब्लॉक पुखरी के कुल 83 बूथ है, जिसमें 7743 बच्चे जो की 0 से 5 साल के है इनको पोलियो की बूंद पिलाई जाएगी। किहीं कारणों बूथ तक न पहुंचने वाले शिशुओं को 4 मार्च और 5 मार्च को घर घर में जा के पोलियो की बूंद पिलाई जाएगी।

# भुरु नाग देवता मंदिर में आठ को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी ही धूमधाम से भुरु नाग देवता मंदिर बनीखेत में मनाया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर यूथ क्लब बनीखेत के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह कालू ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अलग-अलग कमेटी या बना ली गई हैं तथा हर सदस्य इस आयोजन को लेकर जुड़ गया है।

इस आयोजन में जहां पूजा अर्चना करवाई जाएगी, तो वहीं लंगर का भी आयोजन रहेगा। रात्रि में शिव नुआला करवाया जाएगा। साथ ही विश्वजीत सिंह ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि इस महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर जो भी दान करना चाहते हैं तो वह बस अड्डा बनीखेत साईं साइबर कैफे के संचालक विमल राणा, मुख्य बाजार बनीखेत में हितेश गुप्ता, कॉलेज रोड बनीखेत में अमर फर्नीचर हाउस के संचालक रिंपू तथा भुरु नाग देवता मंदिर के पुजारी करतार शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।



मंदिर में बने दरवाजे का दृश्य।

जिन सज्जनों ने भंडारे हेतु खाद्य सामग्री दान में देनी है वह लोग भी संपर्क कर अपना सामान लिखवा सकते हैं, ताकि इस आयोजन को लेकर किसी तरह का कोई त्रुटि शेष न बचे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 240 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**बंजार।** बंजार पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बंजार पुलिस थाना की टीम शेगलू बाजार सूरज कलौनी बंजार में गश्त पर थी तो इस दौरान टीम को सूचना मिली थी की एक व्यक्ति ने घर में चरस रखी है, जिसके चलते पुलिस ने बलदेव सिंह पुत्र आही चन्द गांव जगेहड़ डाकघर पुजाली तहसील बंजार जिला कुल्लू उम्र 54 साल के घर के कमरे से 240 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने चरस को अपने कब्जे में लेकर व्यक्ति को गिरफ्तार कर दिया है। व्यक्ति के खिलाफ बंजार थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### दिव्यांगता पुनर्वास आकलन शिविरों का आयोजन

**कुल्लू।** जिला रैडक्रॉस कुल्लू द्वारा संचालित आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से फरवरी माह में विकास खंड बंजार तथा कुल्लू की ग्राम पंचायत देउठा, चनौन, जमद, बाराहार में दिव्यांगता पुनर्वास आंकलन शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 74 व्यक्तियों ने भाग लिया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि इनमें 38 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए, जिनकी दिव्यांगता का आंकलन मैडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है। उनकी पात्रता अनुसार पुनर्वास आवश्यकताओं का आंकलन करते हुए 9 दिव्यांगों को सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, बैसाखियां, छड़ियां, कृत्रिम अंग, सुनने की मशीनें इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किए गए। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में 18 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें अपनी दिव्यांगता को प्रमाणित करवाने हेतु 9 मार्च को जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र में आयोजन होने वाले मेडिकल बोर्ड के संमुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया।

### आनी में 3030 बच्चे पिएंगे पोलियो दवा

**आनी।** जिला कुल्लू के स्वास्थ्य खंड आनी में 3 मार्च को 3 मार्च को अभियान के तहत 80 पोलियो बूथ और 2 ट्रांजिट बूथ के द्वारा शून्य से पांच साल तक के 3030 बच्चों को यह खुराक पिलाई जाएगी। खंड चिकित्सा अधिकारी आनी डॉक्टर बीपी मैहता ने बताया कि चिकित्सा खंड आनी में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। आनी खंड में इस अभियान के तहत कुल 3030 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक से लाभांवित करने के लिए स्वास्थ्य खंड में कुल 80 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं और इसके अलावा दो ट्रांजिट बूथ बस अड्डा आनी और बस ठहराव स्थल लूहरी में भी स्थापित किए गए हैं, जहां लोगों की सुविधा के लिए बसों में यात्रा करने बाले नौनिहालों को यह दवा पिलाई जाएगी। बीएमओ डॉक्टर मैहता ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स, पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्वयं सेवियों सहित कुल 325 कार्यकर्ताओं को तैनात किया गया है।

### राजेंद्र ने संभाली एनएचपीसी की कमान

**कुल्लू।** राजेंद्र प्रसाद गोयल, जो वर्तमान में एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं, ने आज भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार की अनुसूची 'ए' उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। गोयल 18 नवंबर 1988 को वित्त पेशेवर के रूप में एनएचपीसी में शामिल हुए और कंपनी के प्रति उत्तरदायित्व, नैतिकता और समर्पण की प्रबल भावना से अपने प्रोफेशनल करियर में उत्तरोत्तर प्रगति की है। गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य हैं और उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से वाणिज्य विषय में परास्नातक की डिग्री भी हासिल की है। उनके पास एनएचपीसी में वित्त के विविध क्षेत्रों में 35 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है।

### अस्पताल में दिव्यांग बच्चों को बांटी व्हीलचेयर

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को प्रशासन के माध्यम से हर संभव सहायता दी जाएगी। बता दें कि जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीजीआईसी) में सांफिया फाउंडेशन की तरफ से अंतराष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सक अधिकारी कुल्लू डॉ. एनआर पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं से अवगत करवाया।

# बंजार के अलवाह में मां और बेटे ने व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला, केस दर्ज

## पीड़ित ने बताया जान को खतरा, पुलिस से की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सिराज के अलवाह गांव में एक युवक व उसकी मां की ओर से व्यक्ती पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रेम सिंह के द्वारा इस बारे बंजार थाना में भी शिकायत दर्ज करवाई गई है। इसको लेकर बंजार पुलिस की टीम ने मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित व्यक्ति प्रेम सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को वह जब अपने खेतों से काम कर वापस अपने घर आया। तो इस दौरान उसने अपनी पत्नी से कहा कि वह जो मटर की बिजाई के लिए बीज लाई है उसे पानी में मत भिगोए। इसी बात पर उसकी पत्नी विमला देवी और उसका बेटा गोपेंद्र राणा उसके साथ बहस करने लगे और उसके बेटे गोपेंद्र ने गाली-गलौज करने के साथ सेब कटिंग के लिए लाई गई कैंची से उसके सिर पर वार किया। उसके बाद उसकी पत्नी विमला देवी ने भी कैंची व चाकू से उसके सिर पर वार कर दिया। इतना ही नहीं मां-बेटे के द्वारा पीड़ित प्रेम सिंह का गला घोंटने का भी


पत्नी और बेटे द्वारा घायल किया गया व्यक्ति।

प्रयास किया गया, लेकिन प्रेम सिंह के घर पर दो मजदूर ठहरे हुए थे जो यह शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंच गए और उसके बाद प्रेम सिंह की पत्नी और उसके बेटे ने मारपीट करना बंद कर दी। ऐसे में जब प्रेम सिंह के सर से काफी खून खाने बहने लगा तो वे गाड़ागुशेनी अस्पताल गया और वहां पर अपना इलाज करवाया। उसके बाद उसने अपने बेटे गोपेंद्र व विमला देवी के खिलाफ बंजार ठाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

पुलिस के द्वारा ढालपुर अस्पताल में पीड़ित प्रेम सिंह का मेडिकल करवाया गया,जिसमें पीड़ित प्रेम सिंह के सिर पर गहरी चोटें आई हैं। पीड़ित प्रेम सिंह ने बताया कि इससे पहले भी उसकी पत्नी और उसका बेटा उसके साथ मारपीट कर चुके हैं और आने वाले समय में भी उन्हें दोनों से जान को खतरा है। पीड़ित प्रेम सिंह ने डीएसपी बंजार और एसपी कुल्लू से आग्रह किया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

बंजार पुलिस के डीएसपी शेर सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बंजार पुलिस के टीम इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और पीड़ित पर हमला करने वाले दोनों आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# संदेशखाली की घटना के खिलाफ कुल्लू भाजपा का प्रदर्शन


कुल्लू भाजपा पदाधिकारी विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पश्चिमी बंगाल के संदेशखाली में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार के शासन में महिलाओं के साथ हुई घटना के विरोध में जिला भाजपा पदाधिकारियों ने कुल्लू में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया। भारी बारिश और खराब मौसम के बीच में भी बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

जिला पदाधिकारियों ने पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टी एम सी सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की और महिलाओं के साथ हुई इस घटना के लिए ममता बनर्जी सरकार के इस्तीफे की मांग की।

इस मौके पर जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत, वरिष्ठ नेता नरोतम ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा सोशल मीडिया सह संयोजक सुनीता जमवाल, जिला भाजपा भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

# बर्फबारी होने से पर्यटकों के लिए बंद हुई अटल टनल

## रोहतांग टनल में एक फुट तो माल रोड में दो इंच बर्फबारी, बर्फ के फाहों में झूमे पर्यटक

**कमलेश वर्मा, केलांग**

कुल्लू व लाहुल स्पीति जिला में शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक बर्फबारी व बारिश का दौर जारी रहा। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा सहित कुंजम दर्रे में डेढ़ से दो फीट ताजा बर्फबारी हुआ है। अटल टनल रोहतांग में लगभग एक फीट बर्फबारी हुई है।

धुंधी व गुलाबा में भी एक फीट, सोलंगनाला व कोठी में आधा फीट, पलचान कुलंग व मझाच में चार इंच तथा पर्यटन नगरी मनाली में दो इंच बर्फबारी हुई है। दूसरी ओर रोहतांग के उस पार लाहुल स्पीति के भी बर्फबारी हुई है। दारचा, जिस्पा, योचे, ररिक छिका, कोकसर, सिस्सू, गोंदला, नेंनगाहर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में आठ से दस इंच तक बर्फबारी हुई है। पर्यटक मनाली से सोलंगनाला तक बर्फ के फाहों में झूमें। मनाली के सभी पर्यटन


लाहौल घाटी के रालिंग में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

स्थलों में दिन भर बर्फबारी का दौर जारी रहा। सुबह के समय पर्यटकों ने अटल टनल रोहतांग का रुख किया। दोपहर 12 बजे बर्फबारी की रफ्तार बढ़ती देख पर्यटकों को टनल से वापस भेजा। दोपहर बाद टनल पर्यटकों के लिए बंद कर दी। पर्यटकों ने सोलंगनाला में दिन भर बर्फ की खेलों का आनंद लिया। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फोर बाय फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही सुचारू रही लेकिन अन्य पर्यटक वाहन बर्फ में स्किड हुए जिससे कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम भी लगा। उन्होंने बताया कि वह ट्रैफिक जाम को सुचारु रखने को स्वंय मौके पर मौजूद रहे। पुलिस जवान शाम सात बजे तक पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला से मनाली की ओर भेजने में जुटे रहे। (अनंत ज्ञान)

### शिंकुला में हिमपात से जंस्कार मार्ग बहाली प्रभावित



16580 फीट उंचे शिंकुला दर्रे में भारी बर्फबारी होने से केलांग शिंकुला जंस्कार मार्ग बहाली प्रभावित हो गई है। केलांग से लेकर शिंकुला के उस पार जंस्कार घाटी में भारी हिमपात हो रहा है। बीआरओ की योजक परियोजना ने 12 फरवरी को शिंकुला मार्ग बहाल कर रिकॉर्ड बनाया था। 15 फरवरी को लेह से कारगिल व जंस्कार होते हुए पांच वाहन लोगों को लेकर मनाली भी पहुंचे थे लेकिन 16 फरवरी को फिर से हिमपात शुरु हो गया। लेह से आए वाहन तो सुरक्षित वापस लौट गए थे लेकिन सड़क तब से बंद चल रही है। इस बार दिसंबर जनवरी के बजाय फरवरी में भारी हिमपात हुआ है। बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर कर्नल विकास गुलिया ने बताया कि सभी दर्रों में भारी बर्फबारी हो रही है। बीआरओ की शिंकुला व जंस्कार सड़क बहाली प्रभावित हुई है लेकिन मौसम खुलते ही फिर से बहाली के कार्य को गति दी जाएगी।

### शलिंगचा में नशा निवारण पर दी अहम जानकारी

**कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से ग्राम पंचायत शलिंगचा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूल के बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।

डॉ. अपूर्वा ठाकुर ने कहा कि नशा एक बीमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।

# 11 महिला पत्रकार 'अवॉर्ड ऑफ प्रेस क्लब' से सम्मानित

## कुल्लू साहित्य उत्सव का समापन, शेखर पाठक रहे मुख्यातिथि


कुल्लू साहित्य उत्सव के समापन के अवसर पर सम्मानित महिला पत्रकारों के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नग्गर**

कुल्लू साहित्य उत्सव का विधिवत समापन मांइडस्केप आर्ट गैलरी हरिपुर, मनाली में किया गया, जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकार व पर्यावरणविद शेखर पाठक बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए, जबकि फिल्मकार संजय जोशी, लेखक एवं विचारक डॉ. हेमलता महीश्वर, डॉ. नीलम तथा चर्चित एवं युवा कवि अनुज लुगुन विशेष तौर पर मौजूद रहे। हिमतरू प्रकाशन समिति तथा भाषा संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित हुए तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव-2024 का विधिवत समापन हरिपुर स्थित मांइडस्केप आर्ट गैलरी में हुआ।

इस दौरान डॉ. संजू पॉल द्वारा स्थापित आर्ट गैलरी का उद्घाटन मुख्यातिथि शेखर पाठक द्वारा किया गया। कुल्लू साहित्य उत्सव के अंतिम दिन जहां जिला कुल्लू के हरिपुर में माइंड स्केप आर्ट गैलरी का शुभारंभ हुआ वहीं जिला की 11 महिला पत्रकारों को अवॉर्ड ऑफ प्रेस क्लब से भी सम्मानित किया गया, जिनमें कमलेश वर्मा (परी), नीना गोतम, रेणुका गोतम, आशा डोगरा, लवलीन थरमाणी, सपना शर्मा, अनुरंजनी, पूजा ठाकुर, पूजा कश्यप प्रमुख हैं। इसके अलावा प्रेस क्लब की ब्रेंड एंबेसडर कल्पना ठाकुर को भी अवार्ड दिया गया।

प्रधान प्रेस क्लब कुल्लू धनेश गोतम ने प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे विस्तृत जानकारी दी। मुख्यातिथि शेखर पाठक ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों में कला, संस्कृति, भाषा, साहित्य, पर्यावरण, चित्रकला, पत्रकारिता सहित अनेक विधाओं में सक्रियता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हरिपुर में आर्ट गैलरी की स्थापना एक मील का पत्थर साबित होगी तथा इसे नगर में स्थित रौरिख आर्ट गैलरी की भांति विश्व प्रसिद्ध होगा। समारोह के अंत में उत्सव समिति कोर कमेटी सदस्य एवं समीक्षक डॉ. निरंजन देव शर्मा ने उपस्थित कवि, लेखकों एवं विद्वुतजनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक तोबदन, जिला लोक संपर्क अधिकारी नरेन्द्र शर्मा, सहायक लोक-संपर्क अधिकारी जयप्रकाश शर्मा, हिमतरु के सचिव एवं साहित्य उत्सव के समन्वयक किशन श्रीमान, साहित्य उत्सव कोर समिति सदस्यों में; अजेय, डॉ. उरसेम लता, रमेश पठानिया, डॉ. संजू पॉल, नीलम कपूर सूद, प्रतिमा शर्मा, डॉ. राजेन्द्र पॉल, प्रकाशन समिति के सलाहकार अध्यक्ष गणेश गनी, संस्थापक सदस्य कृष्णा ठाकुर सहित तमाम पदाधिकारी एवं उत्सव समिति के सदस्य तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गो माता पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने ढालपुर में गोरक्षा की समस्या पर अंकुश न लगता देख धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारे बाजी की और साथ ही गो माता के साथ हो रहे अन्याय के बारे में प्रशासन को चेताया। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोया प्रशासन होश में आओ, गो हत्या राष्ट्र हत्या, गो माता की रक्षा प्रकृति की सुरक्षा, गो हमारी माता है भारत की भाग्य विधाता है, जैसे नारे लगाकर प्रशासन के प्रति अपना रोष प्रकट किया। इस दौरान कॉलेज गेट से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक धरना प्रदर्शन किया गया।

एबीवीपी कुल्लू के जिला संयोजक ऋषभ ठाकुर ने बताया कि जिला में आज भी सड़कों पर गो माता को लोगों ने इस्तेमाल करने के बाद अपने हाल पर छोड़ दिया है, जोकि सरासर गलत है। गो माता को सड़कों पर छोड़ने की संख्या पूरे हिमाचल में सबसे ज्यादा है और कुल्लू जिला में भी इसकी तादाद बढ़ती जा रही है, जोकि चिंता का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के संदर्भ में जिला प्रशासन को दो बार मेमोरेंडम दिया गया था मगर अब तक उस पर कोई भी पुख्ता कार्य नहीं किया गया है।

उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे धर्म में गो को माता स्वरूप माना जाता है और गौ माता पर हो रहे अत्याचार को अगर नहीं रोका गया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भी बड़े स्तर पर उग्र विरोध-प्रदर्शन करेगी, जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू गो रक्षा समस्या के संदर्भ में धरना प्रदर्शन करते हुए।

# लाहौल के 40 किसानों को मौन पालन का दिया प्रशिक्षण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल के किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा में पांच दिवसीय मोन पालन प्रशिक्षण शिविर में मधुमक्खी पालन से संबंधित सभी जानकारियों को करीब से समंझने का मौका दिया गया।

कुल्लू जिला के बजौरा में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में लाहौल स्पीति के किसानों के लिए 26 फरवरी से लेकर 1 मार्च तक मौन पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर लाहौल स्पीति के जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेश काउपा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी किसानों को प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए बधाई दी।उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक खेती करने से ही हमारे परंपरागत कृषि करने की विधि कायम रहेगी और इससे किसानों को लम्बे समय तक फायदा मिलेगा। 26 फरवरी से लेकर 1 मार्च तक चले मोन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ रमेश लाल ने मधुमक्खी पालन पर किसानों को जानकारी दी जबकि डॉ. सुरेंद्र बंसल ने, डॉ. जे आर ठाकुर, डॉ. राधिका नेगी, डॉ. आर के राणा, डॉ. किशोर कोठारी, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ जोगिंद्र सहित सभी वैज्ञानिकों ने शिविर में भाग ले रहे किसानों और बागवानों को कृषि, बागवानी, मोन पालन से संबंधित मधुमक्खी की प्रजातियों ओर उत्पादन को लेकर किसानों को प्रेक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया।


किसानों को सर्टिफिकेट वितरित करते हुए मुख्यातिथि राजेश।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर के कुल्लू जिले के प्रगतिशील मधुमक्खी पालक वीर चंद और पुरुषोत्तम लाल ने मधुमक्खी पालन को लेकर अपने अनुभव किसानों के साथ सांझा किए ओर साथ ही उन्होंने उपस्थित किसानों को मोन पालन के लिए प्रेरित भी किया। (अनंत ज्ञान)

# तीर्थन घाटी के कंडीधार गांव में पहुंचा तेंदुए का शावक, ग्रामीणों में दशहत

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

कुल्लू के उपमंडल बंजार में तीर्थन की पंचायत कंडीधार के कंडीधार गांव में शुक्रवार को गोविंद सिंह के घर के आंगन में एक तेंदुआ का बच्चा देखा गया, जिसके चलते ग्रामीण दहशत में आ गए। कंडीधार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों तीर्थन घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों मे बर्फबारी के चलते जंगली जानवर निचले क्षेत्रों में उतर रहे हैं। ऐसे मे यह तेंदुए का शावक शायद अपनी मां से बिछड़कर ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच गया है।

स्थानीय युवाओं द्वारा इस तेंदुए के शावक की लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल की गई है। शावक को काफी चोटें भी आई हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचित किया और वन्य प्राणी विंग शाईरोपा की टीम ने इस शावक को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सराज अंजना ठाकुर ने बताया कि रेस्क्यू किए गए घायल शावक को इलाज के लिए वेटरनरी अस्पताल बंजार में दाखिल किया गया है। प्राथमिक छानबीन से यह जंगली बिल्ली का बच्चा लग रहा है, जो लेपर्ड की प्रजाति का है। उपचार के बाद जो भी स्थिती होगी आगामी कार्रवाई की जाएगी। आजकल तीर्थन घाटी ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क ईको जोन क्षेत्र में तेंदुए के आतंक की घटनाएं बढ़ रही है। यहां के दूरदराज इलाकों में कुछ दिनों में तेंदुए सैकडों भेड़ बकरियों को अपना शिकार बना चुका है। ग्रामीण जंगल की ओर जाने से भी डर रहे हैं। लोगों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि जानवरों से उनकी सुरक्षा के उपाय किए जाए।


कंडीधार गांव में गोविन्द सिंह के घर के आंगन में मिला तेंदुए का शावक।

### पर्यटन स्थलों में गंदगी फैलाने वालों की खैर नहीं

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन स्थलों में फैल रही गंदगी को लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। प्रशासन की ओर से पर्यटन स्थलों से कूड़ा एकत्रित कर उसे मनाली के सयंत्र केंद्र रांगड़ी में लाने की बेहतर व्यवस्था की गई है, लेकिन वावजूद इसके पर्यटन स्थलों में गंदगी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कुछ लापरवाह पर्यटन कारोबारी व मक्की बेचने वाले गंदगी हर कंही गंदगी फैला रहे हैं।

एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने पर्यटन स्थल नेहरुकुंड, पलचान व सोलंगनाला सहित अटल टनल का दौरा किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को जांचा। उन्होंने मक्की बेचने वालों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा पर्यटन स्थलों में गंदगी सहन नहीं की जाएगी। औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था जांची जाएगी और गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**ज्ञापन** निथर सीएचसी में नहीं डॉक्टर, ट्रेंड दाई और चतुर्थ श्रेणी कर्मी के हवाले लोगों का स्वास्थ्य

# पद न भरने पर सीएचसी निथर में लगाएंगे ताला

**अनंत ज्ञान, आनी**

सीएचसी निथर से एकमात्र डॉक्टर का दो माह पहले तबादला कर दिए जाने और रिक्त हुए पद को न भरने से निथर क्षेत्र की जनता में रोष पनप गया है।

फलस्वरूप पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष दलीप ठाकुर की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार निथर के माध्यम से प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने सरकार को चेताया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर निथर सीएचसी में डॉक्टर की तैनाती कर रिक्त पद भरा न गया तो सीएचसी निथर में ताला जड़कर विरोध प्रकट करेंगे। उनका कहना है कि 30 जनवरी को निथर अस्पताल से एकमात्र डॉक्टर का तबादला कर दिया गया, फलस्वरूप आठ पंचायतों के हजारों लोगों की स्वास्थ्य सुविधा के केंद्र निथर सीएचसी एक ट्रेंड दाई और चतुर्थ श्रेणी कर्मी के भरोसे चल रहा है। फलस्वरूप लोगों को सर्दी जुकाम के अलावा हर छोटी बड़ी बीमारी के लिए 50 किलोमीटर दूर रामपुर, निरमंड या आनी जाकर इलाज करवाना पड़ता है, जो निथर और आसपास के क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष दलीप ठाकुर के साथ शक्ति केंद्र निथर ठाकुर वीर सिंह, शक्ति केंद्र देहरा प्रमोद शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष आनी चंबेलु देवी, जन संघर्ष फाउंडेशन पूनम शर्मा केदार नाथ, प्रदीप रंगून, चंद्र कला, पिंकी, विजय लक्ष्मी, संगीता, कमलेश आदि मौजूद रहे।

**पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष ने सरकार को भेजा ज्ञापन**


डॉक्टर के खाली पद को भरने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए प्रतिनिधिमंडल।

# छेड़छाड़ के आरोप पर एम्स के चिकित्सक का इस्तीफा

## चिकित्सक बिलासपुर में नहीं, जांच में जुटी पुलिस, मामला किया दर्ज
## एनेस्थीसिया विभाग में सीनियर रेजिडेंट के पद पर कार्यरत था डॉक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स बिलासपुर एक बार फिर से सुर्खियों पर आ गया है।

अभी कुछ दिन पहले ही प्रशिक्षु चिकित्सक की ओर से आत्महत्या का मामला सुलझा नहीं था, तो वहीं अब दूसरा मामला महिलाकर्मी के साथ एक चिकित्सक द्वारा छेड़छाड़ करने का सामने आया गया है, जिसमें एम्स प्रशासन की ओर से इसकी शिकायत बिलासपुर एम्स को दी गई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन



ने महिला सदर थाना में शिकायत दर्ज करवा दी है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर पुलिस एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि बिलासपुर एम्स के डिप्टी डायरेक्टर की ओर से महिलाकर्मी की शिकायत को दिया गया था, जिसके बाद पुलिस ने सारी जांच करने के बाद महिलाकर्मी के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

इस मामले में संलिप्त चिकित्सक ने एम्स से रिजाइन दे दिया है और वह बिलासपुर में नहीं है, जिसके बाद पुलिस ने सारी जांच शुरू कर दी है और पुलिस का कहना है कि महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान के आधार पर का आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ऑपरेशन थियेटर में की गलत हरकत

महिलाकर्मी ने अपने बयान में बताया कि चिकित्सक द्वारा उन्हें ऑपरेशन थियेटर में गलत तरीके से छुआ गया है और काफी समय से उक्त चिकित्सक गंदा व्यवहार कर रहा था, जिसके बाद इसकी शिकायत महिलाकर्मी ने एम्स प्रबंधन को दी थी। एम्स प्रबंधन की ओर से इसकी शिकायत को पुलिस को भेजा गया। बिलासपुर एम्स कुछ न कुछ मामलों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। इससे पहले एम्स में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की ओर से हॉस्टल की बिल्डिंग से छलांग लगाई गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। वहीं, कुछ समय पहले एम्स में नौकरी लगाने की एवज में पैसे एंठने का मामला और अब महिलाकर्मी के साथ छेड़छाड़ के मामले से एम्स प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं क्योंकि एम्स प्रशासन आए दिन अपनी अनुशासनिक व्यवस्थाओं के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन इस तरह से एम्स में हो रहे मामलों से एम्स प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई सवाल पैदा हो रहे हैं।

### पुलिस ने आगामी कार्रवाई की शुरू

उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी मिली है कि उक्त चिकित्सक एम्स से रिजाइन कर चुका है। पुलिस ने महिलाकर्मी के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ नागरिक सभा ने जाना बंबर का हाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गत दिनों बिलासपुर सदर विधानसभा चुनाव क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले के बाद वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्यों ने उनका हाल पूछा।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक प्रो. जेऐन मिश्रा और महासचिव मस्तराम वर्मा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक ओम प्रकाश गर्ग, मनमोहन भंडारी, पुरुषोत्तम शर्मा, नंदलाल राही, नंदकिशोर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कांता मिश्रा, शशिबाला, प्रेम लाल,



बंबर ठाकुर को पुष्पगुच्छ व महिला प्रतिनिधियों ने फल भेंट किए।

पराशर, बाबूराम शर्मा, कृष्णलाल ठाकुर, डॉ. जयराम शर्मा, व सुशील पुंडीर शामिल रहे। प्रो जेऐन मिश्रा ओम प्रकाश गर्ग व मस्तराम वर्मा ने पूर्व विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट किए और महिला प्रतिनिधियों ने फल भेंट किए। इसके बाद वरिष्ठ नागरिक सभा का प्रतिनिधिमंडल जिला पुलिस अधीक्षक से भी मिला व पूर्व विधायक पर हुए हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की इस दौरान बाहरी राज्यों से आए हमले में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों व गाड़ियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया कि इस दिशा में पुलिस उचित कार्रवाई कर रही है दोषियों को गिरफ्तार किया गया है और शीघ्र ही बाकियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिलासपुर में वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्य लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

# 'मेरा वोट मेरी ड्यूटी' गीत से करेंगे प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बिलासपुर शहर के वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्य लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए गाने का वीडियो शूट किया जा रहा है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्य लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करते नजर



बिलासपुर में वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्य।

आएंगे। इस वीडियो में प्रधान रत्न लाल शर्मा, मस्तराम वर्मा महासचिव, ओम प्रकाश गर्ग संरक्षक, पुरुषोत्तम शर्मा, सुरेश नड्डा, राजेंद्र शर्मा, ओंकार कपिल, रणजीत कपिल, राज कुमार टाडू, प्रेमलाल पराशर, राधेश्याम शर्मा, सुशील पुंडीर दिखेंगे। जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी की देख-रेख में वॉइस ऑफ पंजाब के विजेता गौरव कौंडल ने मेरा वोट मेरी ड्यूटी गीत को गाया है। इस गीत पर वीडियो शूट किया जा रहा है, जिसमें हिमाचली मुंडा के नाम से मशहूर श्याम, भजन गायन के क्षेत्र में मशहूर अभिषेक सोनी, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फूला चंदेल, राम लाल पाठक, यंग सेंसेशन प्रिंस कपिल, अक्षय शर्मा, दाकक्षी सेन सहित बिलासपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स वीडियो में देखेंगे।

## बिना पंजीकरण से ही चलाई जा रही ट्रैवल एजेंसी

**झंडूता।** प्रदेश में पर्यटन विभाग में पंजीकृत ट्रैवल एजेंसी के मालिकों ने पर्यटन विभाग से ऐसे लोगों के खिलाफ शिकंजा कसने की मांग की है, जो लोग पर्यटन विभाग में पंजीकृत नहीं हैं, वह जिले से सैकड़ों लोगों को तीर्थ यात्राओं सहित विभिन्न स्थानों पर ले जाने का काम कर रहे हैं। ट्रैवलर एजेंसी के मालिक सुरेश कुमार व अन्यों ने बताया कि कुछ लोग हैं, जो बिना लाइसेंस से लोगों को तीर्थ यात्राओं सहित अन्य स्थानों पर ले जाने के लिए बिना रोकटोक कार्य कर रहे हैं। इससे सरकार के खजाने में भी चूना लग रहा है।

# घुमारवीं अस्पताल में शुरू हुई ऑपरेशन व्यवस्था

## 10 दिन के भीतर किए गए हर्निया, हाइड्रोसील, ब्रैस्ट सिस्ट सहित करीब चार सफल ऑपरेशन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिले के दूसरे सबसे बड़े सिविल अस्पताल घुमारवीं में ऑपरेशन की व्यवस्था शुरू हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अस्पताल में माइनर तथा कुछ मेजर सर्जरी शुरू की गई हैं।

अस्पताल में कार्यरत शल्य चिकित्सक डॉक्टर कार्तिक गुलेरिया तथा एनेस्थेटिक डॉक्टर कनिका पराशर की ओर से अस्पताल की टीम ने पिछले 10 दिनों में हर्निया, हाइड्रोसील, ब्रैस्ट सिस्ट सहित करीब चार सफल ऑपरेशन किए



जा चुके हैं। यह ऑपरेशन अस्पताल में बुधवार तथा शनिवार के दिन किए जाते हैं। इसके साथ ही टीम की ओर से गॉलब्लैडर स्टोन से जूझ रही एक महिला का ऑपरेशन रखा गया है, जिसे शनिवार को किया जाएगा। पिछले करीब दो दशकों के बाद सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा शुरू हुई है। इससे पहले क्षेत्र के लोगों को माइनर तथा मेजर सर्जरी के लिए या तो जिला अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते थे या फिर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष शर्मा के मुताबिक घुमारवीं अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर को विधिवत रूप से शुरू नहीं किया गया है, लेकिन लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक कमरे में ओटी स्थापित कर दी गई है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अस्पताल को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है क्योंकि अस्पताल में फिलहाल डॉक्टरों की कोई कमी नहीं है। अस्पताल में कई सर्जन और विशेषज्ञ की नियुक्ति हो चुकी है, जिनमें गाइनेकोलॉजिस्ट, चर्म रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित शल्य चिकित्सक की तैनाती की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)



अस्पताल में कुछ माइनर तथा हर्निया हाइड्रोसील जैसे कुछ सफल ऑपरेशन किए गए हैं। इसके साथ ही गॉलब्लैडर स्टोन के ऑपरेशन भी शुरू किया जा रहे हैं।। धीरे-धीरे ऑपरेशन की संख्या बढ़ाई जाएगी क्योंकि अस्पताल में स्टाफ की कमी है। इसके साथ ही एनेस्थीसिया मशीन भी काफी पुरानी हो चुकी है नई मशीन के लिए अस्पताल प्रशासन को अवगत करवाया गया है।

**डॉक्टर कार्तिक गुलरिया, शल्य चिकित्सक।**

## शहर में उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिलासपुर बिजेंद्र पठानिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र वार्ड नं.-11 में उचित मूल्य की दुकान, जो कि स्व. सीता राम के नाम प्राधिकृत थी और उनके आकस्मिक निधन हो जाने से वर्तमान में संचालित नहीं की जा रही है।

इसके संचालन के लिए संबंधित स्थान पर विकास खंड सदर के शहरी क्षेत्र वार्ड नं.-11 में उचित मूल्य की दुकान खोली जाने के लिए आवेदन 25 तक आमंत्रित किए जाएंगे, अत: इच्छुक आवेदक अपना आवेदन विभाग के पोर्टल के अनुसार समस्त दस्तावेजों की प्रतिया सहित, जिसमें दसवीं पास तथा उच्च शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र व संबंधित पंचायत सचिव कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद सदर की ओर से जारी पत्र 25 तक आवेदन अपलोड कर सकते हैं, जबकि उचित मूल्य की दुकान के आवंटन के लिए पहली प्राथमिकता-सार्वजनिक संस्थान, निकायों को तथा स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा तथा महिलाओं के समूह को दी जाएगी। दूसरी प्राथमिकता कमश: एकल महिला विधवा, शारीरिक विकलांग भूतपूर्व सैनिक व शिक्षित बेरोजगार को दी जाएगी।

# नलवाड़ मेले की स्मारिका के लिए मांगे लेख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नलवाड़ी मेले के लिए स्मारिका में आलेख एवं स्तंभ प्रकाशन के लिए लेखन सामग्री पांच से पूर्व जिला भाषा अधिकारी बिलासपुर रेवती सैनी को भेजना सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त बिलासपुर नरेंद्र अहलूवालिया ने शुक्रवार को इस संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी।

बिलासपुर के अनकहे एवं अनछु, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा सामाजिक महत्व के पहलुओं को उजागर करने के लिए इस बार में आलेख आमंत्रित किए जाते हैं। बिलासपुर के लोक संस्कृति व लोक भाषा तथा हिंदी साहित्य से ओत-प्रोत आलेख स्मरिका में प्रकाशित किए जाएंगे, उन्होंने स्मारिका को आकर्षक बनाने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों से सुझाव भी प्राप्त किया। प्राप्त सुझावों पर विचार कर जल्द स्मारिका के प्रकाशन को उपयोग में लाया जाएगा। इस संबंध में साहित्य व अन्य विद्या से जुड़े लोगों से भी सहायता प्राप्त की जाएगी। बैठक में परिविक्षाधीन अधिकारी बबिता धीमान, गैर सरकारी सदस्य डॉ. मीना वर्मा, हुसैन अली, चेत राम सुमन, हरि कृष्ण प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा अनिता कुमारी बैठक में उपस्थित थे।



सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### कहलूर में भाग लेने के लिए छह मार्च तक मांगे आवेदन

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 से 23 मार्च तक मनाया जाएगा। मेले के दौरान 18 से 20 तक प्रातः 11 बजे से लुहणू मैदान बिलासपुर में नलवाड़ी आयोजन समिति की ओर से कहलूर लोकोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिलासपुर के लोक नाट्य, लोकनृत्य, लोक गायन, लोक वादन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। यह जानकारी डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। कहलूर लोकोत्सव में भाग लेने वाले लोक कलाकारों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों से छह तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कहलूर लोकोत्सव में भाग लेने वाले कलाकार जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में आवेदक कर सकते हैं। मंच की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से सांस्कृतिक उपसमिति की ओर से आवेदनकर्ताओं के ऑडिशन लिए जाएंगे और उसी आधार पर उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में जिला और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से भाग लेने वाले कलाकारों के लिए भी आवेदन जल्द आमंत्रित किए जाएंगे।

## धोखाधड़ी से बचने के बारे में दी जानकारी

**श्री नयना देवी जी।** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से देश भर में चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता अभियान करो सही शुरुआत, बनो फाइनेंशियल स्मार्ट अभियान के तहत नयना संस्कृति कॉलेज स्वारघाट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

इस शिविर में 100 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने भाग लिया। यह जागरूकता शिविर अभियान कार्यक्रम 26 फरवरी से एक मार्च तक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के अग्रणी जिला अधिकारी राहुल जोशी ने बचत करने के उपाय, बाजार के जोखिम, डिजिटल बैंकिंग और धोखाधड़ी से बचने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। शिविर में संस्कृत कॉलेज स्वारघाट की प्रधानाचार्य चंपा शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक बिलासपुर अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बिलासपुर में नौ को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे, इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमें, दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले हैं, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है।

**लोक अदालत से पूर्व करवाया जा सकता है निपटारा**

कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरणए बिलासपुर, मनीषा गोयल ने दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के चालान अपने माध्यम से कर सकते हैं या लोक अदालत से पूर्व भी आप अपने लंबित मामले को मोबाइल ट्रेफिक मेजिस्ट्रेट बिलासपुर एवं हमीरपुर, समझौता आधिकारी के पास जाकर भी अपने चालान का भुगतान किया जा सकता है तथा कोर्ट में लंबित मामले का भी लोक अदालत से पूर्व निपटारा करवाया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर हिप्र. के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर संकर्प किया जा सकता है या फिर अपने वकील के जरिए आवेदन किया जा सकता है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं से करवाया अवगत

**बरठीं।** ग्राम पंचायत कुठेड़ा के गांव कुलवान में उपप्रधान होशियार सिंह की अध्यक्षता में अमर ज्योति संस्कृति कला मंच घुमारवीं के फोक मीडिया के कलाकारों ने नाटक एवं गीतों के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

**कुलवान में फोक मीडिया के कलाकारों ने किया कार्यक्रम**

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाएं जैसे सुख आश्रय योजना, ई-टैक्सी, राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, ओल्ड पेंशन योजना, बालिका सुरक्षा योजना तथा युवाओं को विभिन्न रोजगार योजना की जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि सहित लगभग 100 लोगों ने भाग लेकर जानकारी का लाभ उठाया।

**अभियान** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से घुमारवीं अस्पताल में लगाया गया जागरूकता अभियान

# दुकानदारों को स्वच्छता के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर द्वारा सिविल अस्पताल घुमारवीं में दुकानदारों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें घुमारवीं तथा आसपास के करीब 50 छोटे, बड़े दुकानदारों ने हिस्सा लिया।

शिविर में खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर की ओर से खाद्य सुरक्षा आयुक्त महेश कश्यप तथा फूड सेफ्टी अधिकारी केएस ठाकुर मौजूद रहे। अधिकारियों की ओर से इस मौके पर शिविर में पहुंचे दुकानदारों को जागरूक किया तथा दुकानदारों को स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग की ओर से



खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर की ओर से सिविल अस्पताल घुमारवीं में दुकानदारों के लिए जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लाभ से अवगत करवाया गया तथा लाइसेंस बनवाने के लिए भी प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से सरकार की ओर से बनाए गए खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की। अपनी-अपनी दुकानों को स्वच्छ रखना दुकानदारों की जिम्मेदारी है। दुकानदारों को स्वच्छता के नियमों का पालन करना होगा। दुकानदारों को खाद्य सामग्री बेचने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत करवाया गया। अधिकारियों की ओर से सभी दुकानदारों को इस बात के लिए जागरूक किया गया कि किसी भी खाद्य सामग्री को तैयार करते समय किसी भी प्रकार के तेल को एक बार से अधिक इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि नियमों की जानकारी के बावजूद कानून की अवहेलना की जाती है, तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बिलासपुर में आयोजित होगी राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप : मृदुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) की बैठक का आयोजन जिला बिलासपुर मुख्यालय में किया गया, जिसमें प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की।

प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के राज्य उपाध्यक्ष हुकुम चंदेल एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक इशान अख्तर ने प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा को हिमाचली परंपरा के अनुसार हिमाचल टोपी शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर



बगटुर एसोसिएशन की बैठक के आयोजन पर बिलासपुर मुख्यालय में मौजूद लोग।

रखना एवं ग्रामीण स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए बिलासपुर में राज्य स्तरीय बगटुर (मार्शल आर्ट) की चैंपियनशिप का आयोजन अप्रैल महीने में करवाया जाएगा, जिसमें लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। मृदुल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को अच्छा और स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार खेलकूद का भी स्वस्थ जीवन के लिए अत्यधिक महत्तव है। इस मौके पर बगटुर एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर (मार्शल आर्ट) के प्रधान सुनंदा सूद, अमन कुमार एवं अन्य पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तुतड़ू गांव में 43 कुत्तों के किए ऑपरेशन

**बंगाणा।** एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत पशु पालन विभाग जिला ऊना द्वारा उपनिदेशक पशु पालन विभाग ऊना डॉ. विनय शर्मा के निर्देश पर उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत चराडा के गांव तुतड़ू में एक विशाल श्वान बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया जोकि अभी तक फील्डस्तर का सबसे बड़ा शिविर था जिसमें 13 मादा और 30 नर श्वान के ऑपरेशन जोनल हॉस्पिटल बरनोह, पोली क्लिनिक ललडी और उपमंडल बंगाणा के विशेषज्ञों की टीम ने सफलतापूर्वक किए। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी बंगाणा डॉ. सतेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में सहायक निदेशक परियोजना डॉक्टर दिनेश परमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को बताया कि अपने पालतु कुत्तों का अपने अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय प्रभारी से रजिस्ट्रेशन कार्ड बनवाएं तथा समय-समय पर टीकाकरण की जानकारी लेकर टीकाकरण करवाते रहें, ताकि रेबीज जैसी घातक बीमारी की रोकथाम के साथ श्वानों की असामयक मृत्य को रोका जा सके।

### लोगों को बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

**बंगाणा।** ग्राम पंचायत पीपलू में डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिवर का आयोजन कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बंगाणा द्वारा किया गया, जिसमें बैंक के प्रबंधक विनोद पाल सिंह द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे लोगों को बताया। इसमें मुख्य रूप से घर-घर किसान क्रेडिट कार्ड,महिला समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना वह डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी गई। शिविर में बैंक की ओर से सुनील, मुकेश, अंकुश शर्मा सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

### मुख्य शिक्षक सतेंद्र मिन्हास का सवागत

**बंगाणा।** राज्य पुरस्कार से सम्मानित केंद्र मुख्य शिक्षक नारी सतेन्द्र मिन्हास का शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला नारी में पहुंचने पर पूरे स्टाफ और बच्चों ने भव्य स्वागत किया। सतिंद्र मिन्हास ने शुक्रवार को केंद्र मुख्य शिक्षक नारी का पुनः पदभार ग्रहण कर लिया है, क्योंकि राज्य सरकार ने उनके सेवाकाल को एक साल का विस्तार दिया है जिससे नारी स्कूल के सभी अभिभावक और बच्चे बहुत खुश हैं। शिक्षा खंड जोल के सभी अध्यापकों तथा इस पाठशाला के सभी एसएमसी सदस्यों ने सतिंद्र मिन्हास का कार्यकाल बढ़ाने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है।

### रमेश ठाकुर ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शुक्रवार को डा. रमेश ठाकुर ने प्राचार्य का कार्यभार संभाला है। आपको बता दें कि आज पूर्व महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार का स्थानांतरण बंगाणा महाविद्यालय से बड़सर महाविद्यालय के लिए हो गया है। इस अवसर पर बंगाणा महाविद्यालय के तमाम स्टॉफ ने नव नियुक्त प्राचार्य डा. रमेश ठाकुर का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस महाविधालय में शिक्षक की तरह अपनी सेवा दी हैं, अब नई जिमेदारी के साथ उनकी मुख्य भूमिका महाविधालय को उच्च बुलंदियों तक पहुंचाना उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। डा. रमेश ठाकुर जिला कांगड़ा के मगरु गांव के निवासी हैं। वह विभिन्न महाविद्यालयों शिलाई, नाहन, अंब, ढलियारा, नूरपुर, बंगाणा में भी सेवाएं दे चुके हैं। इस अवसर पर कॉलेज के तमाम स्टॉफ मौजूद रहा।

### विधायक के जल्द स्वास्थ्य की कामना को हवन-यज्ञ

**अंब।** बीते सोमवार चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की शिमला जाते वक्त नंदपुर में अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद सुदर्शन सिंह बबलू को सिविल अस्पताल अंब में पहुंचाया गया जहां पर उनको प्राथमिक उपचार देने के बाद अमन अस्पताल होशियारपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। चिंतपूर्णी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा वा कई कार्यकर्ताओं द्वारा चिंतपूर्णी मंदिर में सुदर्शन सिंह बबलू की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए पूजा पाठ व हवन करवाया गया। इस दौरान माता रानी से प्रार्थना की गई कि विधायक स्वस्थ होकर चिंतपूर्णी विधानसभा में पहुंचकर जनता के बीच आकर जनता के काम शुरू करें। इस मौके पर डॉ. रविंद्र के साथ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शमशेर अली, नरेश बरोटिया, नरेश ठाकुर, नितिन शर्मा, सचिन ठाकुर, मनोनित पार्षद रितेश शर्मा, सुलोचना मामी, रशद खान, साहिल शर्मा व कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षुओं को करियर को लेकर किया जागरूक

**अंब।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैहरियां में शुक्रवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला रोजगार कार्यालय ऊना में कार्यरत मनोवैज्ञानी करियर काउंसलर कृति भारद्वाज ने संस्थान के प्रशिक्षुओं को उनके करियर संबंधी जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि आजकल प्रशिक्षु रोजगार विभाग के पोर्टल EEMIS.HP.NIC.IN में ऑनलाइन आवेदन कर अपने आपको पंजीकृत कर सकते हैं। साथ ही कौशल विकास भत्ते को भी ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षुओं को रिज्यूम मेकिंग की जानकारी भी दी। आईटीआई नैहरियां के प्रधानाचार्य प्रवेश शर्मा ने कहा कि समय-समय पर संस्थान में ऐसे कार्यक्रम होने से प्रशिक्षुओं में एक नई ऊर्जा का निर्माण होता है। इस मौके पर समूह अनुदेशक राकेश कुमार, संस्थान के अनुदेशक विवेक कुमार, सुनील कुमार , सुनील दत्त और कार्यालय प्रभारी निर्मल कुमार और सह प्रभारी इंद्र सहित संस्थान के 90 के करीब प्रशिक्षु भी उपस्थित रहे।

### छात्रों को दी ईवीएम की जानकारी

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा के द्वारा स्वीप, सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के सौजन्य से महाविद्यालय में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जानकारी हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर स्वीप कॉलेज के नोडल अधिकारी व राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि ईवीएम वोट डालने या वोटों की गिनती करने के कार्य को करने में सहायता करती है। ईवीएम को दो यूनिटों से तैयार किया गया है। कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट। इन यूनिटों को केबल से एक दूसरे से जोड़ा जाता है। ईवीएम की कंट्रोल यूनिट पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखी जाती है। बैलेटिंग यूनिट को मतदाताओं द्वारा मत डालने के लिए वोटिंग कंपार्टमेंट के भीतर रखा जाता है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि मतदान अधिकारी आपकी पहचान की पुष्टि कर सकें। इस मौके पर स्वीप कॉलेज नोडल अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी, एसडीएम ऑफिस बंगाणा से आए एक्सपर्ट्स, अजय शर्मा, अनिल शर्मा और हैड कांस्टेबल पुलिस विभाग राजेश शर्मा, राजनिति विज्ञान विभाग के उपाध्यक्ष स्वीप के कॉलेज कैंपस एंबेसडर विशाल सोनी और सबीता अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# कांग्रेस से बगावत करने वाले विधायकों के फूंके पुतले, पोस्टरों पर पोती कालिख

## बागी विधायकों ने लाखों हिमाचलियों की भावनाओं से किया खिलवाड़ः रविंद्र सहोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



ऊना में पार्टी से बगावत करने वाले विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

जिला मुख्यालय पर शुक्रवार के दिन कांग्रेस समर्थकों ने कांग्रेस के छह बर्खास्त विधायकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उनके पुतले जलाए। विरोध प्रदर्शन शामिल लोगों का कहना था कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव चिंह पर चुनाव जीतने के बाद उन्होंने पार्टी से दगा किया है। प्रदर्शनकारियों ने विधायकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यह भी आरोप जड़े कि राज्यसभा के चुनाव के लिए इन छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके पार्टी के खिलाफ कार्य किया है। ऊना जिला मुख्यालय के समीप अज्ञात लोगों ने एक विधायक के पोस्टर पर तो कालिख भी पोत दी है। यह सरकारी कार्यक्रम का होर्डिंग था जिसमें विधायक के चेहरे को काला करते हुए उसके ऊपर 'गद्दार' लिखा है।

कांग्रेस समर्थकों द्वारा जिला मुख्यालय के विश्राम गृह पर बर्खास्त विधायकों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस विरोध-प्रदर्शन में युवा कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस ऊना के पदाधिकारियों समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे। स्थानीय विश्राम गृह से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के चिंतपूर्णी के बर्खास्त विधायक चैतन्य शर्मा और कुटलैहड़ के देवेंद्र भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने प्रदेश भाजपा नेतृत्व, केंद्रीय भाजपा नेतृत्व के खिलाफ भी जमकर हल्ला बोला। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए रोटरी चौक तक रोष रैली निकाली और रोटरी चौक पर पुतलों पर जूतियां बरसाते हुए उन्हें आगे हवाले किया। मुख्य चौराहे पर विधायकों के पुतले जलाने के बाद फिर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार नारेबाजी की गई और बाद में विश्राम गृह प्रांगण में यह प्रदर्शन समाप्त हुआ।

इस प्रदर्शन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र सहोड़ ने कहा कि इन बागी विधायकों ने हमारे लाखों हिमाचली लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। इन बर्खास्त विधायकों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। राज्य में कांग्रेस की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रदर्शन में वीरेंद्र धर्माणी, सीमा शर्मा, करण शर्मा, वरुण पुरी, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस तथा कांग्रेस के अग्रणी संगठनों से जुड़े लोगों के अलावा कई लोग शामिल थे।

### मनरेगा कार्य में अनियमितता को लेकर बीडीओ से की शिकायत

**अंब।** विकास खंड अम्ब की ग्राम पंचायत नैहरीनोरगां वार्ड नं 4 में मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई कार्य में अनियमितता को लेकर बीडीओ को शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता राजीव शर्मा, जो मंझार निवासी है, ने विकास खंड अधिकारी अंब को दी शिकायत में कहा है कि ग्राम पंचायत नैहरीनोरगां के वार्ड नं.-4 तालाब कार्य पर न मस्टरोल होता है न ही कोई कर्मचारी कार्य की देख-रेख के लिए मौजूद होता है। शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत खुदाई कार्य में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है। मनरेगा कार्य ग्राम पंचायत और तकनीकी सहायक की देखरेख किया जाता है तथा मनरेगा मस्टरोल को निर्माण कार्य पर रखना अनिवार्य है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत प्रधान नैहरीनोरगां नीलम शर्मा का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा तालाब की खुदाई कार्य का मस्टरोल वार्ड पंच सुनीता देवी को दिया है। तालाब कार्य पर जव कृष्ण कुमार पुत्र परसराम गया था तो उस समय वार्ड पंच सुनीता देवी दवाई लेने गई थी। इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव जसवंत सिंह का कहना है कि तकनीकी सहायक दिनेश के कहने पर ग्राम पंचायत द्वारा 26 फरवरी को तालाब की खुदाई का काम बंद कर दिया है।

वहीं इसको लेकर विकास खंड अंब एसवीपीओ सुखचैन का कहना है कि नैहरीनोरगां में तलाव कार्य की शिकायत आई है। इसकी जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### लालसिंघी कृषि सहकारी सभा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण



भवन का उद्घाटन के पश्चात राकेश कुमार अन्यों के साथ।

**ऊना।** लालसिंघी कृषि सहकारी सभा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, ऊना राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के महाप्रबंधक विक्रमजीत सिंह व ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा की उपस्थिति थे। इस भवन को एकीकृत सहकारी विकास परियोजना की वित्तीय सहायता से 34 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है। इस अवसर पर इस सभा की प्रबंधक समिति के प्रधान टेक चंद, सचिव अमनदीप व सभा के सदस्यों ने बड़ी संख्या में विभागीय खंड निरीक्षक उमेश शर्मा, महेश शर्मा व राजीव कुमार ने भी भाग लिया। सहायक पंजीयक ने अपने सम्बोधन में सभा के कर्मचारियों को ईमानदारी व निष्ठा से काम करने का आग्रह किया।

## 17 से 28 मार्च तक चलेगा होली मेला मैड़ी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



उपायुक्त जतिन लाल मैडी मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए।

उत्तर भारत का प्रमुख धार्मिक आयोजन होली मेला मैड़ी इस वर्ष 17 से 28 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 25 मार्च को निशान साहिब (झंड़ा चढ़ाने) की रस्म अदा की जाएगी, जबकि 27 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में मैड़ी में आयोजित बैठक के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना मेला अधिकारी तथा एसडीएम अम्ब को सहायक मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना को मेला पुलिस अधिकारी तथा डीएसपी अंब को सहायक मेला पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न व्यवस्थाओं के सुचारू संचालने के लिए मेला क्षेत्र को दस सेक्टरों में बांटा गया है, ताकि यातायात, पार्किंग तथा स्वच्छता सहित अनेक प्रकार की अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मेला स्थल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा कैंप लगाए जाएंगे। मेले में खुले ट्रको तथा अन्य वाणिज्यक वाहनों में आना प्रतिबंधित है, इसलिए मेले में आने के लिए सभी यात्री केवल यात्री वाहनों का ही प्रयोग करें।

**तैयारियों का लिया जायजा, नियुक्त किए अधिकारी**

उपायुक्त ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी। मेला क्षेत्र में रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। उपायुक्त ने मैड़ी स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों तथा सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मेले के सफल आयोजन में हर संभव योगदान दें।

बैठक के उपरांत उपायुक्त ने मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थनों में जाकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को यातायात, पार्किंग, पेयजल तथा विद्युत वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, एसडीएम अंब विवेक महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. ज्योति कंवर, खंड विकास अधिकारी अंब ओमपाल डोगरा, एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान सहित विभिन्न धर्मिक स्थलों के संचालक तथा सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# बागी विधायकों का निष्कासन इनके राजनीतिक भविष्य के लिए खतरे की घंटी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कांग्रेस के बागी विधायकों की दिशा और दशा को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। हाल ही में प्रदेश के कांग्रेस के छह विधायकों ने राज्यसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोट कर प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस को खतरा पैदा कर दिया था। इस सियासी घटनाक्रम ने गगरेट की आमजनमानस से लेकर राजनीतिक जानकारों व राजनीतिक माहिरों के बीच एक नई बहस छेड़ दी है। हिमाचल की राजनीति में इस तरह के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि प्रदेश की राजनीति पर अन्य राज्यों में घट ऐसे घटनाक्रमों का असर दिखने लगा है। वहीं यहां की भोली-भाली जनता के लिए सही चुनाव भी राजनीतिक अस्थिरता के वातावरण का आभास कराने वाला दिखने लगा है।

काबिले गौर है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर गगरेट से किसका समर्थन होगा ये शुरू से ही अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी, जिसमें कांग्रेस दो धड़ों में बंटी नजर आ रही थी। कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद स्थानीय विधायक का भी सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन करना पड़ा। इसके बाद पद की चाहत रखने वाले कुछ विधायक अंदर खाते और ही मंशा से काम करते रहे। कुछ दिन पहले हुए राज्यसभा सीट के लिए मतदान में इन नाराज विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर सगठन के अनुशासन की मर्यादा को तोड़ा गया और इसका परिणाम अब सबके सामने है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि क्रॉस वोटिंग के पीछे नाराजगी न होकर कहीं न कहीं निजी स्वार्थ की मंशा अप्रत्यक्ष रूप झलकती है। कांग्रेस की टिकट से चुनाव जीतकर जो लोग अपने ही संगठन में संतुष्ट नहीं हो पाए वे दल बदलने के बाद विपक्षी दल में कौन से बड़े पद को पाने में सफल हो पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन सदन से इन विधायकों का निष्कासन इन विधायकों के राजनीतिक भविष्य के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। वहीं इनके चुनाव क्षेत्रों की जनता भी इनके अचानक बदले पाले को लेकर भविष्य में किसी नए चेहरे को ही अवसर देने की चर्चा में हैं। निष्कासित विधायकों को नई पार्टी स्वीकार तो करेगी लेकिन भविष्य में पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ना इनके लिए आसान नहीं होगा।

### भाजपा और एक कारोबारी घराने ने रचा था षड्यंत्र : डॉ. विजय

**ब्यूरो, ऊना।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा ने राज्य में सरकार को अस्थिर करने के असफल प्रयास के लिए भाजपा और उससे जुड़े एक बड़े कारोबारी घराने को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के अलावा एनडीए सरकार से जुड़ा एक प्रमुख व्यवसायी इस साजिश का हिस्सा रहा है। यह हिमाचल जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राज्य की जनता हैरान है कि छह विधायकों की एक ही रात में निष्ठा बदल गई ऐसा किस स्थिति में संभव हो पाया। डोगरा ने कहा कि प्रदेश में ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। इस सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा के पूरे तंत्र ने जोर लगाया और एक प्रमुख कारोबारी का हाथ था जिसके इस प्रदेश में भी स्वार्थ छिपे हैं। सीमेंट उद्योग से लेकर कई ऐसे कारोबार हैं जिनके लिए यह पूरा खेल खेलने का असफल प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं की दूरदर्शिता से भाजपा का यह प्रयास विफल हुआ है। डोगरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस तरह की घटिया सियासत पहली दफा हुई है। इस प्रदेश के लोग ऐसी हरकत के लिए भाजपा को कभी क्षमा नहीं करेंगी।



## विशेष दिन में ऊना जिले में दस बच्चों ने लिया जन्म



संतोषगढ़ के रविंद्र अपने परिवार के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले में लीप वर्ष के महत्वपूर्ण दिवस 29 फरवरी पर 10 बच्चों ने विभिन्न अस्पतालों में जन्म लिया है। इसमें ऊना अस्पताल में सात बच्चों ने किलकारियां भरी, जबकि तीन ने निजी अस्पतालों में आंखे खोली हैं। इन बच्चों के अभिभावकों ने खुशी प्रकट की है।

जिला मुख्यालय के क्षेत्रीय अस्पताल में सबसे पहले 29 फरवरी को देर रात 2 बजकर 29 मिनट पर रोड़ा हरोली के रीता और साहिल कुमार के घर बेटे का आगमन हुआ। इसके अलावा रात को ही टक्का ऊना के ममता और राजन के घर बेटी पधारी हैं। ड़ठवाड़ा ऊना के अनिता चंद्रा और धर्म लाल को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। खड्ड ऊना के रजनी वाला और इंदरजीत के घर लक्ष्मी पहुंची हैं। कन्यारी अंब के प्रियंका और सुनील के घर बेटी आई है। संतोषगढ़ की शबनम और रविंद्र के घर बेटे ने जन्म लिया है। इसमें एक शल्य चिकित्सा से बच्चे का जन्म हुआ शेष नॉर्मल प्रसूतियां हुई हैं।

संतोषगढ़ के रविंद्र अपने घर इस विशेष दिन में बेटे के जन्म को लेकर काफी खुश हैं। उनका कहना है कि भगवान ने उन्हें इस दिन खुशियां दी हैं। भले ही बेटे का जन्म दिवस चार साल में आएगा, लेकिन वे प्रति वर्ष उसका जन्म दिवस मनाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी पहले बेटी है और उनके घर बेटे आने पर सभी लोग खुशियां मना रहे हैं।

# कांग्रेस 70 वर्ष राज कर अनुसूचित जाति के लिए कोई योजना नहीं लाईः वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में उपस्थित वीरेंद्र कंवर।

कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक थानाकलां में राज्य सचिव सूरम सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री एवं राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिरेंद्र कंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और आने वाले लोकसभा चुनावों पर चर्चा की। बैठक में मोर्चा के सभी मंडल स्तर के सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में मोदी सरकार के सफल दस वर्षों के कार्यकाल में उपलब्धियों पर पूर्व मंत्री बिरेंद्र कंवर ने प्रकाश डाला।

कंवर ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के दस वर्षों में दर्जनों योजनाओं से देश की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। खासकर अनुसूचित जाति के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष पैकेज हर वर्ष रखा जा है, ताकि देश में हर वर्ग के साथ अनुसूचित जाति का भी उत्थान हो। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि बीते 70 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी ने अनुसूचित जाति को केवल वोट बैंक के लिए इत्सेमाल करके उन्हें समाज में गिराने का प्रयास किया था। लेकिन जब भी केंद्र अथवा राज्य में भाजपा की सरकार बनी तब देश के अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए सरकार ने काम किया है और अनुसूचित जाति को अलग पहचान दी है।

कंवर ने कहा कि आज देश में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं रहा है। हर वर्ग के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने दस वर्षों के कार्यकाल में काम किया है। कंवर ने कहा कि राज्य में जब दूसरी बार धूमल सरकार बनी थी। तो हिमाचल प्रदेश में हर मंडल स्तर पर डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के नाम से दस लाख की लागत से भवन बनाए गए थे। आज यह भवन हर मंडल में कारगर साबित हो रहे है। कंवर ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्ष राज करके अनुसूचित जाति के लिए कोई एक योजना को धरातल पर नहीं उतारा है।

कंवर ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कुटलैहड़ विस क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को 30 हजार से ज्यादा बढ़त देकर इतिहास बनाना है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**हल्ला बोल** पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार व लोगों की जमीन कब्जाने के विरोध में प्रदर्शन

# भाजपा ने बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**




विरोध प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

ऊना भाजपा द्वारा में बेस्ट बंगाल में टीएमसी के नेता शेख शाहजहां द्वारा महिलाओं पर अत्याचार व लोगों की जबरदस्ती जमीन कब्जाए जाने की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कवर, भाजपा के जिला अध्यक्ष बलवीर चौधरी, राज्य भाजपा सचिव सुमित शर्मा, भाजपा के नेता प्रोफ. रामकुमार, ,राज्य उपाध्यक्ष मीनाक्षी राणा, जिला भाजपा महामंत्री राजकुमार पठानिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बीजेपी ने ऊना रेस्ट हाउस में इस प्रदर्शन की शुरुआत कर एमसी पार्क से लेकर वापस रेस्ट हाउस में ही इस विरोध प्रदर्शन को समाप्त किया। अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि भाजपा द्वारा आज पूरे देश भर में टीएमसी के नेता शेख शाहजहां के विरोध में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि टीएमसी के नेता द्वारा महिलाओं पर अत्याचार व आम लोगों की जमीन पर कब्जा किया गया है । महिलाओं ने साहस का परिचय दिखाकर इस मामले को दुनिया के सामने लाया है, जबकि बेस्ट बंगाल की मुख्यमंत्री खुद एक महिला है इस घटना के बाद भी वहां की सरकार इस मामले को मानने के लिए तैयार नहीं है। हाई कोर्ट में जाना पड़ता है और इस मामले में सरकार दो बार आदेश देने पड़ते है। इससे साफ पता चलता है की बेस्ट बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है । वहां पर अराजकता का माहौल है इसलिए भारतीय जनता पार्टी महामहिम से मांग करती है की वेस्ट बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए ताकि जनमानस को राहत मिल सके।

बलवीर चौधरी व प्रो. रामकुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस प्रकार से अमानवीय घटनाओं का होना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि सरकार का संरक्षण हो रहा है, इसलिए वहां की सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा की राज्य उपाध्यक्ष मीनाक्षी राणा व जिला महामंत्री अनीता चंदेल ने कहा कि महिलाओं के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया है यह अति निदनीय है। टीएमसी की सरकार मूक दर्शक बनी बैठी हैं। वहां की मुख्यमंत्री महिला है क्या उन्हें इस बात का इल्म नहीं है कि उनके राज्य में किस प्रकार की बरर्बता हो रही है।

इस मौके पर अनुसूचित जाति के प्रदेश महामंत्री कृष्ण चंदेल, जिला महामंत्री राजकुमार पठानिया ,शाम मिन्हास, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर बग्गा, मनोहर शर्मा जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू, शुभ लता संतोष सैणी, नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष विनोद पुरी, उर्मिला चौधरी, सीमा दत्ता, ममता कश्यप, आशा पवार, सूरम सिंह, गोल्डी कौंडल, पुरुषोत्तम भाटिया, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीस के स्टेफानोस को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे डी मिनौर



**एकापुल्को।** तीसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पांचवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को तीन सेटों में 1-6, 6-3, 6-4 से हराकर मैक्सिकन ओपन में लगातार दूसरे साल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।इस जीत के साथ डी मिनौर ने सितसिपास के खिलाफ अपनी दस मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया।

### सर्वश्रेष्ठ बनने को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम होगा। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी है। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया । एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा।

### रणजी सेमीफाइनल : मध्य प्रदेश विदर्भ के बीच आज होगा मुकाबला

**नागपुर।** मध्य प्रदेश की टीम शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ टीम के खिलाफ उतरेगी। दो बार की चैंपियन विदर्भ टीम ने वीसीए स्टेडियम पर इस सत्र में चार मैच में से तीन जीते हैं। सौराष्ट्र के खिलाफ एकमात्र मैच गंवाया है। विदर्भ की ताकत उसके बललेबाजों का शानदार फॉर्म रही है। करुण नायर (515 रन), ध्रुव शोरे (496 रन), अथर्व तायडे (488 रन) और कप्तान अक्षय वाडकर ने 452 रन बनाए हैं। नागपुर की पिच बल्लेबाजों की मददगार रही है, लेकिन विदर्भ के दो गेंदबाजों तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और बायें हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिलकर 68 विकेट चटकाए हैं।

### पुणे में महिलाओं का रेड बॉल टूर्नामेंट 28 मार्च से

**नई दिल्ली।** महिलाओं के रेडबॉल क्रिकेट की भारत के घरेलू कैलेंडर में छह साल बाद वापसी होगी, जब बीसीसीआई पुणे में 28 मार्च से सीनियर इंटर जोन टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। यह फैसला भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बाद लिया गया। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेले हैं। आखिरी बार महिलाओं के लिए लाल गेंद का घरेलू टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था।

### तकनीकी खराबी के चलते सेना के दो हेलिकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग




**नई दिल्ली।** राजस्थान के डीडवाना में मेगा हाईवे पर स्थित गोपाल गौशाला में सेना के दो हेलिकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एक हेलिकॉप्टर तकनीकी खामी के चलते गौशाला में उतरा, जिसके बाद उसके साथ चल रहे हेलिकॉप्टर ने भी लैंडिंग की। 10 मिनट बाद हेलिकॉप्टरों ने फिर वापस उड़ान भरी।

### जालंधर-जम्मू रेल ट्रैक पर ब्लास्ट, गेटमैन घायल

**जम्मू।** जालंधर-जम्मू रेलवे ट्रैक पर गेट नंबर 71 के पास शुक्रवार को धमाका हुआ। इसमें गेटमैन घायल हो गया। घायल गेटमैन की पहचान यूपी के रहने वाले सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद जम्मू में जालंधर-जम्मू रेल रूट पर ट्रेन सेवाएं बंद हैं। मौके पर फॉरेंसिक टीम और बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम पहुंची हैं। पूरे इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार व गोला-बारूद और पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपए भी जब्त किए हैं। पुलिस को संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे पूर्व में सुरक्षा बलों से लूटे गए थे।

### मनी लॉड्रिंग मामला: 'आप' विधायक की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 24 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अमानतुल्लाह की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अमानतुल्लाह को अगर अग्रिम जमानत दी गई तो वह जांच में सहयोग नहीं करेंगे।

### उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सात को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सात मार्च को सुनवाई के की जाएगी। नार्वेकर ने जून 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को 'असली राजनीतिक दल' घोषित किया था।

### भाकपा माओवादी का इनामी नक्सली एनेम हस्सा गिरफ्तार

**रांची।** रांची के तमाड़ थाना पुलिस और सुरक्षाबलों ने भाकपा माओवादी के पचास हजार के इनामी नक्सली एनेम हस्सा पूर्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली तमाड़ थाना क्षेत्र के डिमनिया बेड़ा का रहने वाला है।

---

#### पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं कर पाए कुछ खास, नाथन ने झटके चार विकेट

# न्यूजीलैंड टीम 179 रन पर ऑलआउट

**एजेंसी, वेलिंगटन**

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ न्यूजीलैंड की टीम पहले टेस्ट की पहली पारी में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 13 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 217 रन की हो गई है। उस्मान ख्वाजा पांच और नाइट वॉचमैन नाथन लायन छह रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व स्टेडियम में वीरवार को न्यूजीलैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 383 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन शून्य पर रन आउट होकर वापस लौटे। वहीं, पहली पारी में सात बल्लेबाज दहाई के अंक को भी पार नहीं कर पाए।

**सात बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए, चार पारियों में तीन शतक जमाने वाले विलियमसन शून्य पर आउट**

**दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने झटके दो विकेट**




### फ्लॉप हुआ पिछली सीरीज का शतकवीर

**साउथ** अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की चार पारियों में तीन शतक जमाने वाले केन विलियमसन शून्य पर रन आउट होकर वापस लौटे। एक शतकवीर रचिन रवींद्र भी बल्ला नहीं खोल पाए। पूर्व कप्तान विलियमसन दो बॉल खेलकर वापस लौटे, जबकि रचिन महज 3 गेंद ही टिक पाए। केन विलियमसन ने डॉन ब्रैडमैन के 29 टेस्ट शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद सबसे तेज 32 शतक जमाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा।

### ग्रीन-हेजलवुड के बीच 10वें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी



**ऑस्ट्रेलिया** ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी को 279/9 के स्कोर से आगे बढ़ाया। कैमरन ग्रीन (174*) और जोश हेजलवुड (22) के बीच आखिरी विकेट के लिए 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी हुई। इन दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 10वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी की।

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ग्रीन और हेजलवुड ने 10वें विकेट की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी की। वहीं, पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 383 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 179 रन पर सिमट गई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 204 रन की बढ़त मिली। न्यूजीलैंड की तरफ से ग्लेन फिलिप्स 71 और मैट हेनरी 42 सबसे ज्यादा रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन लायन ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। जोश हेजलवुड को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श को एक-एक सफलता मिली।

### घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे श्रेयस अय्यर



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे। उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा।

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। यह मुकाबले मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी के मैदान पर खेला जाएगा। इसी मैदान पर मुंबई ने अपना क्वार्टर फाइनल मैच खेला था। यहां शुरुआत में तो गेंदबाजों की मदद मिलेगी, लेकिन कुल मिलाकर बल्लेबाज पिच देखने को मिल सकती है।

### बड़ी पारियां खेलने के लिए गेम में किए बदलाव : शेफाली




**बेंगलुरु।** आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए पिछले एक साल में अपनी शैली में बदलाव किए हैं, जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है।

शेफाली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की । शेफाली ने कहा कि मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैने काफी कुछ सीखा, उसकी की वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं।

### भारतीय कुश्ती संघ के चयन ट्रायल पर लगे रोक

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित चयन ट्रायल पर रोक लगाने की मांग करते हुए बजरंग पूनिया समेत चार पहलवानों ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। हाई कोर्ट अगले सप्ताह इस याचिका पर सुनवाई कर सकता है।

**बजरंग पूनिया समेत चार पहलवानों ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका**

दिल्ली हाई कोर्ट में यह याचिका बजरंग पूनिया के अलावा विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान ने दायर की है। याचिका में भारतीय कुश्ती संघ की ओर से एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स एंड वर्ल्ड ओलंपिक क्वालीफायर्स के दूसरे सेलेक्शन ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर रखा है, ऐसे में भारतीय कुश्ती संघ को ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित करने का अधिकार नहीं है।

### भारत ने सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप में भूटान को 7-0 से हराया

**काठमांडू।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-16 महिला फुटबाल चैंपियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। इसके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल, जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक-एक गोल किया।

### वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग टूर 2024 : सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बनी भारत की आठ वर्षीय जराह ग्लेडिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की जराह ऐन ग्लेडिस महज आठ साल की उम्र में दुबई में वर्ल्ड स्केट बोर्डिंग टूर 2024 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बनी है। जराह ने महिला पार्क इवेंट में भाग लिया। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान 8.50 का स्कोर हासिल किया। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी ओलंपिक विश्व स्केट रैंकिंग में सुधार करने के इच्छुक स्केटबोर्डर्स के लिए दुबई मीट एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। चार साल की उम्र में स्केटबोर्डिंग शुरू करने वाली जराह ने पिछले साल रोम में स्केटबोर्डिंग पार्क वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10.66 था।




### कपिल ने किया बीबीसीआई के घरेलू क्रिकेट खेलने के फैसले का समर्थन



**बोले- कुछ लोगों को तकलीफ होगी, देश से बढ़ा कुछ नहीं**

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने बीबीसीआई के घरेलू क्रिकेट खेलने की सख्ती के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने से खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो, क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है। फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्रॉफी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। बीबीसीआई ने दो दिन पहले जारी एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से उन क्रिकेटर्स को बाहर कर दिया, जो घरेलू क्रिकेट छोड़कर आईपीएल की तैयारियों में जुटे हुए थे। इनमें श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे नाम शामिल हैं।

---

#### लोस चुनाव के लिए सियासी दलों को एडवाइजरी जारी

## आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें उनसे चुनाव प्रचार के दौरान शिष्टाचार और संयम बनाने रखने व मुद्दों पर आधारित बहस की जरूरत पर जोर दिया गया। आयोग ने कहा कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एडवाइजरी में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम या अपमानित करने वाले या दूसरों की गरिमा को गिराने वाले पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए।

#### बयानबाजी से रहें दूर

**आयोग** ने राजनीतिक दलों को विभाजनकारी बयानबाजी से दूर रहने के लिए भी कहा। एडवाइजरी में स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उल्लंघनों के प्रति आगाह किया गया है। एडवाइजरी में कहा गया, चुनाव आयोग आगामी चुनाव में समय और सामग्री के संबंध में दिए जाने वाले नोटिस पर पुनर्विचार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आकलन करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- हम चिप नहीं लगा सकते प्राइवेसी भी कोई चीज है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों की डिजिटल निगरानी की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते। प्राइवेसी का अधिकार नाम की भी कोई चीज है। वे जो करते हैं, उसकी निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर इलेक्ट्रॉनिक चिप नहीं लगा सकते। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सांसदों-विधायकों से संबंधित जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। गौर रहे कि बेहतर पारदर्शिता के लिए सभी निर्वाचित सांसदों और विधायकों की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की मांग संबंधी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी।

**सांसदों-विधायकों की निगरानी वाली याचिका की खारिज**

### मुकेश अंबानी के बेटे की प्री-वेडिंग फंक्शन में सितारों का मेला




नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में कई फिल्मी हस्तियां पहुंची। वॉलीबुड से अजय देवगन, वरुण धवन, नताशा दलाल, श्रद्धा कपूर और खुशी कपूर व माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और क्रिकेट जगत से सचिन तेंदुलकर, महिंद्र सिंह धोनी आदि पहुंचे हैं।

## कानपुर में तंबाकू कंपनी में रेड, 100 करोड़ की कारें मिलीं, पांच करोड़ कैश भी बरामद

**एजेंसी, कानपुर**

**कानपुर** में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस पर छापा मारा। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी की गई है। 29 फरवरी को शुरू हुई छापेमारी का आज दूसरा दिन है। कंपनी मालिक केके मिश्रा की दिल्ली स्थित कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। छापेमारी में 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है। पांच करोड़ रुपए कैश और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। तंबाकू कंपनी सिर्फ 20 से 25 करोड़ का कारोबार दिखाया था, लेकिन अब तक की जांच में 150 करोड़ का कारोबार सामने आया है।



**100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी, कई डॉक्यूमेंट्स मिले**

### संसद सुरक्षा में सेंध मामला: छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 मार्च तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले के छह आरोपितों की न्यायिक हिरासत 11 मार्च तक बढ़ा दी है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने यह आदेश दिया। शुक्रवार को पेशी के दौरान आरोपित नीलम आजाद ने कोर्ट बताया कि वह अपने वकील सुरेश चौधरी को बदल रही हैं, जबकि बाकी पांच आरोपितों ने बताया कि वह भी अपना खुद का वकील करना चाहते हैं। आज सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 31 जनवरी को सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत आज तक के लिए बढ़ाई थी। पांच जनवरी को ही कोर्ट ने आरोपितों का पॉलीग्राफ, नार्को और ब्रेन मैपिंग करने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### पाकिस्तान में नौ मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नौ मार्च को होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का लगभग 11 साल बाद फिर से शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करना लगभग तय है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने एक नोटिस में कहा कि राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को नेशनल असेंबली और सभी प्रांतीय असेंबली में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। उम्मीदवार शनिवार को लाहौर, कराची, पेशावर और क्वेटा में नामांकन पत्र दायर कर सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का आसाराम की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर आसाराम की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर ट्रायल कोर्ट सजा के खिलाफ उनकी अपील पर शीघ्र सुनवाई नहीं करता तो वह सजा के निलंबन के लिए राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं। लगभग 10 साल से आसाराम जेल में बंद हैं और करीब एक दर्जन से अधिक बार उनकी जमानत अर्जी खारिज चुकी है।

यौन उत्पीड़न के आरोप में आसाराम को 2013 में गिरफ्तार किया गया था। 20 अगस्त, 2013 को उनके खिलाफ जोधपुर आश्रम में यौन शोषण का मामला दर्ज कराया गया था। इसके अलावा सूरत की दो बहनों ने भी 2001 में आश्रम में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

---

**बदलाव** वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम माह मार्च की पहली तारीख से फास्टैग के केवाईसी और जीएसटी के नियम बदले

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 25.50 रुपए महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मौजूदा** वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम माह मार्च की पहली तारीख को कई बदलाव हुए हैं। सरकार ने फास्टैग केवाईसी और जीएसटी नियमों में बदलाव किया है। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में 25.50 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें शुक्रवार से लागू हो गई हैं।

**घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं**

#### प्रमुख शहरों में ये रहेंगे दाम



**दिल्ली** में अब कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 1795 रुपए हो गई है। पहले 1769.50 रुपए का मिलता था। कोलकाता में इसका दाम 24 रुपए बढ़कर 1911 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। मुंबई में यह सिलेंडर 25.50 रुपए महंगा होकर 1749 रुपए में मिलेगा। चेन्नई में इसकी कीमत 23.50 बढ़कर 1960.50 रुपए हो गई है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव नहीं होने से दिल्ली में अभी यह 903 रुपए, भोपाल में 908 रुपए और जयपुर में 906 रुपए में मिल रहा है।

#### घरेलू सिलेंडर के भाव स्थिर

**घरेलू** एलपीजी सिलेंडर यानी 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की बात करें तो इस बार भी दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू सिलेंडर के भाव में पछ्ले कई महीने से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसमें आखिरी बार 30 अगस्त को बदलाव हुआ था। छह महीने से 14 किलो वाले सिलेंडर के भाव स्थिर हैं। अभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 903 रुपए में मिल रहा है। वहीं, चेन्नई में 918.50 रुपए, मुंबई में 902.50 रुपए और कोलकाता में 929 रुपए है।

### घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 3,300 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपए प्रति टन कर दिया है। डीजल के निर्यात पर शुल्क शून्य कर दिया है। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो गई हैं। अधिसूचना के मुताबिक, घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 3,300 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपए प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया है। पेट्रोल और विमान ईंधन पर लगने वाले कर को शून्य पर बरकरार रखा गया है।